सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 30.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-14 पेज-12
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 02 जुलाई 2024
25 जिलहिज्जा 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



## राहुल गांधी के हिंदू वाले बयान पर छिड़ी सियासी रार, भाजपा के हंगामे पर विपक्ष का पलटवार

# कांग्रेस को किसी से डर नहीं: राहुल गांधी

■ हिंदू कहने वाले 24 घंटे हिंसा-नफरत कर रहे हैं ■ राहुल ने संसद में भगवान शिव, गुरुनानक की तस्वीर दिखाई ■ बीजेपी के लिए सिर्फ सत्ता मायने रखती है ■ मेरे बोलते समय माइक बंद हो जाता है

“राहुल गांधी ने भगवान शिव को अपने लिए प्रेरणा बताते हुए कहा कि उनसे विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष की प्रेरणा मिली। उनके बाएं हाथ में त्रिशूल का मतलब अहिंसा है। हमने बिना किसी हिंसा के सच की रक्षा की है। बीजेपी को निशाने पर लेते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उनके लिए सिर्फ सत्ता मायने रखती है। मुझ पर फर्जी मुकदमे किए गए। ईडी ने पूछताछ की, अफसर भी हैरान थे। इंडिया ब्लॉक के नेताओं को जेल में रखा है। ओबीसी-एससी-एसटी की बात करने वालों पर मुकदमे किए जा रहे हैं। भगवान शिव की तरह कांग्रेस पार्टी भी अभय मुद्रा में है।

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार एक जुलाई को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर पहला भाषण दिया। उन्होंने भगवान शिव और गुरुनानक की फोटो दिखाते हुए स्पीच की शुरुआत की। राहुल ने 90 मिनट भाषण दिया।

राहुल के स्पीच शुरू करने से पहले स्पीकर ओम बिरला ने उन्हें टोका। बिरला ने कहा कि आपके सदस्यगण 353 का नियम बता रहे थे। आपने कहा कि सदन नियम प्रक्रिया से चलना चाहिए। नियम के अनुसार, किसी भी चिह्न या प्लेकार्ड को सदन में नहीं दिखाना चाहिए। इस पर राहुल ने कहा कि क्या हाउस (सदन) में भगवान शिव की तस्वीर दिखाना मना है? यहां दूसरी चीजों के चित्र दिखाए जा सकते हैं, लेकिन शिव जी का चित्र नहीं दिखाया जा सकता। अगर मैं कह रहा हूं कि हमें इनसे प्रोटेक्शन मिला, अगर मैं समझाना चाह रहा हूं कि कैसे प्रोटेक्शन मिला तो मुझे चित्र नहीं दिखाने दिया जा रहा। इसके बाद मेरे पास और भी चित्र हैं। मैं सब दिखाना चाहता था। स्पीकर सर, ये चित्र पूरे हिंदुस्तान के दिल में हैं। पूरा हिंदुस्तान, इसे जानता है, समझता है। राहुल ने शोर-शराबे के बीच तेज आवाज में कहा कि नरेंद्र मोदी जी पूरा हिंदू समाज नहीं है। बीजेपी पूरा हिंदू समाज नहीं है। आरएसएस पूरा हिंदू समाज नहीं है। ये ठेका नहीं है बीजेपी का। जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं, वे चौबीसों घंटे हिंसा करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खड़े होकर इसका विरोध किया। अमित शाह ने माफी मांगने की मांग की। राहुल गांधी ने लोकसभा में जय संविधान के साथ अपनी स्पीच शुरू की।

अच्छा लग रहा है कि हर दो-तीन मिनट पर बीजेपी के लोग संविधान-संविधान कर रहे हैं। हमने देश के लोगों के साथ मिलकर इसकी रक्षा की है। पूरा विपक्ष आइडिया ऑफ इंडिया को बचा रहा है। मोदी जी ने अपने भाषण में एक दिन कहा कि हिंदुस्तान ने कभी किसी पर हमला नहीं किया। इसका कारण है, हिंदुस्तान अहिंसा का देश है, यह डरता नहीं है। हमारे महापुरुषों ने यह संदेश दिया- डरो मत, डराओ मत। शिवजी कहते हैं- डरो मत, डराओ मत और त्रिशूल को जमीन में गाड़ देते हैं। जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं वो 24 घंटे हिंसा-हिंसा-हिंसा, नफरत-नफरत-नफरत... आप हिंदू हो ही नहीं। हिंदू धर्म में साफ लिखा है, सच का साथ देना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि माइक दीजिए सर। उन्होंने ये सवाल किया कि माइक का कंट्रोल किसके पास है सर। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन में एक व्यवस्था होती है। जब आसन की ओर से किसी व्यक्ति को बोलने के लिए कहा जाता है, तब उसका माइक शुरू किया जाता है। आपका माइक बंद नहीं किया जाता।



### ओम बिरला पर राहुल के बयान से संसद में मचा हंगामा

## मेरे सामने सीधे और पीएम मोदी के सामने झुक जाते

“राहुल गांधी ने आज राष्ट्रपति मुर्मु के संबोधन पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल ने जैसे ही बोलना शुरू किया उन्होंने भाजपा की सीटों में आई कमी का जिक्र किया। राहुल ने कहा कि ये लोग घमंड में आ गए थे, तभी जनता ने इन्हें सबक सिखाया। राहुल ने इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लेकर एक ऐसी टिप्पणी की जिसे सुनते ही बवाल मच गया। राहुल ने कहा कि जब मैं विपक्ष का नेता बना तो मुझे एक बात तो समझ आ गई कि अब मुझे मेरे विचार साइड में रखने होंगे और सारे विपक्ष की सुननी होगी। उन्होंने आगे ओम बिरला की ओर इशारा करते हुए कहा कि ऐसे ही काम करना चाहिए। राहुल ने कहा कि जब आप स्पीकर बने तो मैं और पीएम मोदी आपको कुर्सी तक छोड़ने गए। लेकिन उस



दौरान अलग ही दृश्य दिखा। जब मैंने आपसे हाथ मिलाया तो आप सीधे होकर मिले, लेकिन जैसे ही पीएम मोदी ने हाथ आगे किया आपने सिर झुकाया और फिर हाथ मिलाया। राहुल गांधी का ऐसा कहते ही सदन में हंगामा मच गया। पूरा सत्ता पत्र खड़ा हो गया, यहां तक की अमित शाह भी भड़क गए और इसे स्पीकर का अपमान बताया। राहुल की बात का स्पीकर बिड़ला ने जवाब देते हुए कहा कि वह बड़ों के सामने झुकने की परंपरा को बनाए रखते हैं।

### हिंदू भारत की मूल आत्मा : योगी

“कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज लोकसभा में अपना पहला उग्र भाषण दिया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राहुल गांधी का हिंदुओं पर दिया गया बयान सच्चाई से परे है...उन्हें देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए...मैं इस बयान की निंदा करता हूं और कांग्रेस पार्टी से भी कहता हूं कि वह उनसे माफी मांगने को कहे। राहुल गांधी के दोनों बयान इस बात का सबूत हैं कि उनका सच्चाई से कोई लेना-देना नहीं है। यह हमने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी देखा है। उन्होंने जिस



तरह के गुमराह करने वाले बयान दिए थे, जिस तरह के झूठे बयान दिए थे, लोगों को जिन्होंने संविधान का गला घोंटा, उन्होंने संविधान के बारे में भ्रामक बयान देकर विदेशी धन का उपयोग करके चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की, उन्होंने 1 लाख रुपये के फर्जी बांड भरवाकर भारत की माताओं और बहनों को गुमराह करने की कोशिश की और जो बयान राहुल गांधी ने दिया है आज पुनः दिया गया कृत्य अत्यंत निंदनीय एवं शर्मनाक है।

### राहुल गांधी के हिन्दू वाले स्पीच के बीच खड़े हुए पीएम मोदी, कहा

## हिंदू को हिंसक बोलना गंभीर : मोदी



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को सदन में केंद्र सरकार पर निशाना साधा। इस दौरान राहुल गांधी ने सदन में बीजेपी और हिंदू धर्म को लेकर बयान दिया. उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खड़े हुए और उन्होंने राहुल गांधी के बयान की निंदा की। पीएम मोदी ने विरोध करते हुए कहा कि संपूर्ण हिंदू समाज को हिंसक कहना ठीक नहीं है। जिसके तुरंत बाद अमित शाह खड़े हुए और उन्होंने पीठ से नियमों का हवाला देते हुए कहा कि संविधान में किसी धर्म पर टिप्पणी नहीं की जा सकती है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि जो लोग अपने आप को हिंदू कहते हैं, वो 24 घंटे हिंसा और नफरत करते हैं। आप हिंदू हो ही नहीं. इस दौरान सदन में काफी ज्यादा हंगामा मच गया। बीजेपी समेत एनडीए के सभी सांसद खड़े होकर हल्ला मचाने लगे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी खड़े हुए और कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना गंभीर विषय है. इस पर राहुल ने कहा कि बीजेपी और नरेंद्र मोदी पूरा हिंदू समाज नहीं हैं। आरएसएस पूरा हिंदू समाज नहीं है।

### अमित शाह ने की मांग, माफी मांगे राहुल गांधी



“राहुल गांधी के भाषण के बीच बवाल मचने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह खड़े हुए। उन्होंने कहा कि शोर-शराबा कर के इतने बड़े मुद्दे को दबाया नहीं जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष के नेता ने कहा है कि जो अपने आप को हिंदू कहते हैं वो हिंसा करते हैं। इस देश में करोड़ों लोग अपने आप को गर्व से हिंदू कहते हैं, क्या वो सभी हिंसा करते हैं? केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हिंसा की भावना को किसी धर्म के साथ जोड़ना, इस सदन में और वो भी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा गलत है। इसी के साथ अमित शाह ने राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग भी की।

### राहुल झूठ बोलकर सदन को गुमराह करने का काम कर रहे : राजनाथ



राहुल गांधी के के वार पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पलटवार किया। सदन में राहुल के सवाल का जवाब देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा 'राहुल गांधी झूठ बोलकर सदन को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। मैं सदन को अवगत कराना चाहता हूं कि युद्ध के दौरान अथवा देश की सुरक्षा के दौरान अगर कोई अग्निवीर शहीद होता को केंद्र सरकार द्वारा एक करोड़ रुपये की धनराशि उसके परिवार की सहायता के रूप में दी जाती है।' राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष द्वारा सदन में गलत तथ्य पेश किए जा रहे हैं। शाह ने आगे कहा कि राहुल गांधी को सदन में झूठ बोलने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए।

### आज संसद में राहुल को जवाब देंगे प्रधानमंत्री मोदी : रिजिजू



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का कहना है कि अगर विपक्ष के नेता ने सदन में झूठ बोला है तो उन्हें सदन के नियमों का सामना करना पड़ेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कल संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राहुल गांधी की टिप्पणियों का जवाब देंगे। 'जिस दौरान राहुल गांधी सदन में बोल रहे थे, उस दौरान पीएम मोदी भी वहां मौजूद थे। स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष को बार-बार कहा कि अपना वक्तव्य रखते समय स्पीकर की तरफ पीठ नहीं करनी चाहिए लेकिन, राहुल गांधी बार बार अपने सांसदों की तरफ देख रहे थे और स्पीकर की तरफ पीठ कर रहे थे। सदन में वाद-विवाद का स्तर इतना गिर गया और हमने ऐसा इससे पहले कभी नहीं देखा था।

### राहुल को अपने बयान के लिए तुरंत माफी मांगनी चाहिए: नड्डा



तत्काल माफी मांगें राहुल गांधी- जेपी नड्डा

एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये एक गंभीर मुद्दा है क्योंकि राहुल गांधी ने पूरे हिंदू समाज को हिंसक बाताया है। उधर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर लिखा 'राहुल गांधी को अपने बयान के लिए तुरंत माफी मांगनी चाहिए। हिंदुओं के खिलाफ ऐसी नफरत रुकनी चाहिए।' जेपी नड्डा ने आगे लिखा है कि राहुल गांधी के बयान से स्पष्ट होता है कि उनमें मानवता नहीं बची है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार राहुल गांधी भले ही पांचवीं बार सांसद बने हों लेकिन अब तक उन्हें संसदीय नियमों की जानकारी नहीं है।

अवधनामा के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



इन्द्र नारायण तिवारी (इन्दर)
पूर्व प्रधान / प्रबन्धक
हनुमत विद्या मन्दिर, हसनपुर, दूबेपुर
सुलतानपुर मो0 7007011403

अवधनामा के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं



लालमनी हॉस्पिटल
कैलाश नगर – सुलतानपुर (उ0प्र0)

उपलब्ध सुविधायें
• सर्जरी • आई.सी.यू. • डायलिसिस
• एक्स - रे • फार्मेसी • सामान्य मेडिसन
• ओ.पी.डी. • पैथोलाजी • नेत्र रोग विभाग
• नवजात शिशु • मदर केयर यूनिट
• गाइकोलाजी • अल्ट्रासाउण्ड



डा. आनन्द सिंह
सर्जन
मो.: 9415077406

विशेषताएं
1. O.P.D. सुविधा
2. I.P.D. सुविधा (भर्ती की सुविधा)
3. सभी प्रकार की आपरेशन की सुविधा।
4. I.C.U. गम्भीर रूप से बीमार मरीजों की भर्ती सुविधा 24 घण्टें

24 घंटे इमरजेन्सी सेवा उपलब्ध

### मेधा पाटकर को पांच महीने की कैद

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को मानहानि मामले में पांच महीने की कैद की सजा सुनाई है। साकेत कोर्ट ने दिल्ली के वर्तमान उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा 23 साल पहले दर्ज आपराधिक मानहानि मामले में मेधा पाटकर को मई महीने में ही दोषी करार दिया था। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर पर 10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने अपने सामने मौजूद सबूतों और इस तथ्य पर विचार करने के बाद पाटकर को सजा सुनाई कि मामला दो दशकों से अधिक समय तक चला। हालांकि, अदालत ने सजा को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया, ताकि पाटकर आदेश के खिलाफ अपील दायर कर सकें।

## जज साहब, मेरी गिरफ्तारी सही नहीं है केजरीवाल अब पहुंचे दिल्ली हाईकोर्ट

■ सीबीआई की गिरफ्तारी को बताया गैर-कानूनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में फंसे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आबकारी नीति मामले में अपनी गिरफ्तारी और सीबीआई रिमांड को चुनौती दी है।

बीती 29 जून को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद राउज एवेन्यू की



स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ भेज दिया। दिल्ली शराब नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 26 जून को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने उन्हें तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया था। केजरीवाल की सीबीआई रिमांड खत्म होने के बाद 29 को फिर पेश किया गया। इससे पहले केजरीवाल को 21 मार्च को कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। तभी से केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। आप सांसद संजय सिंह ने सीबीआई द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर पीएम मोदी पर हमला बोला है। उन्होने कहा कि पीएम मोदी के निर्देश पर सीबीआई ने सीएम को गिरफ्तार किया है।

अवधनामा के स्थापना दिवस पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



गया प्रसाद दुबे 'पत्रकार'
प्रबंधक : गंगोत्री ढाबा एंड फैमिली रेस्टोरेंट
बम्हरौली, अयोध्या रोड, सुल्तानपुर

अवधनामा के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



प्रदीप सोनी
प्रोपाइटर : प्रदीप इलेक्ट्रॉनिक्स
जीएसपी प्लाजा, हमीद मार्केट के बगल पंच रास्ता, सुल्तानपुर

### दिशा-निर्देश — बाढ़ प्रबन्धन की तैयारियों को लेकर सीएम ने की बैठक

## अलर्ट मोड में रहें सभी जिले : योगी

**समीक्षा**

■ बाढ़ के समय जन-धन की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता
■ राहत सामग्री के पर्याप्त रिजर्व स्टॉक का एकत्रीकरण कर लिया जाए



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन और जन-जीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत जारी तैयारियों की समीक्षा की और व्यापक जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में व्यापक जन-धन हानि के लिए दशकों तक कारक रही बाढ़ की समस्या के स्थायी निदान के लिए विगत 7 वर्षों में किए गए सुनियोजित प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। बाढ़ की दृष्टि से अति संवेदनशील जिलों की संख्या में अभूतपूर्व कमी आई है। विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार हमने आधुनिकतम तकनीक का प्रयोग कर बाढ़ से खतरे को न्यूनतम करने में सफलता पाई है। बाढ़ से जन-जीवन की सुरक्षा के लिए अंतरविभागीय समन्वय से अच्छा कार्य हुआ है। इस वर्ष भी बेहतर कोऑर्डिनेशन, क्विक एक्शन और बेहतर प्रबन्धन से बाढ़ की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बाढ़ की दृष्टि से 24 जनपद अति संवेदनशील श्रेणी में हैं। इसमें महाराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, बस्ती, बहराइच, बिजनौर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, गोण्डा, बलिया, देवरिया, सीतापुर, बलरामपुर, अयोध्या, मऊ, फर्रुखाबाद, श्रावस्ती, बदायूं, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, संतकबीर नगर, पीलीभीत और बाराबंकी शामिल हैं। जबकि सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, बरेली, हमीरपुर, गौतमबुद्ध नगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलन्दशहर, मुरादाबाद, हरदोई, वाराणसी, उन्नाव, लखनऊ, शाहजहांपुर और कासगंज संवेदनशील प्रकृति के हैं।

### बाढ़ राहत कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहें

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि राज्य स्तर और जिला स्तर पर बाढ़ राहत कंट्रोल रूम 24 घंटे एक्टिव मोड में रहें। उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा बाढ़ से प्रभावित जनपदों में 113 बेतार केंद्र अधिष्ठापित किए गए हैं। पूरे मॉनसून अवधि में यह केंद्र हर समय एक्टिव रहें। बाढ़ और अतिवृष्टि की स्थिति पर रेग्युलर मॉनीटरिंग की जाती रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आगाज, डीएम ने किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को कलेक्ट्रेट से संचारी रोग नियंत्रण अभियान और स्टाप डायरिया कैंपेन का भव्य आगाज हुआ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम संजय कुमार सिंह की मौजूदगी में अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद जन जागरूकता रैली, वेक्टर कंट्रोल वाहनों का फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। डीएम ने कहा कि संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा उक्त का त्वरित एवं सही उपचार राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। जिले में स्वास्थ्य से जुड़े दोनों प्रमुख अभियानो का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हो, भविष्य में उनके अच्छे परिणाम प्राप्त हो, इसके लिए पूरी टीम को शुभकामनाएं देती हूं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार काम कर रही है। उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में ना केवल सरकार की ओर से किए गए प्रयासों का जिक्र किया बल्कि सकारात्मक परिणाम भी गिनाएं।



### संचारी रोगों को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने का लिया संकल्प

कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारी, कर्मचारियों को संकल्प दिलाया कि संचारी रोगों जैसे- मलेरिया, फाइलेरिया, एईएस, जेई, स्क्रब टाइफस, डेंगू, चिकनगुनिया,लेप्टोस्पायरोसिस, कालाजार इत्यादि रोकने के लिए हम हर सम्भव प्रयास करेंगे। सभी ने संकल्प लिया कि अपनी और अपने आस-पास की साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखेंगे, शौंच के लिए शौंचालय का प्रयोग करेंगे, बार-बार साबुन से हाथ धोयेंगे, पूरी आस्तीन कपड़ों का प्रयोग करेंगे। घर के बाहर हमेशा मुंह, नाक को मास्क से ढकेंगे। यदि कोई बच्चा गांव में बुखार पीड़ित मिलेगा, उसके परिवार को तुरन्त सरकारी अस्पताल जाने के लिए प्रेरित करेंगे। हम सब मिलकर संचारी रोगों अन्य संक्रामक रोगों को हरायेंगे।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने माहभर तक चलने वाले शासन के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम ÷संचारी रोग नियंत्रण अभियान÷ और ÷स्टाप डायरिया कैंपेन÷ की प्लानिंग व रूपरेखा को रेखांकित करते हुए इसकी आवश्यकता और प्रासंगिकता बताइ।

इस जागरूकता रैली में आशा, आंगनबाड़ी, प्रशिक्षु एएनएम, स्वच्छता दूत भी बड़ी संख्या में शामिल रहे। यह रैली जागरूकता नारों का उद्घोष करते हुए शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरी। इस मौके पर एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद वर्मा, डॉ धनीराम, डॉ लालजी पासी, डॉ अमितेश दत्त द्विवेदी, जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर, डीपीओ भारत कुमार, ईओ संजय कुमार, डीपीएम अनिल यादव सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे अभिभावक व उनके शिक्षक मौजूद रहे।

# प्रधान से नहीं संभल रही गांव की सरकार

**सड़कों पर भरा पानी फैली गंदगी लोग हो रहे बेहद परेशान**



अवधनामा संवाददाता

**मोहम्मदी-खीरी।** प्रधान से नहीं संभल रही गांव की सरकार सड़कों पर भरा पानी फैली गंदगी लोग हो रहे बेहद परेशान। बता दें कि ग्राम अंबुआपुर मजरा बौधी के मुखिया से गांव की सरकार चलाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। विकासखंड के कई गांव में चारों तरफ फैली गंदगी व कीचड़ जहां के बाशिंदे हो रहे परेशान जहां एक और सरकार स्वच्छता अभियान चला रही है वही दूसरी और ग्रामो में फैली गन्दगी जिससे बीमारियां उत्पन्न होने का खतरा बना हुआ है सरकार के सबसे महत्वकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन को अंबुआपुर मजरा बौधी में पलीता लगाया जा रहा है या यूं कहें कि सरकार के योजनाओ पर फेर रहे पानी गांव में फैला कीचड़, फैली गंदगी लोग हो रहे परेशान।फैले कूड़े से आ रही दुर्गंध (बदबू), जिससे संक्रमण का खतरा बना हुआ है रोड पर जलभराव और फैली गंदगी स्वच्छ भारत योजनाओ की उड़ा रहे धज्जियां। ग्राम अंबुआपुर मजरा बौधी खुर्द में ग्राम मे नाली निर्माण न होने के कारण जलभराव की समस्या बनी रहती है। जिससे गांव में गंदगी फैल रही है ग्रामीणों ने कई बार ग्राम के जिम्मेदारी से शिकायत की लेकिन समस्या का नही हुआ समाधान परेशान ग्रामीणों ने तहसील पहुंच कर उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दे कर नाली निर्माण कार्य करने की लगाई गुहार जिसमे महिलाओं सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।जहां ग्रामीणों के चेहरों पर साफसाफमायूसी देखी जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेमिका से मिलना पहुंचा प्रेमी घरवालों ने बनाया बंधक

**लखीमपुर खीरी।** नीमगांव क्षेत्र के एक गांव में प्रेमिका के घर पहुंचे प्रेमी को युवती के घरवालों ने बंधक बना लिया। मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। इसके बाद दोनों पक्ष शादी करने पर राजी हो गए। गांव में निकाह की तैयारी शुरू हो गई है थाना नीमगांव क्षेत्र के अछनिया निवासी युवक के पिता ने बताया कि उनको एक कॉल आया कि अपने बेटे को ले जाओ, जब गए तो कुछ बात नहीं बनी। प्रेमिका पक्ष के लोगों ने लड़के को अपने घर में ही रोक लिया। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों पक्षों में शादी की बात चलती रही, लेकिन लड़का पक्ष राजी नहीं हुआ और प्रेमिका के घरवाले प्रेमी को बंधक बनाए रहे। प्रेमिका के भाई ने बताया कि लड़का उनके घर आया और राजी खुशी से वही रुका था।

### विभिन्न थानों में नये कानून के बारे में बताया गया

**लखीमपुर-खीरी।** 01 जुलाई, 2024 को तीन नए आपराधिक कानून,2023 लागू होने के अवसर पर विभिन्न थानों द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर नवीन कानूनों के बारे में जानकारी दी गयी 01 जुलाई, 2024 को तीन नए आपराधिक कानून, 2023 लागू होने के अवसर पर विभिन्न थानों द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर नवीन कानूनों के बारे में जानकारी दी गयी। नए कानून व्यवस्था की जागरूकता अभियान के तहत जन प्रतिनिधि, पत्रकार बंधु, सम्मानित पदाधिकारीगण, क्षेत्र के सम्मानित जनता के लोगों व पुलिस स्टॉफ सम्मिलित हुआ। उपस्थित आए नए कानून व्यवस्था के संदर्भ में विधिवत जानकारी दी गई। क्षेत्र के सम्मानित जनता के लोगों द्वारा नए कानून की सराहना की गई।

### भाकियू टिकैत ने किसानों की समस्याओं को लेकर किया विचार-विमर्श



**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं का समाधान न होने पर रोष व्यक्त किया। इस दौरान किसानों ने जिलाधिकारी व एसएसपी का स्वागत कर उनसे किसानो की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। इससे पूर्व कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित मासिक पंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय सचिव चौ. विनय कुमार ने कहा कि जनपद में किसानो का गन्ना भुगतान नही होने के कारण उनके सामने खाद व कीट नाशको की समस्या समेत बच्चों की फीस आदि जमा कराने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष नरेश कुमार स्वामी व राष्ट्रीय सचिव चौ. विनय कुमार के नेतृत्व में किसानों ने जिलाधिकारी व एसएसपी का स्वागत किया। इस दौरान पुनीत चौधरी, अरविन्द, मुकेश कुमार तोमर, मनोज कुमार, पहल सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

### पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित अभियुक्त को भेजा जेल



**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। विदित हो कि 10 जून को आशीष आर्य पुत्र बिजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम हरपाल थाना नकुड ने एक आरोपी पर ज्ञानदीप वैदिक गुरुकुल स्कूल सौराना के रसोई से दो गेहू के कट्टे चोरी करने के सम्बन्ध में थाना सरसावा पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। इसके अलावा 31 मई को बिजेन्द्र सिंह पुत्र बाज सिंह ग्राम रायपुर थाना सरसावा सहारनपुर केन्द्र प्रभारी वी पैक्स इब्राहीमपुरा ने थाने पर लिखित तहरीर देकर अभियुक्त काला पुत्र तासीन निवासी ग्राम सलेमपुर थाना सरसावा जनपद सहारनपुर व अन्य साथी द्वारा समिति गोदाम में घुसकर गेहूं चोरी करने के सम्बन्ध मे थाना सरसावा पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में आज मुकदमों में वांछित अभियुक्त मनीष पुत्र रगवीर निवासी मौ.कानूनगोयान कस्बा व थाना सरसावा को मकदूम शाह के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 820 रूपये नगद बरामद किए है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

### गौकशी में वांछित दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**सहारनपुर।** थाना मिर्जापुर पुलिस ने गौकशी में वांछित चल रहे 02 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। विदित हो कि 20 अप्रैल को वादी उपनिरीक्षक भुपेश शर्मा ने नौशेरा जंगल से बरामद गौवंशीय पशु की खाल बरामदगी के आधार पर थाना मिर्जापुर पर धारा 3/5/8 गौवध अधिनियम पंजीकृत कराया था। थाना मिर्जापुर प्रभारी बीनू सिंह के नेतृत्व में आज पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मुकदमें में वांछित अभियुक्त मानी उर्फइमरान पुत्र सुलेमान व कौसर पुत्र सुलेमान निवासीगण ग्राम मिर्जापुर पोल थाना मिर्जापुर को नौशेरा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# अफसरों ने जूस पिलाकर शिकायतकर्ती का खत्म कराया अनशन

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** शिकायतकर्ती मीरादेवी पत्नी स्व0 अमरीका नि0 रामनगर कलां पर0 भूड थाना भीरा तहसील गोला के प्रार्थना-पत्र जो डीएम को प्रेषित किया गया, जिसमें ग्राम रामनगर कलां परगना भूड तहसील गोला स्थित गाटा संख्या 993/1937 रकबा 1.214 हे0 पर खडी फसल पलटवाये जाने का उल्लेख किया गया था। एसडीएम गोला के आदेश पर उक्त प्रार्थना-पत्र की स्थलीय जाँच तहसीलदार-गोला एवं पुलिस की संयुक्त टीम से करायी गयी। मौके पर शिकायतकर्ती भूख हड़ताल पर थी शिकायतकर्ती व उसके पुत्र श्री अवधेश कुमार को सुनकर ग्राम प्रधान की उपस्थिति में गाटा संख्या 993/1937 रकबा 1.214 हे0 पर शिकायतकर्ती एवं उनके पुत्र के पूर्व के कब्जे को पुष्ट किया गया तथा स्पॉट मेमो भी तैयार किया गया। प्रकरण की निष्पक्ष जॉच का आश्वासन दिया गया। उप जिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि तहसीलदार गोला व नायब तहसीलदार सर्वेश यादव, चौकी प्रभारी बिजुआ तथा ग्राम प्रधान एवं अवधेश कुमार की उपस्थिति में शिकायतकर्ती मीरा देवी पत्नी स्व0 अमरीका को अपने हाथों से जूस पिलाकर शिकायतकर्ती के अनशन को समाप्त कराया गया। पीडिता व उसका परिवार कार्यवाही से संतुष्ट था। जॉच में ग्रामवासियों द्वारा उक्त फसल पलटवाने के प्रकरण में विपक्षी श्री रामनिवास के साथ-साथ तहसील निघासन के अन्तर्गत आने वाले मुर्गहा के निवासी शामिल थे, जिनके विरूद्ध थाना भीरा में मुकदमा अपराध संख्या 286 / 2024 धारा 427, 504, 506 भा0द0वि0 का अंकित कराया गया। लोगों द्वारा बताया गया कि क्षेत्रीय लेखपाल व नायब तहसीलदार क्षेत्र में किसी अन्य प्रकरण की जॉच में आये थे क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा विवादित भूमि के सम्बंध में मौके पर लोगो को बताया गया था इसलिये दोषी लेखपाल के विरूद्ध कार्यवाही कर दी गयी है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

# नगर पालिकाध्यक्ष ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का किया शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान तथा दस्त रोको अभियान का शुभारंभ सोमवार को ब्लाक रही स्थित कंपोजिट विद्यालय भुएमऊ में हुआ। शुभारम्भ नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेन्द्र सिंह ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया तथा जलभराव मे एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया।

नगर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि हम सभी के मिले जुले प्रयासों से ही संचारी रोगों पर काबू पाया जा सकता है। सभी लोग अपनी अपनी जिम्मेदारी समझें और इस अभियान में सहयोग करें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह इस साल का दूसरा अभियान है। हर साल की भांति एक से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। इस बार नई पहल करते हुए दस्त रोको अभियान शुरू किया गया है जो कि एक जुलाई से 31 अगस्त तक चलेगा। दस्तक



अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता बुखार, इन्फ्ल्युन्जा लाइक इलनेस, टीबी के लक्षण वाले रोगियों, कुपोषित बच्चों, खांसी जुकाम, कुष्ठ, काला जार और फाइलेरिया के लक्षण वाले रोगियों की सूची बनाएंगी। इसके साथ ही जिन घरों में मच्छर का लार्वा पाया जायेगा उसका चिन्हीकरण कर उसकी सूचना ब्लाक और जिला मुख्यालय पर भेजेंगी जिसके अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। संचारी अभियान में शिक्षा विभाग, नगर विकास विभाग, कृषि विभाग, ग्राम्य विभाग, आईसीडीएस, पशु-पालन विभाग एवं अन्य विभाग अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता लोगों को यह भी बताएं कि बुखार होने पर स्वयं कोई इलाज न करें। पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जाँच और इलाज कराएं। डायरिया रोको अभियान के तहत लोगों को दस्त से बचाव, उपचार प्रबन्धन के बारे में जागरूक किया जायेगा क्योंकि बाल मृत्यु का एक प्रमुख कारण डायरिया है। इस दौरान जिस घर में पाँच साल से कम आयु के बच्चे हैं उस घर में प्रति बच्चा ओआरएस के दो पैकेट और जिंक की गोलियां दी जाएँगी और उन्हें इनके सेवन तथा ओआरएस बनाने की विधि के बारे में भी बताया जायेगा। दस्त के दौरान ओआरएस घोल एवं जिंक की गोली का सेवन करना चाहिए7 यदि इसके उपयोग के बाद भी दस्त ठीक न हों तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं। इसके साथ ही लोगों को यह भी बताएं कि बुखार होने पर स्वयं कोई इलाज न करें। पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जाँच और इलाज कराएं। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी.एस.अस्थाना, जिला उद्यान अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजलाल वर्मा, सीडीपीओ सुरेंद्र कुमार यादव,विश्व स्वास्थ्य संगठन से डा. सी लाल, यूनिसेफ़ से वन्दना त्रिपाठी, अखिलेश बहादुर सिंह, अनिल मैसी, अंजनी दिवेदी,आतिफ, सुमित आदि उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक बचत भवन सभागार में की।

बैठक में जनपद के खाद्य एवं औषधि व्यापारियों ने अपने सुझाव दिए। वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को निर्देश दिया कि फ़ूड सेफ्टी वैन जिला मुख्यालय के अतिरिक्त सभी तहसीलो में भी जाकर खाद्य वस्तुओं का परीक्षण करें। उन्होंने कहा कि कार्य में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व हेतु स्टेकहोल्डर एवं जन सामान्य की सहभागिता सुनिश्चित की जाने हेतु कार्यशाला, गोष्ठी एवं अन्य प्रचार माध्यमों के द्वारा खाद्य संबंधी विचारों एवं नियमों के विषय में लोगों को जागरूक किया जाए। विभागों को निर्देश देता हूं उन्होंने कहा कि संस्थान एवं संगठनों का सहयोग प्राप्त करते हुए मिलावटी एवं अधोमानकता के विपरीत खाद्य और औषधि वस्तुए का विक्रय करने वालों की जानकारी देने वालों को प्रोत्साहित किया जाए। नकली एवं मिथ्याछाप औषधि में प्रभावी रोकथाम के लिए क्षेत्र में सराहनी योगदान करने वाले व्यक्तियों/ संस्थाओं को प्रोत्साहित किया जाए। विशेष अभियानों एवं कार्यक्रमो जैसे ईट राइट इंडिया, भोग, आरयूसीओ हाइजीन रेटिंग,आईईसी आदि की समीक्षा और कार्रवाई को प्रभावी की जाने हेतु सुधार किया जाए। विक्रेताओं को लाइसेंस/ पंजीकरण कराने हेतु प्रोत्साहित किया जाए। उन्हें समय से उसका नवीनीकरण करने के लिए भी कहा जाए। मिड-डे-मिल योजना के तहत बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। लोगों को नशीले पदार्थो को छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। स्ट्रीट फूड वेंडरो को अपने सामानों को साफ सुथरा एवं उचित स्थान पर विक्रय करने के लिए कहा जाए। दूध एवं दूध से बने पदार्थो की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाए। बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-II, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 वीरेंद्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नवीन सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रा0) प्रफुल्ल त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट बाबूराम के अतिरिक्त विभागीय अधिकारी, व्यापारी और वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

## सिख समाज के प्रति फेसबुक पर टिप्पणी करने वाले के खिलाफ मुकदमा

**सहारनपुर।** फेसबुक पर सिख समाज के विरुद्ध आपत्ति जनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ आज नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया।

उल्लेखनीय है कि फेसबुक पर हिंदू योद्धा परिवार के नेता ने सिख समाज के प्रति आपत्ती जनक टिप्पणी की थी, जिसको लेकर सिख समाज ने आक्रोश व्यक्त करते हुए टिप्पणी करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर एसएसपी को एक ज्ञापन भी सौंपा था। उच्च अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरे प्रकरण में थाना नगर कोतवाली में शिकायतकर्ता पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया और सिख समाज के विरुद्ध की गई टिप्पणी पर तत्काल कार्यवाही की गई है। पुलिस कार्रवाई पर पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा कि सिख समाज के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और समाज की मान मर्यादा को बरकरार रखा जाएगा।

# तीन वाहन चोर दबोचे चोरी की बाईक बरामद

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** कोतवाली रामपुर मनिहारान पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक चोरी की बाईक बरामद की है। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया है।

रामपुर मनिहारान प्रभारी नरेन्द्र कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 1 जुलाई को कपिल कुमार पुत्र चन्द्रपाल निवासी ग्राम मुण्डीखेडी थाना रामपुर मनिहारान ने एक लिखित तहरीर देकर आरोपी जोनी उर्फ जोनपाल पुत्र नामालूम, राहुल पुत्र श्यामबीर निवासीगण ग्राम उमरी कलां थाना रामपुर मनिहारान व रोहित उर्फ मुखिया पुत्र नामालूम निवासी ग्राम बागाखेडी थाना रामपुर मनिहारान के खिलाफ उसकी बाईक चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना रामपुर मनिहारान पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। श्री शर्मा ने बताया कि उनके नेतृत्व में उपनिरीक्षक जसबीर सिंह, राजेन्द्र सिंह ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त जोनी, राहुल व रोहित उर्फमुखिया को चोरी की गयी बाईक के साथ शिवदासपुर पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि बरामद बाईक हम तीनो ने मिलकर छतरी चौराहा पर हो रहे भंडारे से चुराई थी। बरामद बाईक को वह बेचने की फिराक मे जिला शामली की तरफजा रहे थे कि पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# व्यापारियों ने कांवड़ यात्रा को लेकर एसएसपी से की भेंट



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सजवान से मिला और जनपद की कानून व्यवस्था व कांवड़ यात्रा को लेकर चर्चा कर जनपद पुलिस की कमान संभालने पर उनका स्वागत भी किया। आज पुलिस लाइन स्थित एसएसपी कार्यालय पहुंचे व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा, प्रदेश महासचिव अनुज गुप्ता, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष पवन गोयल के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सहजवान से भेंट की। सभी पदाधिकारियों ने फूलों का गुलदस्ता भेंटकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया तथा कावड़ यात्रा के संबंध में उनसे बातचीत की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सजवान ने सभी व्यापारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान किसी को कोई भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर रवि कुमार, आशीष वर्मा, अमित गुप्ता, भानु भारती, विजय कुमार, आदित्य, विवेक राजपूत, अमित, प्रकाश शर्मा, नरेश, रवि कश्यप आदि मौजूद रहे।

# 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में 13 जुलाई 2024 को दीवानी न्यायालय, रायबरेली में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य के द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में व्यापक स्तर पर बैंक से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन मामले, बीमा से सम्बन्धित मामले, राजस्व से सम्बन्धित मामले, विद्युत से सम्बन्धित मामले, जल से सम्बन्धित मामले, सर्विस में वेतन एवं भत्ते से सम्बन्धित, श्रम से सम्बन्धित, मोटर दुर्घटना से सम्बन्धित, पारिवारिक मामले एवं अन्य छोटे-मामलों का निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत में निस्तारण हेतु किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं है । लोक अदालत में निस्तारण होने पर निर्णय के विरुद्ध कोई अपील नहीं होती है तथा मामला अन्तिम रुप से निस्तारित हो जाता है। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि दिनांक 13 जुलाई 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करावे। राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में अधिक जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के छजलापुर स्थित कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

# व्यापारियों ने की महानगर में हवाई अड्डा बनाये जाने की मांग

**जिलाधिकारी से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधि मण्डल**

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी मनीष बंसल से मिला और व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण कराये जाने की मांग की। पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल एक प्रतिनिधिमंडल महानगर अध्यक्ष मुकुंद मनोहर गोयल के नेतृत्व जिलाधिकारी से मिला और बताया कि महानगर में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हवाई अड्डा बनाने की घोषणा की गई थी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वासन दिया था की लोकसभा चुनाव से पहले दिसंबर 2023 तक हवाई अड्डे का परिचालन शुरू हो जाएगा। परंतु आज उसके 6 माह बाद भी हवाई अड्डे का परिचालन शुरू नहीं हुआ है एवं ना ही परिचालन की कोई तिथि अभी तक



घोषित की गई है। उत्तर प्रदेश शासन की प्राथमिकता की सूची में शामिल सहारनपुर के हवाई अड्डे का परिचालन शीघ्र से शीघ्र शुरू कराया जाये। महानगर में बस अड्डे की एक भीषण समस्या है, जिसके कारण पूरे शहर में हर समय जाम लगा रहता है एवं बस अड्डे को सहारनपुर से बाहर दिल्ली रोड पर आवास विकास क्षेत्र में ले जाने की स्वीकृति दी हुई है, परंतु परिवहन विभाग एवं आवास विकास परिषद में आपसी सहमति न होने के कारण अभी तक बस अड्डा नगर से बाहर आवास विकास क्षेत्र में नहीं जा पाया है एवं रोजाना पूरे शहर में जाम लगा रहता है। दोनों विभागों परिवहन विभाग एवं आवास विकास परिषद में समनवय स्थापित कराकर बस अड्डे की समस्या का समाधान कराया जाए। आज से मानसून की बारिश से शुरू हो गई है एवं सहारनपुर में स्मार्ट सिटी के अंतर्गत चल रहे कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहे है। चाहे वह सड़क निर्माण हो या नाला निर्माण हो या फिर नालो की सफाई का कार्य हो। मानसून पूरी तरह से शुरू हो जाने के बाद पूरे शहर में जल भराव की समस्या उत्पन्न होने वाली है। उन्होंने कहा कि समय रहते नगर निगम को निर्देशित किया जाये कि मानसून शुरू होने से पहले जल्द से जल्द नगर के सभी नालों की सफाई एवं जो कार्य सड़क निर्माण इत्यादि के चल रहे हैं उन्हें समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये जाये। प्रतिनिधि मंडल में महानगर महामंत्री इंजीनियर अजय शर्मा, प्रदेश सघठन मंत्री सुमित मलिक, प्रदेश मंत्री गगन जैन, उपाध्यक्ष संजय मोहन गुप्ता, प्रशांत गोयल, अंकित जैन, प्रवीण गाबा, गौरव अग्रवाल, पवन गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, गौरव गुप्ता, दीपक रहेज़ा, अतुल गुप्ता आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

अवधनामा



# सपा मुखिया का जन्मदिन पार्टी कार्यालय में धूमधाम से मनाया

**अवधनामा संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन सपाइयों ने जनपद में कई जगह हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सुबह एकत्रित होकर के अखिलेश यादव के चित्र के सम्मुख के केक काटा, उसके बाद सभी नेताओं ने अखिलेश यादव को शुभकामनाएं प्रेषित कर अपने-अपने विचार रखे।

विचार रखने वालों में सर्वप्रथम समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा हमारे लिए यह गौरव की बात है कि हमारे मुखिया अखिलेश यादव जो कि समाज के हर वर्ग को बराबर का सम्मान देते हैं। उन्होंने कहा कि वह दिल से चाहते हैं कि हर कार्यकर्ता की एक-एक दिन की उम्र समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लग जाए जिससे वह इस देश को तरक्की की ओर लेकर जा सकें। उन्होंने साथ ही कहा इस पूरे सप्ताह सभी समाजवादी कार्यकर्ता अपने अपने घर के आस पास एक एक पौधा अवश्य लगाएं। लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे डॉक्टर नवल किशोर शाक्य की पत्नी प्रियंका शाक्य ने समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आकर पौधे भेंट किए साथ ही उन्होंने बीते हुए लोकसभा चुनाव में समस्त समाजवादी पार्टी के लोगों को धन्यवाद अर्पित किया और कहा की आने वाले चुनाव में और मजबूती के साथ अखिलेश यादव के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जनपद को मजबूत करेंगे। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा की अखिलेश यादव बहुत ही विनम्र स्वभाव के नेता हैं उनकी जितनी भी तारीफ की जाए कम है वह उनके जन्मदिन पर उनको बधाई और शुभकामनाएं देतीं हैं। जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव ने कहा कि वह नहीं मानते की फर्रुखाबाद जनपद में समाजवादी पार्टी का सांसद नहीं है उन्हें सिर्फ शासन और प्रशासन के दम पर सर्टिफिकेट नहीं दिया गया है, उनके अनुसार जनपद में समाजवादी पार्टी के ही सांसद है द्य डॉक्टर नवल किशोर शाक्य को सांसद के रूप में ही संबोधित करेंगे।उन्होंने अखिलेश यादव के जन्मदिन पर बधाइयां दी। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी सौरभ कटियार ने कहा कि उनकी एक-एक बूंद समाजवादी पार्टी की सेवा में लगाने के लिए तैयार है। जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने कहा कि जिस प्रकार से पूरे प्रदेश की जनता ने समाजवादी पार्टी को आशीर्वाद दिया है द्य यह आने वाले चुनाव की ओर इशारा है कि जनता समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव को भारी उम्मीद के साथ देख रही है और वह अपने जनपद के वरिष्ठ नेताओं से अपील करते हैं कि वह अपने-अपने समाज के लोगों को समाजवादी पार्टी से जोड़कर रखें, जिससे 2027 में हम अखिलेश यादव को दोबारा मुख्यमंत्री बना सकें।

## फत्तेपुर उत्तमा की सड़क बनी तालाब ग्रामीणों का निकलना हुआ दुश्वार

**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल।** जनपद सम्भल में पिछले लगभग एक हफ्ते से हो रही बरसात से जनपद वासियों का जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। यह मुख्य मार्ग हयातनगर को जोड़ता है। यही रास्ता कहीं गांव में से निकल जाता है। जनपद के शहर से लेकर गांव तक लोग जल भराव की समस्या से जूझ रहे हैं। बरसात शुरू होने से पहले शासन एवं प्रशासन के स्तर से कोई भी तैयारी नहीं की गई। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। जबकि सरकार के साफ सफाई को लेकर बहुत सख्त होने के बावजूद भी सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी कुंभकर्णी नींद सोते रहते हैं। ये मामला विकासखंड पवांसा क्षेत्र की ग्राम पंचायत आढौल ओर फत्तेहपुर उत्तमा का है। जिसकी ग्राम में बरसात के चलते कई दर्जन घरों में पानी घुस गया। जिसके चलते ग्रामीणों के घरों में चूल्हे भी नहीं चल सके। घर में रसोई से लेकर पूरे मकान में एक-एक दो दो फिट पानी भर गया। बीते कई वर्षों से गांव में तालाब के पास मकान में दो फीट से ज्यादा में पानी भर जाता है। जिससे उनका पूरा मोहल्ला जलमग्न हो जाता है। इसको लेकर पिछले 1 वर्ष से ग्राम प्रधान एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है। परंतु कोई समाधान नहीं हो रहा। यहां तक की पशुओं के बैठने खड़े होने तक को जगह नहीं है और उनके भूसे कोठारी में भी पानी भर गया। नसीरपुर और आढौल मार्ग पर नाले की सफाई न होने के कारण सड़क पर पानी भरा हुआ है जिससे कभी भी सड़क दुर्घटना हो सकती है। सड़क खराब होने का खतरा है।



## चंदौसी में मना राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस




**चंदौसी (सम्भल) अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को भारत विकास परिषद शाखा चंदौसी के तत्वाधान में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में चिकित्सक दिवस स्टेशन रोड स्थित मोहन पैथोलॉजी पर मनाया गया। जिसमें शहर के विभिन्न चिकित्सकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम संचालिका सचिव डॉक्टर दुर्गा टंडन ने कहा डॉक्टर धरती पर भगवान का दूसरा रूप होते हैं जो हमारे जीवन की रक्षा करते हैं कार्यक्रम का उद्देश्य दिन रात सेवा कार्य में रहने वाले चिकित्सकों का सम्मान करना है। पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. विधान चंद्र राय के जन्म दिवस को राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। जिनका जन्म 1 जुलाई (1882) को हुआ। उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में विभिन्न आयाम स्थापित किये,1961 में भारत सरकार ने उनको भारत रत्न से सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अनिल शर्मा जी ने की।

## नए कानून को लेकर की चर्चा

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** भारतीय न्याय सहिता देश भर में लागू होने पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने जनप्रतिनिधियों अधिवक्ताओं और व्यापारियो के साथ नए कानून को लेकर चर्चा की गई। एसपी ने कहा कि 51 साल पुराने सी आर पीसी की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लगेगी। भारतीय दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय अधिनियम लगेगा। भारतीय, इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रावधान लागू होने पर महिलाओं से जुड़े अपराधों में अब पहले से ज्यादा सजा मिलेगी इलेक्ट्रॉनिक सूचना से भी मुकदमा दर्ज होगा। नए अपराधी कानून में 531धाराएं हैं कोई भी नागरिक किसी भी थाने में जीरो पर मुकदमा दर्ज करा सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया आज से नए कानून व्यवस्था के तहत ही मुकदमा दर्ज होंगे। उन्होंने कहा कि काननू का सही तरीके से पालन कराना उनकी प्राथमिकता है।



# सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है: मुकेश जैन

**अवधनामा संवाददाता**




**उरई (जालौन)।** सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। वंचित की मदद करना ईश्वरीय कार्य है उपरोक्त कथन भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री मुकेश जैन ने भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन द्वारा संचालित उपयोगी वस्त्रों के संग्रह एवं वितरण केन्द्र अन्त्योदय के शुभारंभ के अवसर पर व्यक्त किए।

उन्होंने परिषद के देश व्यापी सेवा कार्यो पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंच ध्येय सम्पर्क, सहयोग, सेवा, संस्कार, समर्पण द्वारा राष्ट्र निर्माण में योगदान की अपील की। श्री जैन ने भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि अल्प समय में ही यह शाखा सामाजिक कार्यों में अग्रणी है।इसका श्रेय शाखा के समर्पित कार्यकर्ताओं को जाता है। सचिव प्रेम कुमार गुप्ता व कार्यक्रम संयोजक पंकज गर्ग ने बताया कि यह केन्द्र नये व पुराने वस्त्रों का संग्रह कर जरूरतमन्दों को वितरित करेगा। महिला सहभागिता की राष्ट्रीय सदस्य श्रीमती अमिता जैन ने प्रत्येक शाखा से आह्वान किया कि वे दस महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य करें। क्षेत्रीय अध्यक्ष मुकेश जैन, श्रीमती अमिता जैन, क्षेत्रीय सचिव अजय महतेले, क्षेत्रीय संयुक्त सचिव अजय इटौरया, प्रान्तीय महासचिव विनोद सरावगी, फुन्दी सिंह लौना राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रजक, प्रान्तीय वित्त सचिव राजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष लखन लाल चन्दैया, शाखा अध्यक्ष मृत्युंजय श्रीवास्तव, संरक्षक सतीश सिंह सेंगर, अनिल माहेश्वरी, महेश बिलैया, भाजपा मंडल अध्यक्ष अभय राजावत, मंडल महामंत्री कुंवर सिंह यादव, शाखा सचिव प्रेम कुमार गुप्ता कल्लू बजाज, कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष पंकज गर्ग, अभिषेक श्रीवास्तव एडवोकेट, जे पी मिश्रा, गौरव गुप्ता, पीयूष गुप्ता, अजय श्रीवास्तव, अश्विनी द्विवेदी, सौरभ अग्रवाल, बलराम सोनी, पवन कुमार अग्रवाल, मंगल सिंह चौहान आदि ने बजाज परिसर व राजकीय महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर स्वच्छ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मृत्युंजय श्रीवास्तव ने व संचालन पवन अग्रवाल ने किया।

## अदम्य साहस वीरता की अद्भुत मिसाल थे वीर अब्दुल हमीद : वसीम राईन

**अवधनामा संवाददाता**

**बाराबंकी।** अदम्य साहस वीरता और देशभक्ति से ओतप्रोत वीर अब्दुल हमीद हमेशा आमजन के दिलो में बसे रहेंगे। उनकी कुर्बानी देश के लिए बेहद अनमोल है। युवा पीढ़ी उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्रवाद की राह पर चले और जरूरत पड़ने पर खुद को राष्ट्र के नाम पर न्यौछावर कर दे। बस यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने आवास पर वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे कही। उन्होंने बताया कि वीर अब्दुल हमीद का जन्म उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के धामूपुर गाँव में एक जुलाई 1933 में एक साधारण, मसऊदी (डफाली) परिवार में हुआ था। वह पसमांदा समाज मे दर्जी बिरादरी से आते थे। उनकी माता का नाम सकीना बेगम और पिता का नाम मोहम्मद उस्मान था। कहा कि अब्दुल हमीद मसऊदी 27 दिसम्बर 1954 को भारतीय सेना के ग्रेनेडियर रेजीमेंट में भर्ती हुए। बाद में उनकी तैनाती रेजीमेंट के 4 ग्रेनेडियर बटालियन में हुई।जहां उन्होंने अपने सैन्य सेवा काल तक अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने अपनी इस बटालियन के साथ आगरा, अमृतसर, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, नेफा और रामगढ़ में भारतीय सेना को अपनी सेवाएं दीं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने उनके साहस की चर्चा करते हुए कहा कि भारत-चीन युद्ध के दौरान अब्दुल हमीद मसऊदी की बटालियन सातवीं इंफैन्ट्री ब्रिगेड का हिस्सा थे, जिसने ब्रिगेडियर जॉन दलवी के नेतृत्व में नमका-छू के युद्ध में पीपल्स लिबरेशन आर्मी से लोहा लिया। इस युद्ध में सेकेंड लेफ्टिनेंट जीवीपी राव को मरणोपरांत अद्भुत शौर्य और वीरता के प्रदर्शन के लिए महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। अब्दुल हमीद मसऊदी के सम्मान से पहले इस बटालियन को भारत की स्वतंत्रता के पश्चात मिलने यह सबसे बड़ा वीरता पुरस्कार था।

## कुशीनगर में पहला केस दर्ज करने में पटहेरवा थाना निकला आगे

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिले की पुलिस ने नई धारा और कानून का ककहरा पढ़ने के साथ खुद को अपडेट कर लिया है। इसको लेकर सोमवार को सभी थानों में पुलिसकर्मी अपने-अपने तरीके से काम करते दिखे। सभी थानों की दीवारों पर नया कानून चस्पा कर दिया गया है।

सोमवार को सुबह कोतवाली पडरौना थाने में प्रभारी सुशील कुमार शुक्ला के साथ के साथ सभी पुलिसकर्मी बैठे थे। थाने के हेड कांस्टेबल एक से 151 की जगह देर शाम को 170 में चालान किया। कांस्टेबल ने लिखापढ़ी मे किया। इस तरह से सोमवार को नई धारा नए कानून लागू होने पर जनपद के पटहेरवा थाने ने बीएनएस के तहत पहला केस दर्ज किया। जनपद के 22 थानो में यह सोमवार से लागू हुई नए कानून के तहत पटहेरवा थाने के लिए यह पहला केस हैं।

## स्कूल चलो अभियान के तहत डीएम-एसपी स्कूल पहुंचे



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में नये शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर स्कूल चलो अभियान के तहत कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं कन्या प्राथमिक विद्यालय, याकूतगंज में जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह एवं पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया व उन्हें उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दीं गई साथ ही ज्यादा से ज्यादा नए बच्चों को प्रवेश के लिए प्रेरित किया गया , विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती सलमा बेगम द्वारा बच्चों के लिए विद्यालय में वाटर कूलर लगवाया गया। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी बढ़पुर मौजूद रहे।

## शराब लदी पिकप की ठोकर से एक महिला की मौत

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** तरया सुजान थाना क्षेत्र के भुलिया अगरवां में तमकुही राज के तरफ से आ रही शराब लदी पीकप ने गोसाईं पट्टी से भुलिया बाजार दवा कराने जा रही दो महिलाओं को ठोकर मार मौके पर ही पलट गई। जिससे एक का पैर टुट गया तथा बुरी तरह से चोटील हो गई। वहीं दूसरी महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची तरया सुजान पुलिस ने जेसीबी मशीन मंगा कर शव को बाहर निकलवा शव को कब्जे में ले कार्रवाई में जुटी हुई हैं। जानकारी के अनुसार गांव भुलिया अगरवां तिराहे के समीप तमकुही राज के तरफ से अहिरौली दान के लिए जा रही शराब लदी पीकप ने गोसाईं पट्टी निवासी रामदरश ठाकुर के यहां इलाज कराने के लिए रह रही उनकी भतीजी सबीता देवी उम्र लगभग 25 ईलाज कराने हेतु अपने फुआ इंदू देवी 45 के साथ भुलिया बाजार जा रही थी। इसी दौरान पीअप ने ठोकर मारते हुए मौके पर ही पलट गई, जिससे इंदू देवी का पैर टुट गया तथा बुरी तरह से घायल हो गई वहीं सबीता देवी पीकप में दब गई जिससे मौके पर ही मौत हो गई।



## सपा कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का धूमधाम से मनाया जन्मदिन

**सम्भल अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी का 51वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।



शनिवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज़ खाँ के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया एवं केई स्कूलों और अंबेडकर पार्क पक्का पर समाजवादी पीडीए पेड़ लगाकर पर्यावरण के संरक्षण के साथ साथ सामाजिक न्याय के प्रतीक के रूप में सामाजिक समानता समता की प्राण वायु हर दिन हमको देंगे पीडीए पौधे लगाकर पर्यावरण को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया एवं हॉस्पिटलों में मरीज़ो को फल वितरण किये गए इस मौके पर बोलते हुए फिरोज़ खाँ ने कहा की आने वाला समय पीडीए का है राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन ने उत्तर प्रदेश में 43 सीटे लोकसभा की जीतकर इतिहास रच दिया है आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और समाजवादी पार्टी का पौधा लगाने का कार्यक्रम 1 जुलाई से लगातार 7 जुलाई तक चलेगा एवं आज जन्मदिन के मौके पर कार्यकर्ताओ ने संकल्प लिया गया की सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी को मज़बूत करने का काम करेंगे। कार्यक्रम में शामिल रहे नवाब सद आदिल फैज़ान शाही डॉ अकील आरिफ खाँ जबर सिंह यादव गुलाम मुस्तुफा शाहीन मोनिस अमरपाल यादव गौरव यादव राशीद रियाजुद्दीन सलीम मुन्ना सुहैल अली दानिश रिहान खाँ कल्लू आदि लोग मौजूद रहे।

## एक पेड़ मां के नाम थीम पर वन महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**अमेठी।** एक पेड़ मां के नाम पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान 2024 के अंतर्गत वन महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी निशा अनंत ने पौधरोपण कर किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा तथा मीडिया बंधुओं ने भी पौधरोपण कर जन सामान्य से इस वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधरोपण करने एवं उनका संरक्षण करने की अपील किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त जनपद वासियों से इस वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधों को लगाने एवं उनकी देखभाल करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव 1 से 7 जुलाई 2024 तक चलाया जाएगा। इस बार लगभग 43 लाख पौधारोपण का लक्ष्य जनपद को दिया गया है जिसके अनुसार पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित कर पौधरोपण किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधरोपण करें।

# नए कानून से पीड़ितों को मिलेगा न्याय

**अवधनामा संवाददाता**



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** भारतीय न्याय संहिता को लेकर सोमवार को अहिरौली बाजार थान परिसर में थाना प्रभारी ने क्षेत्र के सम्मानित नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें जागरुक किया। उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय ने कहा कि इस कानून के तहत अपराधियों को सजा दिलवाने के साथ-साथ पीड़ित को भी न्याय दिलवाया जाएगा ब्रिटिश राज के औपनिवेशिक अपराध कानून का दौर आज से खत्म हो गया है।

भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव लाते हुए तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) आज से लागू हो गया है। इस कानून के तहत अपराधियों को सजा दिलवाने के साथ-साथ पीड़ित को त्वरित न्याय दिलवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई संहिता में आईपीसी की 175 मौजूदा प्रावधानों में बदलाव किया गया है और 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं इसमें 358 धाराएं हैं। पुरानी आईपीसी में 511 धाराएं थी नए कानून में राजद्रोह को खत्म कर देशद्रोह को शामिल किया गया है। इसकी धारा 150 भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्यों से संबंधित है।

सीआरपीसी के 9 प्रावधान खत्म किए गए हैं 107 प्रावधानों में बदलाव के साथ 9 नए प्रावधान पेश किए गए हैं। मौजूदा साक्ष्य अधिनियम के पांच मौजूदा प्रावधान निरस्त किए गए हैं।23 प्रावधानों में बदलाव और एक नया प्रावधान जोड़ा गया है। कुल 170 धाराएं नए साक्ष्य कानून में है जो पुरानी में 167 थी।उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कानून ज्यादा संवेदनशील बनाए गए हैं। पीड़िता जहां चाहेगी पुलिस को वहां बयान दर्ज करना होगा दुष्कर्म के मामले में न्यूनतम 10 साल से लेकर अधिकतम फांसी तक की सजा होगी सामूहिक दुष्कर्म में 20 साल से फांसी तक का प्रावधान है। इस दौरान उपनिरीक्षक संजय कुमार उमेश कुमार राज नारायण यादव एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

**कसया, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को कसया थाना क्षेत्र के कुशीनगर चौकी अंतर्गत वार्ड नंबर 21 बुद्धनगरी विशुनपुरा में एक मक्के के खेत में एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिला। शव की पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के मुताबिक मृत युवक के जेब से एविल इंजेक्शन, सिरिंज, निडिल, सिकरेट व लगभग एक दर्जन सफेद पुड़िया में सफेद पाउडर जैसा पदार्थ मिला है। युवक लाल टीशर्ट व काला जिंस पहना हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार युवक का उम्र लगभग 26 वर्ष है वह नशे में धुत था, चल नही पा रहा था। एक मक्के के खेत में गया और वही गिर गया तब से उठा नही और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई।सूचना पर कुशीनगर पुलिस चौकी के एसआई अतुल कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर फोरेंसिक टीम को बुलाया और जांच पड़ताल के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में एसआई अतुल कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया नशे के ओवर डोज होने के कारण मौत लग रही है, बाकी जांच में पता चलेगा। अग्रिम आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता की मेरे पासपोर्ट संख्या J19354464 में मेरे पति का नाम पिता के नाम के स्थान पर भी त्रुटिवश पड़ गया मेरे पिता का नाम रफीउद्दीन है जो मेरे सभी दस्तावेज में दर्ज है।

**अफरोज जहां**
**मिझौड़ा, अहौराली**
**अंबेडकरनगर उत्तर प्रदेश**

**सूचना**

मैं सोनिया सिंह (SONIA SINGH) पत्नी सिमरन सिंह, निवासी 7 सी / 2 हैवलक रोड, योजना भवन के पास, सरोजनी नायडू मार्ग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश की हूँ। मैंने अपना नाम सोनिया सिंह से बदलकर सोनिया धामी (SONIA DHAMI) रख लिया है, जो कि अब मेरे सभी दस्तावेजों में दर्ज है । मुझे भविष्य में सोनिया धामी के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाए।

# धूमधाम के साथ मनाया गया स्टेट बैंक का 69वाँ स्थापना दिवस

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी थर्मल स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एनटीपीसी शाखा में बैंक का 69वाँ स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशिष्ट अतिथि एन टीपीसी कार्यकारी निदेशक (टांडा) अशेष कुमार चट्टोपाध्याय एवं शाखा प्रबंधक नवशीत कुमार बरनवाल ने संयुक्त रूप से केक काटकर किया। एनटीपीसी कार्यकारी निदेशक (टांडा) श्री चट्टोपाध्याय ने बैंक के शाखा प्रबंधक सहित बैंक के समस्त कर्मचारियों को धन्यवाद दिया और कहां आप इसी तरह अच्छी सेवा ग्राहकों को देते रहे। इस मौके पर शाखा प्रबंधक नवशीत कुमार बरनवाल ने कार्यकारी निदेशक (टांडा) श्री चट्टोपाध्याय का धन्यवाद ज्ञापन किया। एव प्लांट शाखा के सभी कर्मचारीयो वा ग्राहकों को बधाई देते हुए कहा कि सन् 1955 को आज के दिन इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के रूप मे स्थापना हुई थी। शाखा प्रबंधक श्री बरनवाल ने यह भी कहा कि बैंक के सभी कर्मचारी पूरे अनुशासन एवं निष्ठा व ईमानदारी से अपने सभी ग्राहकों का ख्याल रखते हैं। बैंक कर्मियों ने बैंक की उन्नति एवं और बैंकिंग सेवा को और अधिक सुगम एवं बेहतर करने के लिए अपने संकल्प को दुहराया। शाखा प्रबंधक ने कहा कि रिजर्व बैंक की गाइडलाइंस के अनुसार बैंकिंग व्यवस्था एवं सेवा को समाज के निचले पायदान तक निरंतर पहुंचाने पर पूरी गंभीरता व प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर बैंक ने ग्राहकों के हितार्थ बैंक की ओर से भारतीय स्टेट बैंक ने संचालित विभिन्न कार्य योजनाओं की भी जानकारी दी गयी। इसका लाभ लेने के लिए अनुरोध भी किया। मौके पर एनटीपीसी के वरिष्ठ प्रबंधक ऋषभ जायसवाल, बैंक कर्मी अनिल चौधरी, राजीव शुक्ला, एवं बैंक के ग्राहक उपस्थित रहे।

# शिक्षा से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है : डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**स्कूल चलो अभियान के तहत सोमवार को प्रवेश उत्सव का हुआ आयोजन**

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने ''स्कूल चलो अभियान'' के अंतर्गत नव नामांकित विद्यार्थियों के सम्मान समारोह के दौरान प्राथमिक विद्यालय महुअन में लहरा, महुअन, उच्च प्राथमिक विद्यालय राधा नगर के 46 विद्यार्थियों का रोली-टीका एवं माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए उपस्थित सभी विद्यार्थियों का आव्हान किया कि कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों से प्रेरणा लेकर आप सब शिक्षा ग्रहण करें, प्रतिदिन विद्यालय आएं, मन लगाकर पढ़ें ताकि जीवन में सफलता हासिल कर आप भी उच्च पदों को सुशोभित कर अपने परिवार, गांव, समाज का नाम रोशन कर सकें।

उन्होंने कहा कि शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं, शिक्षा से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है, शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे देश के सर्वोच्च पद को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने बालिकाओं का आव्हान करते हुए कहा कि जनपद की मुख्य विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, आपके विद्यालय की प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक सभी महिलाएं है, आप सब इनसे प्रेरणा ले और बेहतर शिक्षा प्राप्त कर मेहनत से आगे बढ़े ताकि भविष्य में आप भी ऐसे ही उच्च पदों पर विराजमान होकर अपनी बौद्धिक क्षमता से समाज को नई दिशा प्रदान करें। श्री सिंह ने छात्र-छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि बीच में पढ़ाई न छोड़ें, प्रदेश सरकार ने प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक में निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की है, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्रों को ड्रेस, जूते-मोजे, किताबें, बैग, टाई से लेकर उच्च क्वालिटी का मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है, विद्यालयों में प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा छात्रों को शिक्षा प्रदान की जा रही है, विद्यालयों में मूल-भूत सुविधाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराई गई है, इसलिए सभी छात्र नियमित रूप से स्कूल आएं। उन्होंने विद्यालय के स्टॉफ से कहा कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा नामांकन से शेष न रहे, विद्यालय में जो भी छात्र पंजीकृत हैं, वह नियमित रूप से विद्यालय आएं, जो छात्र विद्यालय से लगातार अनुपस्थित रहे उनके अभिभावकों से संवाद कर बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें, बच्चों को प्रतिदिन नहाने, साफ-सफाई रखने, संचारी रोगों से बचाव हेतु बरती जाने वाली सावधानियों, नाखून बड़े न रखने के लिए जागरूक किया जाए, छात्रों के माध्यम से उनके अभिभावकों, आस-पड़ोस के लोगों को भी वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव हेतु जागरूक कराया जाए। उन्होंने छात्र-छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि विद्यालय के साथ-साथ प्रतिदिन घर में भी अवश्य पढ़ें, खेल-योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, प्रतिदिन किसी न किसी खेल को अवश्य खेलें, नियमित रूप से योग करें, शारीरिक-मानसिक वृद्धि के लिए खेल, योग बेहद जरूरी हैं। जिलाधिकारी ने वन महोत्सव के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में ही पीपल का पौधा रोपित कर सभी लोगों से अभियान के दौरान अधिक से अधिक पौधे रोपित कर उनकी देखभाल करने का आह्वान करते हुए कहा कि आज प्रकृति को हरा-भरा बनाने की महति आवश्यकता है, घटते वृक्षों, वन क्षेत्र के कारण पर्यावरण में तेजी से बदलाव हुआ है।

# जागरुकता रैली को दिखाई हरी झंडी

## आज से चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ जिला पुरूष चिकित्सालय से किया गया। जिलाधिकारी नितिश कुमार एवं विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व महापौर अयोध्या गिरीश मणि त्रिपाठी ने जागरुकता रैली को रवाना कर लोगों को व्यक्तिगत साफ-सफाई रखने व वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए अपने पास-पड़ोस के लोगों को प्रेरित करने की शपथ दिलाई। यह अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि योगी सरकार सूबे के हर गांव, ब्लॉक व जनपद के साथ-साथ पूरे प्रदेश को दिमागी बुखार से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए 13 विभागों के आपसी समन्वय से जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संचारी रोग हमारे गांव अथवा क्षेत्र में रहने वाले परिवारों के आर्थिक और पारिवारिक नुकसान का एक बड़ा कारण हो सकते हैं। अतः हम शपथ लेते हैं कि संचारी रोग से लड़ाई में हम हर संभव प्रयास करेंगे कि हमारा परिवार व समुदाय इन रोगों से मुक्त रहें। इस मौके पर लोगों ने शपथ लिया ÷हम सभी शौचालय का प्रयोग करेंगे और अन्य लोगों को भी शौचालय का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे। व्यक्तिगत साफ-सफाई का ध्यान रखेंगे, अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखेंगे। हमारे गांव अथवा हमारे आस-पास के क्षेत्र में यदि कोई व्यक्ति बुखार से पीड़ित होगा, तो परिवार को तुरंत इलाज के लिए सरकारी अस्पताल जाने के लिए प्रेरित करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों में दिमागी बुखार जानलेवा हो सकता है। इस रोग के बाद शारीरिक और मानंसिक विकलांगता भी आ सकती है । इसलिए बुखार होने पर बच्चे को तत्काल नजदीकी सरकारी अस्पताल में ले जाएं। जनपद के प्रत्येक सीएचसी/पीएचसी पर बुखार के समुचित इलाज की व्यवस्था है । उन्होंने कहा कि इस बीमारी से सबसे ज्यादा प्रभावित होने का खतरा 1 से 15 वर्ष के आयु के बच्चों को होता हैं , इसलिए इनकी सुरक्षा के लिए विशेष प्रयास करें।

# नए कानून को लेकर थाने में हुई जागरुकता गोष्ठी

**रौनाही अयोध्या।** देश भर में लागू हुए नए कानून को लेकर रौनाही थाने में जागरुकता गोष्ठी हुई। थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुराने कानूनों की जगह स्थापित किए गए नए कानून में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे दस्तावेजी कानून पर व्यापक चर्चा की गई। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ग्रामीण (एसपी आरए) अतुल कुमार सोनकर ने कहा कि अब नए कानून में कोई भी भारत वर्ष के किसी भी थाने से अपनी रिपोर्ट दर्ज करा सकता है। व्यक्ति का अपने थाना क्षेत्र में होना जरूरी नहीं है। अब डिजिटल और इलेक्ट्रानिक साक्ष्य न्यायालय में बतौर सबूत स्वीकार किए जाएंगे। मॉब लिंचिंग जैसी घटनाओं के लिए अलग से कानून और सख्त सजा का प्राविधान है।

# जिलाधिकारी में जिला चिकित्सालय व महिला चिकित्सालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने जिला चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों, परिसर सहित चिकित्सालय की विभिन्न व्यवस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय के वार्डों में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर पायी गयी, जबकि दोनों चिकित्सालयों के परिसरों में सफाई की व्यवस्था खराब पाये जाने पर दोनों प्रबन्धकों को चेतावनी देते हुये यथाशीघ्र सम्पूर्ण परिसर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ एवं साफ-सुथरा करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा कैम्पस में अव्यवस्थित रूप से खड़े किए गए निष्प्रयोज्य वाहनों को तत्काल हटवाने तथा परिसर को ड्रेनेज व्यवस्था को ठीक कराने, कैम्पस में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा उसमें उपयोग होने वाले सामाग्रियों को नियमित व्यवस्थित रूप से रखने तथा मलबा आदि को तत्काल हटवाते रहने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने परिसर में चल रहे फायर फाइटिंग के कार्य को तेजी से कराने तथा सभी कार्यों को



शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के तीमारदारों हेतु बनाये गये निःशुल्क रैन बसेरों का भी निरीक्षण किया तथा उसमें साफ सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा रैन बसेरे की अधिक से अधिक उपयोगिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने दोनों चिकित्सालयों के परिसर में व्यवस्थित रूप से वाहनों को खड़ा कराने हेतु प्रबन्धकों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा सीटी स्कैन व्यवस्था का अवलोकन किया गया इस अवसर पर अवगत कराया गया कि रोजाना 30 से 35 मरीजों का सीटी स्कैन किया जाता है। निरीक्षण के दौरान तक 22 मरीजों का सीटी स्कैन किया जा चुका था। जिलाधिकारी ने जन सामान्य हेतु उसे 24×7 घंटे संचालित करने के निर्देश दिये।

# पौधरोपण के लिए प्राइवेट नर्सरी से पौधे की खरीद के लिए कराए जाएं टेंडर

**अयोध्या।** प्रदेश सरकार एक ओर बेरोजगारों को काम देने की बात करती है। तो दूसरी ओर पौधरोपण के लिए पौधे तैयार कर उसे सरकारी व प्राइवेट सेक्टर मे बिक्री करने वाले किसानों के सामने रोजीरोटी का संकट है। उनके द्वारा तैयार किए गए पौधों का कोई ग्राहक नहीं है। प्रदेश सरकार वैसे तो करोड़ों पौधे लगाने का दावा कर रही है फिर भी पौधों की नर्सरी तैयार करने वाले लोगों से सरकार पौधों की खरीद नहीं कर रही है। अयोध्या के गोसाईंगंज व सुलतानपुर मे हजारों पौधे की नर्सरी तैयार करने वाले सचिन सिंह ने केन्द्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश के वनमंत्री से मांग की है कि पौधरोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नर्सरी से पौधे खरीदने के लिए टेंडर कराए जाएं।

# अनिरुद्ध वर्मा अध्यक्ष व अनिल वर्मा महामंत्री निर्वाचित



**महराजगंज।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा का गठन राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवती प्रसाद विश्वकर्मा व अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा समर्थित सोशल नेशनल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ श्रवण कुमार वर्मा की उपस्थिति मे सिटी मांटेसरी स्कूल जयप्रकाश नगर में हुआ। अनिरुद्ध प्रसाद वर्मा जिला अध्यक्ष अनिल वर्मा महामंत्री अशोक वर्मा जिला संयोजक व रामेश्वर वर्मा नगर अध्यक्ष निर्वाचित हुए। कार्यक्रम का संचालन आनंद वर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान कृष्ण कुमार वर्मा, राजेश वर्मा, अनिल वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, गोपाल पांचाल, राजेश वर्मा, अच्छे लाल वर्मा, काशीनाथ वर्मा, राजेंद्र वर्मा, भारत वर्मा, गंगा सागर वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, दिनेश वर्मा, राम प्रसाद वर्मा ,जगदीश प्रसाद वर्मा, रमेश वर्मा, राहुल वर्मा, सतन वर्मा, हर्ष वर्मा ,राजीव वर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहें।

# भाजपा के फायर ब्रांड नेता सुधीर सिंह सिद्धू के निधन से शोक की लहर दौड़ पड़ी



**बाराबंकी।** भाजपा के दिग्गज व फायर ब्रांड नेता 62 वर्षीय सुधीर कुमार सिंह सिद्धू का लंबी बीमारी चलते सोमवार की सुबह लखनऊ के लोहिया अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। श्री सिद्धू के निधन की खबर आग की तरह जनपद में फैल गई और उनके आवास पर चाहने वालो का तांता लगने लगा। आपको बताते चले कि श्री सिद्धू पिछले दो वर्षों से बीमार चल रहे थे, उन्हें बाथरूम में गिरने से रीड की हड्डी में चोट लगी थी जिसका ऑपरेशन दिल्ली के एक अस्पताल में हुआ था। बीच में सिद्धू के स्वास्थ्य में सुधार भी हो गया परंतु कुछ दिनों पूर्व उनकी किडनी में इंफेक्शन हो गया और लखनऊ में भर्ती होना पड़। सिद्धू के निधन की खबर फैलते ही पूरे जनपद में शोक की लहर फैल गई। सिद्धू अपने पीछे पत्नी पूनम सिंह तथा पुत्र जयदीप सिंह व गुरदीप सिंह को छोड़ गए। राजनाथ सिंह के बहुत करीबी माने जाते थे सिद्धू भाजपा के जिला अध्यक्ष, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री के साथ-साथ उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक के डायरेक्टर भी रह चुके हैं थे। जनपद में भाजपा के तेज तर्रार नेताओं में शुमार थे। सिद्धू सत्य प्रेमी नगर वार्ड के निर्वाचित सभासद भी रहे इसलिए नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी संजय कुमार शुक्ला की आवर में शोक संवेदना व्यक्त करके कंडोलेंस किया गया। उनका अंतिम संस्कार नागेश्वर नाथ स्थित श्मशान घाट में किया गया।उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने वालों एवं अंत्येष्ठी में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्या, राम कुमारी मौर्या, खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश शर्मा, विधायक सकेंद्र वर्मा,शरद अवस्थी पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत, उपेंद सिंह रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, रामनाथ मौर्य, विधायक दिनेश रावत, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, पीएल पुनिया, पूर्व एमएलसी राजेश यादव, रामगोपाल रावत, डॉक्टर कुलदीप सिंह, डॉक्टर विकास यादव, रामस्वरूप यादव, अवधेश श्रीवास्तव, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, बैजनाथ रावत, महामंत्री संदीप गुप्ता, शील रतन मिहिर, गुरशरण लोधी, सभासद देवेंद्र प्रताप सिंह ज्ञानू राम प्रकाश श्रीवास्तव, विष्णु प्रभाकर वर्मा, पालिका अध्यक्ष शीला सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, पूर्व अध्यक्ष रंजीत बहादुर श्रीवास्तव, कपिल कुशमेश, जिला परिषद सदस्य भुल्लन वर्मा, पूर्व अध्यक्ष हाफिज भारती, सभासद सुशील गुप्ता, बृजेश दीक्षित, रविनन खजांची, पंकज मिश्रा, अमरीश रावत सहित सैकड़ो विभिन्न दलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा नगर के गद्मान्य लोग उपस्थित रहे।

# नया कानून लागू, अब गवाही अपने स्थान से ही दे सकते है: अरुण प्रताप



**मसौली बाराबंकी।** प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे सोमवार को थाना मुख्यालय पर आयोजित बैठक मे आज से लागू हुए भारतीय न्याय संहिता, 2023 , भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023,व भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जानकारी दी गयी। बैठक मे जनप्रतिनिधि सहित अधिवक्ता एव पत्र प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक मे उपस्थित सम्भ्रान्त जनो से रूबरू होते हुए प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने कहा कि रविवार मध्य रात्रि से भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम व भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 लागू हो गयी अब पुलिस को तीन साल से अधिक और सात साल से कम वाले मामलों में गिरफ्तारी से पहले पुलिस अधीक्षक से अनुमति लेनी पड़ेगी।

# अखिलेश यादव गरीब कमजोर असहाय की मजबूत आवाज है: सुरेश यादव



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 51 वां जन्मदिन समारोह पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में पूर्व मंत्री विधायक हाजी फरीद महफूज किदवई, सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व विधायक रतनलाल राव सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियों ने जिला पार्टी कार्यालय पर केक काटकर एक दूसरे को केक खिलाकर मुंह मीठा कराकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के दीर्घायु होने की कामना करते हुए एक दूसरे को जन्मदिन की बधाई देते हुए धूमधाम से मनाया। इस मौके पर पूर्व मंत्री विधायक फरीद महफूज किदवई एवं सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा अखिलेश यादव गरीब कमजोर असहाय की मजबूत आवाज है हम सब बहुत सौभाग्यशाली हैं कि हम ऐसे नेता के नेतृत्व में काम करते हैं जिसका सम्मान पूरे देश की राजनीतिक पार्टियों करती इसलिए हम सब की भी जिम्मेदारी है कि अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशों पर चलते हुए आज उनके जन्मदिन पर यह संकल्प ले कर जाएं कि आने वाले 2027 के चुनाव में अखिलेश यादव के नियत रोग में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर ही दम लेंगे। इसी क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा निर्देश पर पीडीए वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत छात्र सभा के जिला अध्यक्ष मोनू रावत द्वारा ग्राम शुक्लाई में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद एवं सदर विधायक धर्मराज सिंह सुरेश यादव ने पहुंचकर वृक्षारोपण किया। इसी क्रम में विधानसभा कुर्सी में पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा, जैदपुर विधायक गौरव कुमार रावत, पूर्व प्रमुख जनाब यासिर अराफ़ात किदवई, प्रदेश सचिव डॉ विकास यादव ने वृक्षारोपण कर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दीर्घायु होने की कामना करते हुए जन्मदिन मनाते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी।

## गौरव रावत ने अखिलेश के जन्मदिन पर किया वृक्षारोपण

**बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्म दिवस के अवसर पर आज पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा व विधायक गौरव कुमार रावत ने शहर में स्थित रामसेवक यादव इंटर कॉलेज व विधानसभा कुर्सी के ग्राम ओदार मैं वृक्षारोपण किया। उक्त अवसर पर उक्त नेताओं ने कहा कि पीडीए पेड़ लगाने से पीडीए मजबूत होगा और समाजवादी पार्टी को नई मजबूती मिलेगी। पीडीए की एकता से विपक्षी पार्टियां परेशान है। इस मौके पर सरताज चौधरी, डॉ विकास यादव, पूर्व प्रमुख यासिर अराफ़ात किदवई, रिजवान संजय, उबेद शानू, सुरेश यादव, राजू यादव, क्षत्रपाल खलीफा,अपूल वर्मा, राकेश यादव, वीनोद यादव,नेहाल वर्मा समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

# विद्यालय में बीडीओ छात्र छात्राओ को तिलक लगाकर किया स्वागत

**मसौली बाराबंकी।** नवीन शिक्षा सत्र के पहले दिन उच्च प्राथमिक विद्यालय नेवला करसंडा मे खण्ड विकास अधिकारी डा0 संस्कृता मिश्रा ने विद्यालय पहुंचे छात्र छात्राओ के तिलक लगाकर माला पहनाकर स्वागत किया तथा बच्चो मे फल का वितरण किया। खण्ड विकास अधिकारी डा0 संस्कृता मिश्रा ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं का विद्यालय के प्रति तथा विद्यालय के अध्यापकों के प्रति जुडाव पैदा होता है, जिसके फलस्वरूप विद्यालय में उनकी नियमित उपस्थिति तथा पठन-पाठन गतिविधियों में सक्रियता एवं रूचि उत्पन्न होगी। विद्यालय में छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए विद्यालय को फूल, रंगोली, गुब्बारों आदि से सजाया गया और विद्यालय आने वाले बच्चों को रोली-टीका लगाकर स्वागत किया गया तथा बच्चों मे फल का वितरण किया गया बीडीओ द्वारा बच्चो में पुस्तक का वितरण करते हुए बच्चो से मन लगाकर पढ़ने की अपील की।

# कोर्ट के आदेश पर दबंग भूमाफियाओं ने खुलेआम कर रहे निर्माण

**मसौली बाराबंकी।** कोर्ट के स्टे आदेश के बावजूद भी दबँग भू माफियों द्वारा ग्राम समाज की करोड़ो रुपये की बेशकीमती जमीन पर प्लाटिंग कर खुले आम निर्माण करा रहे है ग्राम प्रधान ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए दबँग भू माफिया के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। बताते चले कि सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चंदवारा स्थित गाटा संख्या 1093, 1094 व 1095 राजस्व अभिलेखो मे दर्ज बंजर भूमि पर बीते कई वर्षो से दबँग भूमाफियाओ की गिद्धदृष्टि बनी हुई है लखनऊ अयोध्या हाइवे से चंद कदम की दूरी पर स्थित करीब 22 बीघे जमीन पर गाहे बगाहे भूमाफिया राजस्व अभिलेखो मे हेर फेर कर कब्जा करने मे लगे रहते है।

# ग्रीष्मकालीन चित्रकला कार्यशाला व प्रदर्शनी का हुआ उदघाटन



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** निचलौल स्थित राजेंद्र प्रसाद ताराचंद महाविद्यालय निचलौल मे राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश के सौजन्य से ग्रीष्म कालीन चित्रकला कार्यशाला व चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि बीडीओ निचलौल समा सिंह रही। इस कार्यक्रम मे विभिन्न प्रकार के चित्रों का व चित्रकला का प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर व माता सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ सम्पन्न किया गया । मुख्य अतिथि द्वारा सभी चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। महाविद्यालय परिवार को इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन हेतु धन्यबाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के शिक्षक बृजमोहन श्रीवास्तव, राजन आर्य, सिद्धार्थ तिवारी, सहित सभी शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित रहे। कार्यक्रम समापन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गोविन्द शरण सिंह व उप प्राचार्य उपेंद्र गुप्त ने आये हुए सभी अतिथिओ के प्रति आभार प्रकट की व सभी छात्र व छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की हैं।

# डीआईजी ने किए 88 उपनिरीक्षकों के गैर जनपद तबादले,हटाए गए गोंडा एसओजी और साइबर सेल प्रभारी

*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए गोंडा देवीपाटन परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक ने 88 उप निरीक्षकों के गैर जनपद तबादला करते हुए गोंडा एसओजी प्रभारी और गोंडा साइबर प्रभारी दोनों को हटाते हुए गैर जनपद तबादला किया गया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार शुक्ला का गोंडा से बलरामपुर,उमेश कुमार सिंह का गोंडा से श्रावस्ती, योगेश प्रताप सिंह का गोंडा से बलरामपुर, शादाब आलम का गोंडा से श्रावस्ती, शरद कुमार राय का गोंडा से बलरामपुर,आदित्य कुमार श्रीवास्तव का गोंडा से श्रावस्ती, प्रतीक पांडेय का गोंडा से बलरामपुर, मोहम्मद आलम का गोंडा से श्रावस्ती, दिलीप कुमार सिंह का गोंडा से बलरामपुर, छैल बिहार का गोंडा से श्रावस्ती, अभिषेक मिश्रा का गोंडा से बलरामपुर, आशीष कुमार का गोंडा से श्रावस्ती, अंकुर वर्मा का गोंडा से श्रावस्ती,अरुण कुमार पाटिल का गोंडा से बलरामपुर,अरुण कुमार का गोंडा से श्रावस्ती,सतेंद्र वर्मा का गोंडा से बलरामपुर,जितेंद्र कुमार का गोंडा से श्रावस्ती,अमर सिंह का गोंडा से बलरामपुर, रामदेव का गोंडा से श्रावस्ती, कौशल किशोर भार्गव का गोंडा से बलरामपुर, अभिषेक पांडेय का गोंडा से श्रावस्ती, राकेश का गोंडा से बलरामपुर, प्रेमानंद का गोंडा से श्रावस्ती, शिव लखन सिंह यादव का गोंडा से बलरामपुर, सुनील कुमार रावत का गोंडा से श्रावस्ती,रियाज अहमद का बहराइच से बलरामपुर, गुरुसेन सिंह का बलरामपुर से श्रावस्ती,तेज नारायण गुप्ता का बलरामपुर से गोंडा तबादला किया गया है। उपनिरीक्षक धर्मराज सिंह यादव का बलरामपुर से श्रावस्ती, गौरव सिंह तोमर का बलरामपुर से गोंडा, शमशाद अली का बलरामपुर से श्रावस्ती, धर्म प्रकाश सिंह का बलरामपुर से बहराइच, सुरेश सिंह का बलरामपुर से श्रावस्ती, श्रीकृष्णा यादव का बलरामपुर से बहराइच, विजय कुमार का गोंडा से बहराइच, सुरेश मणि मिश्रा का गोंडा से बहराइच, बृजेश राय का गोंडा से बहराइच, मैनेजर सिंह का गोंडा से बहराइच,अवधेश यादव का गोंडा से बहराइच, राम प्रसेन सिंह का गोंडा से बहराइच, दुर्गा प्रसाद का गोंडा से बहराइच, जय नाथ यादव का गोंडा से बहराइच, सुभाष चंद्र मिश्रा का गोंडा से बहराइच राम व्यास सिंह यादव का गोंडा से बहराइच, रुदल शर्मा का गोंडा से बहराइच, हरिनारायण तिवारी का गोंडा से बहराइच, रियाज अहमद का गोंडा से बहराइच, राकेश कुमार ओझा का गोंडा से बलरामपुर, सर्वजीत गुप्ता का गोंडा से बहराइच, अरुण कुमार गौतम का गोंडा से बहराइच, दिवाकर मिश्रा का गोंडा से बहराइच तबादला किया गया है।

# सड़क हादसे में दरोगा समेत तीन घायल

**महराजगंज।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नौनिया में दो बाइक के आमने-सामने की टक्कर में ठूठीबारी कोतवाली में तैनात दरोगा समेत तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। ठूठीबारी कोतवाली के उपनिरीक्षक विक्की कुमार साह रविवार की रात क्षेत्र से गस्त कर वापस कोतवाली लौट रहे थे की विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार की नौनीयां गांव समीप आमने-सामने टक्कर हो गया। जिससे दरोगा विक्की कुमार साह उम्र 32 व अनूप चौधरी उम्र 19, विवेक चौधरी उम्र 18 निवासी चटियां गंभीर रुप से घायल हो गये। सभी घायलों को राहगीरों की मदद से एंबुलेंस से निचलौल सीएचसी में इलाज के लिए भेजा गया जहां तीनों का प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# हरी झंडी दिखाकर की संचारी रोग नियंत्रण अभियान की जिलाधिकारी ने की शुरुआत

*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सोमवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ पूरे उत्तर प्रदेश शुरू हो गया है। गोण्डा में लोगों को जागरूक करने के लिए शहर के गांधीपार्क से एससीपीएम कालेज की छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाली गयी। *जिलाधिकारी नेहा शर्मा व सीडीओ एम.अरुन्मोली, सीएमओ डा. रश्मि वर्मा* ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।? यह अभियान पूरे जुलाई महीने तक चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य टीम घर घर जाकर लोगों को जागरुक करेगी। गांधी पार्क से संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ करते हुए *डीएम नेहा शर्मा* ने कहा कि जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए लोगों को खुद सजग रहने की आवश्यकता है। इसके लिए अपने घरों के आसपास जलभराव न होने दें। पानी भरे हुए स्थान पर मिट्टी डाल दें। जिससे मच्छरों को पनपने का मौका नहीं मिलेगा और इस रोग को नियंत्रित करने में मदद मिल सकेगी। डीएम ने अपील की कि सभी लोग एकजुट होकर इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

इसके लिए विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। अभियान में स्वास्थ्य विभाग के अलावा पंचायती राज विभाग, पशुपालन, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग, उद्यान और सूचना विभाग को शामिल किया गया है। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। सीएमओ ने बताया कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण माह एक से 31 जुलाई तक एवं 17 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान में स्वास्थ्य कार्यकर्ता सावधानी रखते हुए लोगों को मलेरिया, डेंगू, चिकिनगुनिया, फाइलेरिया, टीबी से बचाव के बारे में बेहतर तरीके से जागरूक करेंगे। संचारी रोगों के रोकथाम को लेकर शनिवार को आयोजित जागरुकता रैली को रवाना करने से पहले डीएम ने सभी उपस्थित छात्र छात्राओं व अन्य लोगों को स्वच्छता अपनाने की शपथ भी दिलायी। इस मौके पर डिप्टी सीएमओ अधिशासी अधिकारी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। सीएमओ ने बताया कि इसी बीच 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। दस्तक अभियान के तहत क्षय रोगियों को भी खोजा जाएगा, जिसमें आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर टीबी के संभावित रोगियों की पहचान करेंगी। इसके अलावा लंबे समय से बुखार, खांसी जैसे लक्षणों वाले मरीजों के बारे में भी जानकारी लेंगी।उनका नाम, पता, मोबाइल नंबर सहित पूरा विवरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा जाएगा। आशा कार्यकर्ता मौसमी बीमारियों से बचाव और उसके इलाज के बारे में भी जानकारी देंगी। दस्तक अभियान के दौरान घर-घर टीबी के संभावित मरीजों की भी स्क्रीनिंग की जाएगी।

क्षय रोग के लक्षण वाले किसी व्यक्ति की सूचना प्राप्त होने पर उस व्यक्ति का नाम पता एवं मोबाइल नंबर सहित संपूर्ण विवरण क्षेत्रीय एएनएम के माध्यम से ब्लॉक मुख्यालय पर उपलब्ध कराएंगी।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रश्मि वर्मा, डॉक्टर सीके वर्मा, एसीएमओ डॉक्टर जयगोविंद, जिला विद्यालय निरीक्षक, डीसीपीएम डॉक्टर आरपी सिंह, शिवांशु मिश्रा आयुष्मान भारत, पंचायती राज विभाग, यूनिसेफ डॉक्टर शेषनाथ सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बायोमैट्रिक उपस्थिति वाले बच्चों को ही मिलेगा छात्रवृत्ति



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित पूर्वदशम, दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं प्रधानमंत्री यशस्वी योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति पाने के लिए विद्यार्थियों की दैनिक उपस्थिति बायोमेट्रिक, फेशियल ऑथेंटिकेशन के माध्यम से कराने के संदर्भ में जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा बैठक की गई। बैठक में जिला पिछड़ावर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव ने अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद में संचालित ग्रुप % %ए% के शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों का आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज होगी और न्यूनतम 75त्न बायोमेट्रिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को ही छात्रवृत्ति अथवा शुल्क प्रतिपूर्ति की जाएगी। बायोमेट्रिक उपस्थिति हेतु शासन द्वारा संस्था को नामित कर दिया गया है। शैक्षणिक संस्थानों को उक्त संस्था से समन्वय करते हुए बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि उपस्थिति प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण प्रयास है और सभी संबंधित शैक्षणिक संस्थान शासन द्वारा नामित संस्था से संपर्क कर बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को लगवाना सुनिश्चित करें। बैठक में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी टांडा के आरोग्यम चिकित्सालय में मनाया गया चिकित्सक दिवस



अवधनामा संवाददाता

**टांडा।** एनटीपीसी टांडा के आवासीय परिसर स्थित आरोग्यम चिकित्सालय में चिकित्सकों ने श्री ए के चट्टोपाध्याय, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी टांडा की उपस्थिति में चिकित्सक दिवस मनाया। यह दिवस प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ वी.सी.रॉय के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री चट्टोपाध्याय ने डॉ राय के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर श्री चट्टोपाध्याय ने सामाजिक विकास में चिकित्सकों की भूमिका को रेखांकित करते हुए चिकित्सक एवं सहयोगी स्टाफ को सम्मानित कर उन्हे चिकित्सक दिवस की बधाई दी। महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) डॉ उदयन तिवारी ने अपने स्वागत संबोधन में डॉ रॉय का जीवन परिचय रखते हुए कहा कि डॉ वी.सी.रॉय चिकित्सा क्षेत्र के स्तम्भ तो थे ही इसी के साथ प्रथम पंक्ति के समाज सेवक के रुप में जाने जाते थे। उन्होने एनटीपीसी टांडा प्रबंधन के निरंतर सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर आरोग्यम चिकित्सालय के सभी चिकित्सको को उनके निःस्वार्थ योगदान के लिए सम्मानित किया गया। आयोजन में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री नील कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (परियोजना) श्री अतुल कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) श्री वी.पी. दूबे, महाप्रबंधक (प्रचालन) श्री अभय कुमार मिश्रा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री रजनीश कुमार खेतान, चिकित्सालय के सभी चिकित्सकगण एवं चिकित्सालय स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

# सड़क में गड्ढे ही गड्ढे, शव को लेकर पैदल चलने में राहगीरों को हो रही परेशानी

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ क्षेत्र के श्मशान घाट लेदवा को जाने वाली सड़क गड्ढे में तब्दील। बानगंगा मुख्य नहर से

**हादसे की भी आशंका**

बानगंगा नदी श्मशान घाट लेदवा जिले के जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो गई है। जगह-जगह सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। बरसात में पानी भरे होने के कारण यहां दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। शोहरतगढ़ क्षेत्र के लोग इस सड़क से श्मशान घाट लेदवा जाते हैं।

श्मशान घाट लेदवा जब लोग शव को चार लोग कंधे पर उठाकर नंगे पैर इस से गुजरते हैं तो सड़क गड्ढे में तब्दील होने से चोटिल हो जातें हैं। क्षेत्र के लोग सांसद, विधायक व संबंधित अधिकारी के पास गुहार लगाने के बावजूद भी सड़क नहीं सुधर पाई है।इस सड़क पर शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने कहा था कि सड़क जों गढ्ढों में तब्दील हैं उसमें ईंट ढलवा दिया जा रहा है उसके बाद सड़क बनवा दिया जायेगा लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी ना टूटें हुए सड़क के गड्ढे में ईंट डलवाया गया न सड़क बना।वहीं शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ में सड़कों की जाल बिछा कर विकास के दावे कर रहे हैं। वहीं बानगंगा नदी पर स्थित श्मशान घाट लेदवा जाने वाली सड़क जों बानगंगा मुख्य नहर से श्मशान घाट लेदवा तक सड़क गड्ढे में तब्दील हैं।शोहरतगढ़ कस्बा व क्षेत्र के गांव वाले शव को पैदल मजबूरी में इस बदहाल सड़क पर जान जोखिम में डाल कर श्मशान घाट लेदवा पर मजबूर होकर जाते है।इस सड़क पर विकास का वादा करने वाले जनप्रतिनिधि भी यात्रा करते हैं। पर वे चुनाव जीत जाने के बाद अपने वादे भूल जाते हैं।

## कर्मचारी प्रतिनिधियों ने नवागत डीएम से की मुलाकात



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कर्मचारी प्रतिनिधियों का प्रतिनिधि मण्डल सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुँच कर नवागत जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 से मिलकर जनपद के कर्मचारियों के तरफ से स्वागत किया। जिलाधिकारी ने सभी से परिचिय प्राप्त किया।जिलाधिकारी ने शासन के मंशा के अनुरुप शत प्रतिशत सरकारी कार्य ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। कर्मचारी प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को पूरा आश्वस्त किया कि जनपद के सभी कर्मचारी आपके दिशानिर्देश में पूरे मनोयोग से कार्य करेंगे।प्रतिनिधि मण्डल में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष वाईके द्विवेदी, जिलामन्त्री शिवाकांत पाण्डेय, डीपीए अध्यक्ष वाईपी यादव, मन्त्री गोविन्द ओझा, कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामकरन गुप्ता, ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रणजीत कुमार, जिलामन्त्री विजय कर पाठक, अमित त्रिपाठी, रंजनेश दूबे, संतोष पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## पौधरोपण कर मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

**बांसी अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश



यादव का जन्म दिन सोमवार को कस्बे के निरालनगर वार्ड में स्थित पार्टी के नगर कार्यालय में केक काटकर मनाया गया और पौधरोपण भी किया गया। पार्टी जिला उपाध्यक्ष व पूर्व नपा अध्यक्ष मो इदरीश पटवारी ने केक काटकर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को खिलाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव गरीब, मजलूम व वंचित समाज के सच्चे हितैषी है। वह हमेशा दलित, अल्पसंख्यक व पिछड़ों को उनका हक दिलाने के लिए संघर्ष करते रहते है। कहा कि अखिलेश यादव की सरकार में उत्तर प्रदेश का जो विकास हुआ वह किसी भी सरकार में नही हुआ है कार्यक्रम के अंत में उन्होंने कई जगहों पर पौधरोपण भी किया।इस अवसर पर नगर अध्यक्ष कपिलदेव सभासद बुद्धिराम प्रजापति, शाकिर अली, सब्बू खान, केसी त्रिपाठी, गणेश दत्ता, राधेश्याम जायसवाल, लक्ष्मण निषाद, मुन्ना पांडेय, अजहर खान, मनोज कुमार, पवन यादव आदि मौजूद थे।

# मस्जिद कमेटी अध्यक्ष मस्जिद का फंड जबरन अपने घर उठा ले जाने का हुआ विरोध

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** कटका थाना क्षेत्र में स्थित भियांव गांव में वक्फ जामा मस्जिद है जो कि सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड में 1982 से दर्ज है जिसकी मौजूदा रजिस्टर्ड मस्जिद कमेटी है जिसके अध्यक्ष अबु शहमा ने मस्जिद का पैसा अपने घर उठा ले जाने के प्रकरण में कटका थाने में 29 अप्रैल को मोअज्जम आदि के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया था . जबकि अब 29 जून को रजिस्टर्ड मस्जिद कमेटी के खजांची मोहम्मद जावेद आदि के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दिया है जबकि एक तरफ मस्जिद की रजिस्टर्ड प्रबंध कमेटी है जिसके पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दिया है मस्जिद कमेटी के पदाधिकारियों का आरोप है कि हम लोगों ने अप्रैल में ही अनाधिकृत व्यक्तियों के खिलाफ दान का पैसा हड़पने के मामले में मोअज्जम आदि के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया था दो सप्ताह पहले गांव के ही मोअज्जम का भतीजा खुर्शीद जो कि अनाधिकृत व्यक्ति है मस्जिद के दान का पैसा जुमे के दिन मस्जिद से घर ले जाने का प्रयास करने लगा तो मस्जिद कमेटी के खजांची मोहम्मद जावेद ने उसे रोकने का प्रयास किया और पुलिस को सूचित भी किया पुलिस के आने के बाद गांव के ही नियाज़ सिद्दीकी ने हस्तक्षेप करके खुर्शीद से पैसा मस्जिद कमेटी को वापस दिलाया जिसको हर शुक्रवार की तरह मस्जिद के खाते में जमा करा दिया गया। उक्त प्रकरण के दो सप्ताह बाद खुर्शीद मोअज्जम बिलाल आदि लोगों ने सीओ जलालपुर को प्रार्थना पत्र दिया और खुर्शीद को मस्जिद कमेटी का सदस्य बताकर और भ्रमित वीडियो दिखया जिसके बाद सीओ जलालपुर ने मस्जिद कमेटी के खजांची मोहम्मद जावेद व कमेटी के अध्यक्ष व सचिव के ऊपर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया और 29 अप्रैल को रजिस्टर्ड कमेटी के पदाधिकारियों पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया।

# पूर्व सीएम के जन्मदिन पर केक काट व मिठाइयां बांटकर दी बधाई

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्म दिवस समारोह समाजवादी पार्टी के

**स्वस्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की**

जिलाध्यक्ष लालजी यादव की अध्यक्षता तथा पूर्व स्पीकर माता प्रसाद पांडेय, पूर्व सांसद भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी, पूर्व सांसद आलोक तिवारी की उपस्थिति में मनाई गई। इस दौरान सपा नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के जन्मदिन पर केक काटकर तथा मिठाइयां बांट कर बधाई देते हुए उनके स्वस्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की गई तथा सपा कार्यालय पर वृक्षारोपण कर श्वस्त्रड्ड नीम का पेड़ लगाया गया तथा सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को आह्वाहन करते हुए कहा गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के जन्मदिन श्व स्त्र ड्ड वृक्षारोपण सप्ताह के तहत सभी नेता एवं कार्यकर्ता जनपद के सभी क्षेत्रों में सामाजिक न्याय तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए पीपल बरगद नीम श्वस्त्रड्ड प्राण वायु रूपी पेड़ लगाकर उसकी देखभाल करें। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अनिल सिंह, अजय चौधरी, बेचई यादव, राममिलन भारती, मोहम्मद इदरीश पटवारी, विधायक प्रतिनिधि जहीर मलिक अजय यादव नागेंद्र नाथ चतुर्वेदी चंद्रमणि यादव बहरइची प्रसाद प्रेमी खलकुल्ला खान अयोध्या साहू राम धीरज साहनी कमरूज्जमा खान सत्यानंद सिंह हरिनारायण यादव तुफैल अहमद प्रेम प्रकाश मिश्रा अब्दुल कलाम सिद्दीकी पारसनाथ विश्वकर्मा सोनू यादव विजय अग्रहरी अनीता द्विवेदी रामसेवक लोधी जेपी यादव सुनीता गोस्वामी मो हारुन अखिलेश मौर्या घनश्याम जायसवाल चंद्रभान पहलवान विजय चौधरी राजन पांडे राहिल कमाल अयान भ्रमर धीरू यादव रुखसार बानो बृजभान यादव चंद्रहास यादव सर्व देव यादव अब्दुल कलाम खान मुरारी यादव सुनील यादव पहलवान सुभाष यादव रियाज अहमद घिसियमन यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पुलिस टीम ने किया चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** ढेबरुआ थाना पुलिस टीम द्वारा बढ़नी कस्बे के रेलवे क्रॉसिंग से चोरी के सामानों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेज दिया गया है। सोमवार को थानाध्यक्ष ढेबरुआ शशांक सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के ढेबरुआ पुलिस टीम द्वारा मुड़िला क्रासिंग के पास से विजय जायसवाल पुत्र गोविंद जायसवाल निवासी मुडिला वार्ड न0 02 नगर पंचायत बढनी तथा अमन पुत्र राजू कुमार निवासी वार्ड न0 01 अम्बेडकर नगर (मुडिला) थाना ढेबरुआ के पास से एक अदद एंड्रॉयड मोबाइल, आधार कार्ड, एक अदद गैस सिलेंडर तथा 12500 कैश के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया। उक्त आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 सभाशंकर यादव, हे0का0 धर्मेन्द्र मौर्या, राकेश कुमार, सतीश कुमार गुप्ता, का0 राजू प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर मरीजों के बेहतर सेवा का लिया संकल्प

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज परिसर समेत संयुक्त जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू वार्ड में

**संयुक्त जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू वार्ड में विविध कार्यक्रमों का आयोजन**

विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। चिकित्सकों ने केक काटकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मरीजों के बेहतर सेवा का भी संकल्प लिया।



माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के सभागार में सोमवार को डॉक्टर्स डे पर आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. राजेश मोहन ने कहा कि समस्त चिकित्सक सामंजस्य बनाकर मरीजों की सेवा भाव में लगे हुए हैं। यह दिवस निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करने वाले डॉक्टर्स के प्रति आभार और प्रशंसा करने का अवसर प्रदान करता है। इससे पहले दिवस के जनक डॉ. विधान चंद राय के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. वेद प्रकाश, डॉ. नौशाद आलम, डॉ. सीबी पांडेय, डॉ. विष्णु, डॉ. अजमल, डॉ. रंजन आदि उपस्थित थे। इसी कड़ी में मेडिकल कॉलेज से संबद्ध संयुक्त जिला चिकित्सालय के एनएनसीयू वार्ड में विभागाध्यक्ष बाल रोग विभाग डॉ. नम्रता चौधरी की अगुवाई में नर्सिंग स्टाफ की ओर से केक काटा गया। डॉ. नम्रता ने कहा कि यह दिवस बीमारियों का निदान करने, उपचार प्रदान करने और जीवन बचाने में चिकित्सकों की ओर से प्रदान की गई अमूल्य सेवाओं की याद दिलाता है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एसएन पटेल, डॉ. शालिनी पांडेय, डॉ. फजल खान ने भी विचार व्यक्त किया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के जूनियर रेजीडेंट डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. वसीम, डॉ. खालिद खां, डॉ. निवेदिता, डॉ. अंजली, नर्सिंग आफिसर श्रीश श्रीवास्वत, सरोज पांडेय, हेमलता, महिमा, अंजली, रूकमणि, मीरा, वंदना आदि की उपस्थिति रही।

# स्कूल चलो अभियान के तहत सोमवार को प्रवेश उत्सव का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अंबेडकरनगर।** प्राथमिक विद्यालय नत्थूपुर खुर्द भियांव में सोमवार को स्कूल चलो अभियान और प्रवेश उत्सव का समारोह पूर्वक आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान श्री राजेंद्र प्रसाद सिंह एवं शिक्षकों द्वारा नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और उन पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गय। विद्यालय का नजारा आज पूरी तरह से बदला रहा। गुरु शिष्य के स्वागत को तैयार रहे और विद्यालय को भी फूल और गुब्बारों से आकर्षक ढंग से सजाया।

अभिभावकों से सहमति पत्र लेकर नन्हें-मुन्ने बच्चे पहुंचे तो आकर्षक सजावट देख दंग रह गए। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों का मुंह मीठा कराकर स्वागत किया।बच्चों में पाठ पुस्तक भेंट की गई।नवीन कक्षा में प्रवेश लेने के बाद बच्चे पहले अपने पुराने सहपाठियों को खोजते रहे।पुराने सहपाठी मिले तो चेहरे खुशी से खिल उठे। ग्राम प्रधान श्री राजेंद्र प्रसाद सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एक भी बच्चा प्रवेश के लिए वंचित न रहे यह कार्य सबको मिलकर करना होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ने और शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए सभी को आगे आना होगा। प्रधानाध्यापक अरशद कमाल ने अभिभावकों से प्रतिदिन बच्चों को स्कूल भेजने की अपील किया। उक्त अवसर पर सहायक अध्यापक जफर अब्बास, सपना कुमारी, शिक्षामित्र रामवती देवी, प्रतिमा सिंह, प्रियंका मौर्या, आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनीता देवी, आंगनवाड़ी सहायिका बृजबाला, विमला, रामप्रीत, रोजगार सेवक प्रदीप कुमार,रसोईया गीता देवी, नर्मदा देवी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## डीएम ने किया नगवा बांध के स्थलों का निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 द्वारा सोमवार को बूढ़ी राप्ती के दायें तरफ अशोगवा-नगवा बांध के अतिसंवेदनशील स्थलो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 द्वारा सूपा राजा, भगौतापुर, सतवाढ़ी बाँध को देखा गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बचे हुए कार्यो को समय से पूर्ण करे। बाढ़ के दौरान कटान स्थलो पर सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में कंक्रीट भरी बोरिया व अन्य आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर लें। इस अवसर पर उपरोक्त के अधिशासी अभियन्ता सिंचाई निर्माण खण्ड व अन्य सम्बन्धित विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण का हुआ शुभारंभ



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** एक से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान द्वितीय चरण के प्रचार वाहनों को विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही एवं जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा लोगों को संचारी रोग नियंत्रण से बचाव हेतु संचारी रोग नियंत्रण को लेकर गांव गांव जाकर लोगों को जागरुक करेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि 15 दिन से अधिक बुखार से पीड़ित हैं, तो नजदीक अस्पताल व आशा से करे सम्पर्क। जिलाधिकारी द्वारा लोगो को संचारी रोग से बचाव हेतु शपथ दिलाया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 डीके0 चौधरी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत गर्भवती महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भनवापुर क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र मणि ओझा के अगुवाई में चिकित्सा टीम के पुष्पादेवी, सीमा, लक्ष्मी, शाहजहां, किरन, चांदनी, स्नेहा सिंह, खुशनुमा मीना, मानती आदि सहित कुल 37 गर्भवती महिलाओं का हेल्थ चेकअप करते हुए इलाज तथा चिकित्सीय परामर्श दिया। शिविर में जांच के दौरान लक्ष्मी, मीना, सीमा, तसीबुननिशा आदि कुल 12 उच्च जोखिम वाले महिलाओं को चिन्हित किया गया। जांच में उच्च रक्त चाप, फीटस का बेड़ा होना, गंभीर एनिमिया, प्लेसेंटा का विकृत होना आदि पाया गया। डॉ.ओझा के द्वारा बताया गया इस कार्यक्रम के माध्यम से गर्भावस्था के शुरुआती दिनों में ही उच्च जोखिम वाले खतरे के लक्षण को चिन्हित करते हुए गर्भावस्था के प्रारंभिक दिनों में ही चिकित्सीय इलाज एवं परामर्श देते हुए अथवा उच्च चिकित्सालय पर संदर्भित करते हुए जच्चा और बच्चा को सुरक्षित किया जा सकता है। इस दौरान डॉ सिद्धार्थ जायसवाल, प्रेम कुमार त्रिपाठी, डॉ. श्रीया चौधरी, रुपम पाठक, सविता मौर्या, अर्चना चौधरी, कु. वर्षा सागर, सुमन, कृष्ण गोपाल उर्फ प्रिंस पांडे, रविंद्र कुमार, दुर्गावती आदि शामिल रहे।

# तिलक लगाकर फूल बरसा कर परिषदीय स्कूलों के शिक्षक-शिक्षकाओं में बच्चों का किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**मिठवल सिद्धार्थनगर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश की समाप्ति के बाद शासन के निर्देशानुसार 26 जून से नए शिक्षण सत्र के शुभारंभ के साथ ही जिले के सभी स्कूलों के दरवाजे स्कूली बच्चों के लिए पुनः खोल दिए गए हैं। जहां सोमवार की सुबह स्कूली बच्चों ने स्कूलों का रूख किया। वहीं प्रथम दिन होने पर प्रवेशोत्सव की तैयारी में बैठे स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाओं ने बच्चों के माथे पर तिलक-चंदन लगाकर उनका स्वागत किया। साथ ही नए कक्षाओं की पाठय-पुस्तिकाओं का वितरण करते हुए नए कक्षा से रूबरू कराया।

इस दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशियां खिली रही। बच्चो की चहलकदमी से स्कूल भी गुलजार होने लगा। शिक्षकों ने बच्चों से मेहनत के साथ आगे अपनी बेहतर पढ़ाई करने की अपील की। नये कक्षा और नये सत्र की जिम्मेदारियों के बीच बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अब नये सत्र में स्कूल के शिक्षक, शिक्षिका अपनी कार्ययोजनाओं के तहत अकादमिक पठन-पाठन कार्य का संचालन करेंगे। सिद्धार्थनगर जिले के विकासखंड मिठवल के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बाजारडीह, प्राथमिक विद्यालय बाजारडीह, अशोगवा, हरिका खास, बैदौली खुर्द, भरथुआ के अन्य सभी स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया गया। जहां शिक्षकों ने बच्चों का स्वागत कर गणवेश, पुस्तक प्रदान कर पढ़ाई का शुभारंभ किया। ग्रीष्म अवकाश के बाद बच्चों में स्कूल आने एवं पढ़ाई को लेकर उत्साह दिखाई दिया और स्कूलों में बच्चों को मीठा खिलाया गया।

## सपाइयों ने मनाया अखिलेश का जन्मदिन

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन सपाइयों ने धूमधाम से मनाया। इसी कड़ी में जलालपुर विधानसभा के परूइय्या आश्रम मे स्थित बाबा बरूआदास इंटर कालेज के प्रांगण में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सिद्धार्थ मिश्रा के नेतृत्व में पीपल का पौधा लगाया गया। उन्होंने पौध लगाने के बाद कहा कि जिस प्रकार पीपल के वृक्ष की पूजा होती है। सबसे ज्यादा ऑक्सीजन देकर हम जीवो का जीवन बेहतर बना रहा है ठीक उसी प्रकार पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आम जनमानस की भलाई करते रहे। इस अवसर पर छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष रमेश यादव, सर्वेश यादव, हैप्पी गुप्ता,अध्यक्ष विवेक यादव, बसन्त गुप्ता, राम केश निषाद, अमित पान्डे, संतोष मिश्रा आदि साथी उपस्थित थे।

## 51 पेड़ रोपित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शोहरतगढ़ विधानसभा में आज



समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मणेन्द्र मिश्रा के संयोजन में खरगौरा, पलिया टेकधर, पकड़ी बरगदवा, करौना चौराहा, साहा, लखनपारा, सिरवत न्याय पंचायत, डिहवा, ससना में आज पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के 51वें जन्मदिन पर 51 PDA पेड़ (बरगद, पीपल, नीम) रोपित करवाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। श्री मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार के दौरान बतौर मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने सिद्धार्थनगर में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की स्थापना कर वैश्विक मानचित्र पर बुद्धभूमि को पुनः प्रतिष्ठित किया था। उनकी नीतियां समावेशी और आम जन हितैषी थी।

## अजेय विश्व विजेता

वाह, शाबाश, कमाल और करिश्मा...! क्रिकेट की टीम इंडिया के लिए और कितने शब्दों का इस्तेमाल करें। आज टीम इंडिया टी-20 की विश्व विजेता है। यह अप्रतिम खेल-उपलब्धि है। टीम इंडिया 2007 में भी, महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में, दनादन क्रिकेट की सर्वप्रथम विश्व विजेता बनी थी। 17 लंबे सालों की प्रतीक्षा और निरंतर संघर्ष के बाद टीम इंडिया दोबारा विश्व चैम्पियन बनी है। यह आत्मविश्वास, धैर्य, जीतने के जज्बे और एकसूत्र में बंधी टीम की शानदार जीत है। देश खुशी से झूम रहा है। आंखें नम हैं और मुस्कान से भीगी भी हैं। असंख्य देशवासियों ने अनगिनत दुआएं भी दी होंगी। पूजा-पाठ भी किए गए। यह जीत अकल्पनीय, अप्रत्याशित और आशातीत नहीं है, क्योंकि टीम इंडिया कई बार जीत की दहलीज तक पहुंच कर ठिठकती और पराजित होती रही है। विश्व विजेता बनने के लिए कमाल की बल्लेबाजी, सटीक और स्विंगर गेंदबाजी, चुस्त और असंभव-सा क्षेत्ररक्षण कर टीम इंडिया ने साल-दर-साल मेहनत की है। यह बात कप्तान रोहित शर्मा ने कही है। इस बार दक्षिण अफ्रीका को 7 रनों से हरा कर विश्व विजयी तिरंगा लहराया है, तो टीम इंडिया पराजय के जबड़े से 'अतुलनीय जीत' छीन कर लाई है। बेशक यह संकरी और रोमांचक जीत रही है। सबसे अद्भुत उपलब्धि तो यह है कि भारत के क्रिकेटर पूरे विश्व कप में 'अजेय' रहकर विश्व विजेता बने हैं। यह रोहित शर्मा के 257 रनों, सूर्यकुमार यादव के 199 विस्फोटक रनों, फाइनल मैच में मास्टर विराट कोहली के 59 गेंदों पर 76 रन और अक्षर पटेल की 31 गेंदों पर 47 रनों की छक्केदार पारी के साथ-साथ बुमराह की 15, अर्शदीप सिंह की 17, हार्दिक पंड्या की 11 और कुलदीप यादव की 10 विकेटों की सामूहिक जीत है।

बेशक ऋषभ पंत के योगदान को भी भुलाया नहीं जा सकता। टीम इंडिया का गठन ऐसा है कि बोर्ड और चयनकर्ताओं ने भी हस्तक्षेप नहीं किया। टीम को शिद्दत से खेलने दिया गया। 2023 में एकदिनी क्रिकेट के विश्व कप का फाइनल हारने के बावजूद रोहित शर्मा की कप्तानी पर भरोसा किया गया। बहरहाल टीम इंडिया ऐसी इकलौती टीम है, जिसने एकदिनी विश्व कप, टी-20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी 2-2 बार जीते हैं। नतीजतन टीम इंडिया टी-20 की भी विश्व में 'नंबर वन' टीम है। एक दौर था, जब हम ऐसी 'सर्वोच्चता' की कल्पना भी नहीं कर सकते थे। आज से 13 साल पहले 2011 में टीम इंडिया ने दूसरी बार एकदिनी क्रिकेट का विश्व खिताब जीता था। अब भारत में कपिलदेव, महेंद्र सिंह धोनी, रोहित शर्मा सरीखे विश्व विजेता कप्तान हैं। अब नई, युवा पीढ़ी इस करिश्माई उपलब्धि का सिलसिला बरकरार रखेगी। चूंकि विश्व विजयी होने के तुरंत बाद विराट कोहली ने 'अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट' से संन्यास की घोषणा कर दी है और 2026 के अगले टी-20 विश्व कप तक रोहित शर्मा की उम्र भी 39 साल हो जाएगी, लिहाजा नए नेतृत्व को ढूंढने और तराशने की अहम दरकार है। भारत की बल्लेबाजी विख्यात रही है। विराट नहीं चले, तो रोहित के छक्कों ने धुएं उड़ा दिए। अब गेंदबाजी का खौफ भी फैलने लगा है। बुमराह की स्विंग का तोड़ विरोधी टीमें नहीं निकाल पा रही हैं। अर्शदीप ऐसा गेंदबाज उभरा है, जिसकी सटीक गति ने विरोधी पक्ष के पसीने छुड़ा रखे हैं। कुलदीप और अक्षर की घूमती गेंदें एक रहस्य लगती हैं।

इसी विश्व कप के दौरान टीम इंडिया ने गत चैंपियन इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीमों को पटखनी दी है, उसे समूचे विश्व के क्रिकेट प्रेमियों ने देखा होगा और सराहा भी होगा। विश्व चैंपियन बनने की 'गुरु दक्षिणा' मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को दी गई है, क्योंकि इसी प्रतियोगिता के साथ उनका दौर भी समाप्त हो गया है। संभवत~ गौतम गंभीर अब टीम इंडिया के नए कोच होंगे। कोहली को विदाई की सौगात भी मिली है और वह 'प्लेयर ऑफ दि मैच' भी चुने गए हैं। 'प्लेयर ऑफ दि टूर्नामेंट' का सम्मान बुमराह को दिया गया है। अब भारत लौटने पर टीम का 'नायकीय स्वागत' किया जाएगा। देश की अपेक्षा और उम्मीद रहेगी कि टीम अंतिम दौर में तनाव और दबाव के कारण फिसलना कम करे। इसका भी प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। खिलाड़ी अपने खेल में निरंतरता कायम रखने की कोशिश करें। बहरहाल सभी को ढेरों बधाइयां।

## भाग्य साहसी पुरुषों का देता है साथ


संजीव ठाकुर

जहां सफलता की संभावना एकदम कम तथा न्यून हो और सफलता मिल जाए तो भाग्य को श्रेय दिया जाता है। वास्तव में जो सफलता के चरम पर होता है, वह खुद ही जानता है कि भाग्य जैसी कोई चीज नहीं होती हैद्य पर सफल व्यक्ति से जुड़े हुए लोग उसके साहस और श्रम को श्रेय देने के बजाय व्यक्ति के भाग्य पर जोर देने लगते हैं। इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, जो सफलता को कुछ निश्चित गुणों पर आधारित मानते हैं।असफल व्यक्ति ही भाग्य पर ज्यादा भरोसा करते हैं, असफल होने पर अपने भाग्य को कोसते हैं। वस्तुतः भाग्य नाम की कोई चिड़िया होती ही नहीं है। भाग्य साहस और मेहनत की परिणति है। जिसके भीतर साहस और श्रम करने की प्रवृत्ति होती है, वही व्यक्ति सफल होता है। भाग्य उसका सदैव साथ देता है। साहसी व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता,चुनौतियां स्वीकार करता है,और निडर होकर हर चुनौती का डटकर मुकाबला करता है। साहसी व्यक्ति कांटों से भरे पथ पर चलने के लिए तत्पर रहता है, डर नामक चीज़ से वह परिचित नहीं होता है। और अपनी मेहनत और साहस के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त करता है, वही व्यक्ति भाग्यवान कहलाता है।

मशहूर मुक्केबाज मोहम्मद अली उर्फ कैशियस क्ले ने एक महत्वपूर्ण मुक्केबाजी की स्पर्धा जीतकर कहा था, जो व्यक्ति जीवन में ज्यादा खतरे नहीं उठाता वह एक साधारण जिंदगी जीने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकता मोहम्मद अली के इस कथन में कई सफलता के तत्व छुपे हुए हैं, यदि आपने अपनी जिंदगी में साहस नहीं दिखाया तो निश्चित तौर पर आप कुछ भी उल्लेखनीय नहीं कर सकते हैं, साहस एक ऐसा माननीय गुण है जो व्यक्ति की सफलता को दुगना कर देता है। साहस और श्रम ही जीवन का पर्याय है, और ऐसे व्यक्ति भीड़ में अलग दिखाई देते हैं। उन्हें ही समाज सफल व्यक्ति एवं भाग्यवान होने की श्रेणी में रखता है। साहसी व्यक्ति के मन में हिचक नहीं होती वह किसी भी निर्णय लेने में कभी किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं होता, अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए वह अपने साहस और श्रम पर विश्वास रख आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहता है। नेपोलियन बोनापार्ट के अनुसार भाग्य केवल सक्रिय मस्तिष्क का साथ देता है, इसीलिए मनुष्य को अपना मस्तिक सदैव क्रियाशील व सक्रिय रखना चाहिए, वास्तव में हम जैसे विचार रखते हैं, हम जैसा सोचते हैं, हम वैसे ही बन जाते हैं, जिसने विचारों की ऊर्जा को पहचाना, उसका जीवन सकारात्मक तथा सफलता के कदम चूमता है। अपने लक्ष्य के बारे में सदैव विचार करते रहें एवं उपलब्ध संसाधनों का रोना रोने के बजाय यह सोचना आवश्यक होगा कि हम अपना सर्वोत्तम कैसे दे सकते हैं। ऐसे विचारों और साहस के बहुत बड़े उदाहरण मीराबाई चानू,बजरंग पूनिया और गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा हैं, जो देश के लिए बहुत बड़े उदाहरण हैं। इसके अलावा अन्य भी जिन्होंने ओलंपिक 2020 जापान में देश के लिए खेल में चार और मेडल प्राप्त किया और देश का गौरव बढ़ाया। इन सब को बधाइयों के साथ शुभकामनाएं भी हैं, इनकी मेहनत लगन और साहस को देश के 135 करोड़ आवाम का अभिनंदन तथा वंदन है। थॉमस कूलर के अनुसार बुद्धिमान व्यक्ति अवसर को एक अच्छे भाग्य में बदल देता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

निस्संदेह, लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की हालिया रिपोर्ट आंख खोलने वाली है, रिपोर्ट गंभीर चिन्तन-मंथन की आवश्यकता को भी उजागर कर रही है।। यह जानते हुए भी कि भारत लगातार मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियों में जकड़ता हुआ बीमार राष्ट्र बनता जा रहा है। इन असाध्य बीमारियों का कारण कहीं-न-कहीं श्रम की कमी एवं सुविधावादी जीवनशैली ही है। दरअसल, आजादी के बाद देश में आर्थिक विकास को गति मिली है। अब हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

# भारत में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ताजनक


ललित गर्ग

भारत में बढ़ती शारीरिक अकर्मण्यता एवं आलसीपन एक समस्या के रूप में सामने आ रहा है, लोगों की सक्रियता एवं क्रियाशीलता में कमी आना एवं वयस्कों में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ता का सबब है। इस दृष्टि से प्रतिष्ठित लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की वह हालिया रिपोर्ट आईना दिखाने वाली है जिसमें पचास फीसदी भारतीयों के शारीरिक श्रम न करने का उल्लेख है। महिलाओं की स्थिति ज्यादा चिंता बढ़ाने वाली है। उनकी निष्क्रियता का प्रतिशत 57 है। वैसे अकेले पुरुषों की निष्क्रियता का प्रतिशत 42 है। इस अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है कि अगर वर्तमान में तेजी से पसर रहा आलसीपन एवं शारीरिक निष्क्रियता इसी तरह जारी रहा तो 2030 तक भारत में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता वाले वयस्कों की संख्या बढ़कर साठ प्रतिशत तक पहुंच जायेगी, जो चिन्ताजनक है।

लैंसेट ग्लोबल हेल्थ रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आधी वयस्क आबादी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के शारीरिक गतिविधि संबंधी मानदंडों को पूरा नहीं कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के वयस्कों में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता का पैमाना 2000 में 22.3 फीसदी से बढ़कर 2022 में 49.4 फीसदी हो गई है, साथ ही इसमें बताया गया है कि देश में महिलाएं पुरुषों की तुलना में ज्यादा शारीरिक रूप से ज्यादा निष्क्रिय हुई हैं। इस निष्क्रियता, आलसीपन एवं उदासीनता का कारण बढ़ते उपभोक्तावाद एवं शहरीकरण से उपजी सुविधावादी एवं आरामदायक जीवनशैली है। इसके कारण बीमारियां भी बढ़ रही है। क्योंकि जब व्यक्ति को सुस्त, निढ़ाल एवं निस्तेज देखा जाता है तो इसका सीधा अर्थ यही लगाया जाता है कि शायद उसकी तबीयत ठीक नहीं है। विडम्बना यह भी है कि समय के साथ विस्तृत होने दायरे के बीच ज्यादातर लोगों की व्यस्तता तो बढ़ी है, मगर उनकी शारीरिक सक्रियता, उत्साह एवं जोश में तेजी से कमी आई है, जो नये बनते भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प के सामने एक बड़ी चुनौती है।

भविष्य के भारत को लेकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश की साठ प्रतिशत आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे तो आने वाले वक्त में यहां की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक रूप से कैसी तस्वीर बनेगी। जिस देश की अधिकांश आबादी के सामने रोजी-रोटी की समस्या जटिल एवं अहम है, वहां के लोगों को जीवन चलाने के लिये शारीरिक रूप से जरूरत से ज्यादा सक्रिय रहते हुए श्रम करना पड़ता है। इन स्थितियों में बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि भारत में ऐसे हालात कैसे पैदा हो रहे हैं कि यहां इतनी बड़ी आबादी सुस्त एवं आलसी होती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित शोधकर्ताओं का मानना है कि भारत एशिया प्रशांत में उच्च आय वर्ग वाले देशों में निष्क्रियता के क्रम में दूसरे स्थान पर है।



निस्संदेह, लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की हालिया रिपोर्ट आंख खोलने वाली है, रिपोर्ट गंभीर चिन्तन-मंथन की आवश्यकता को भी उजागर कर रही है।। यह जानते हुए भी कि भारत लगातार मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियों में जकड़ता हुआ बीमार राष्ट्र बनता जा रहा है। इन असाध्य बीमारियों का कारण कहीं-न-कहीं श्रम की कमी एवं सुविधावादी जीवनशैली ही है। दरअसल, आजादी के बाद देश में आर्थिक विकास को गति मिली है। अब हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। औसत भारतीय के जीवन स्तर में सुधार जरूर आया है तो आम नागरिक का जीवन सुविधावादी भी बना है। इस संकट की वजह शहरीकरण और जीवन के लिये जरूरी सुविधाओं का घर के आस-पास उपलब्ध हो जाना भी है, आनलाइन प्रचलन भी बड़ा कारण बन रहा है। पहले देश की साठ फीसदी से अधिक आबादी कृषि व उससे जुड़े श्रमसाध्य कार्यों में सक्रिय थी। लेकिन अब मेहनतकश किसान को कोई शारीरिक श्रम करने की जरूरत नहीं पड़ती है, कृषि की ही तरह अन्य श्रम से जुड़े कार्यों में भी मेहनत एवं श्रम पहले ही तुलना में कम करना पड़ता है क्योंकि धीरे-धीरे कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में आधुनिक यंत्रों व तकनीकों ने शारीरिक श्रम की महत्ता को कम किया है। कृषि-क्रांति से बड़ी संख्या में निकले लोगों ने शहरों को अपना ठिकाना बनाया, लेकिन वे शारीरिक सक्रियता को बरकरार नहीं रख पाये। इन स्थितियों ने भी व्यक्ति को आलसी, अकर्मण्य एवं सुस्त बनाया है। इस शारीरिक निष्क्रियता के मूल में भारतीय पारिवारिक संरचना व सांस्कृतिक कारण भी हैं। घर-परिवार संभालने वाली महिलाओं में भी बढ़ते सुविधा के साधनों के कारण श्रमशीलता कम हुई है। कुछ दूर पर सब्जी-फल लेने जाने पर भी हम वाहनों का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा भी नहीं है कि शहरों में स्वास्थ्य चेतना का विकास नहीं हुआ, लेकिन इसके बावजूद शहरों के पार्कों में सुबह गिने-चुने लोग ही नजर आते हैं। व्यक्तियों में प्रातः भ्रमण, योग, ध्यान, व्यायाम की गतिविधियों में भी कमी देखने को मिल रही है।

इस जटिल से जटिलतर होती समस्या से मुक्ति के लिये हर व्यक्ति को जागरूक होना होगा। खुद को छोटी-मोटी असुविधाओं के लिए तैयार करना होगा। कभी-कभार थोड़ा कम नींद लेने, कम खाने या फिर ज्यादा देर काम कर लेने की मानसिकता को बल देना होगा। जरा सी चुनौती सामने आने पर बेचैन न हों, उसे नया सीखने के मौके व नए अनुभव के रूप में देखना होगा। अक्सर जब कुछ नया करने के लिए कदम बढ़ाते हैं, तो पुरानी आदतें एवं आराम की मानसिकता तुरंत परीक्षा लेने आ जाती हैं। हमें ललचाती हैं या फिर खुद को थोड़ा ढील देने के लिए कहती हैं। मन भी खुद को बड़ी आसानी से समझाने लगता है कि कुछ देर और सो जाने, और मीठा खा लेने, फोन पर बात करने या काम को कल पर टालने से कुछ गड़बड़ नहीं होगा। कुल मिलाकर हम मन के बहकावे में आने लगते हैं और खुद को छूट देने लगते हैं जो हमें सुस्त, आलसी एवं निस्तेज बनाता है।

विचित्र स्थिति यह भी है कि लोगों में व्यस्तता में एक अजीब किस्म की बढ़ोतरी हुई, जीवन व्यस्त से ज्यादा अस्त-व्यस्त हुआ है। जरूरी कामों को छोड़कर तमाम लोग रोजाना पांच से सात घंटे या इससे भी ज्यादा समय अपने स्मार्टफोन या अन्य तकनीकी संसाधनों, सोशल मीडिया एवं अन्य आभासी मंचों पर समय बर्बाद करते हैं। कोरोना महामारी के दौरान वर्क फरोम हॉम का प्रचलन बढ़ा, उसने भी लोगों को ज्यादा शिथिल होने में भूमिका निभाई है। देर राज तक जगना एवं सुबह देर तक सोना, इस तरह बिगड़ती दिनचर्या एवं शरीर की प्राकृतिक घड़ी का चक्र बिगड़ने से दिन भर आलस्य बना रहता है। ताजा अध्ययन में पता चला कि 195 देशों में भारत अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता के मामले में 12वें स्थान पर है। इसके अलावा, लैंसेट की रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर एक तिहाई वयस्क लगभग 1.8 बिलियन लोग 2022 में अनुशंसित शारीरिक सक्रियता को पूरा करने में विफल रहे। जिसके कारण मधुमेह एवं हृदय रोग का खतरा मंडरा रहा है। भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे देशों में महिलाओं में अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि चिंता का विषय बनी हुई है।

# वेंकैया गारू- भारत की सेवा में समर्पित जीवन

1990 के दशक में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने वेंकैया गारू के परिश्रम और प्रयासों को पहचानते हुये उन्हें पार्टी का अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त किया। 1993 में यहीं से राष्ट्रीय राजनीति में उनका कार्यकाल शुरू हुआ था। एक ऐसा व्यक्ति, जो किशोरावस्था में अटल जी और आडवाणी जी के दौरों की तैयारी करता था, उनके लिए ये कितना बड़ा मुकाम था। पार्टी महासचिव के रूप में, उनका एक ही लक्ष्य था कि अपनी पार्टी को सत्ता में कैसे लाया जाए! उनका एक ही संकल्प था कि कैसे देश को बीजेपी का पहला प्रधानमंत्री मिले। दिल्ली आने के बाद, उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। कुछ ही समय बाद वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बने।

आज भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति और राष्ट्रीय राजनीति में शुचिता के प्रतीक हमारे श्री एम. वेंकैया नायडू गारू का जन्मदिवस है। वेंकैया नायडू जी आज 75 वर्ष के हो गए हैं। उन्होंने राष्ट्रसेवा और जनसेवा को हमेशा सर्वोपरि रखा है। मैं उनके दीर्घायु होने और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। देश में उनके लाखों चाहते वाले हैं। मैं उनके सभी शुभचिंतकों और समर्थकों को भी बधाई देता हूं।

वेंकैया जी का 75वां जन्मदिवस एक विशाल व्यक्तित्व की व्यापक उपलब्धियों को समेटे हुये है। उनका जीवन सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता की ऐसी यात्रा है, जिसके बारे में सभी देशवासियों को जानना चाहिए। राजनीति में अपने प्रारम्भिक दिनों से लेकर उपराष्ट्रपति जैसे शीर्ष पद तक, नायडू गारू ने भारतीय राजनीति की जटिलताओं को जितनी सरलता और विनम्रता से पार किया, वो अपने आपमें एक उदाहरण है। उनकी वाकपटुता, हाजिरजवाबी और विकास से जुड़े मुद्दों के प्रति उनकी सक्रियता के कारण उन्हें दलगत राजनीति से ऊपर हर पार्टी में सम्मान मिला है। वेंकैया गारू और मैं दशकों से एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। हमने लंबे समय तक अलग-अलग दायित्वों को संभालते हुए साथ काम किया है, और मैंने हर भूमिका में उनसे बहुत कुछ सीखा है। मैंने देखा है, जीवन के हर पड़ाव पर आम लोगों के प्रति उनका स्नेह और प्रेम कभी नहीं बदला। वेंकैया जी सक्रिय राजनीति से आंध्र प्रदेश में छात्र नेता के रूप में जुड़े थे। उन्होंने राजनीति के पहले पड़ाव पर ही प्रतिभा, वक्तृत्व क्षमता और संगठन कौशल की अलग छाप छोड़ी थी। किसी भी राजनीतिक दल में उन्हें कम समय में बड़ा स्थान मिल सकता था। लेकिन उन्होंने संघ परिवार के साथ काम करना पसंद किया, क्योंकि उनकी आस्था राष्ट्र प्रथम के विजन में थी। उन्होंने विचार को व्यक्तिगत हितों से ऊपर रखा और बाद में जनसंघ एवं बीजेपी को मजबूत किया।

लगभग 50 साल पहले जब कांग्रेस पार्टी ने देश में आपातकाल लगाया था, तब युवा वेंकैया गारू ने आपातकाल विरोधी आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्हें लोकनायक जेपी को आंध्र प्रदेश में आमंत्रित करने के लिए जेल जाना पड़ा। लोकतंत्र के लिए उनकी ये प्रतिबद्धता, उनके राजनीतिक जीवन में हर जगह दिखाई देती है। 1980 के दशक के मध्य में, जब महान एनटीआर की सरकार को कांग्रेस ने गलत तरीके से बर्खास्त कर दिया था, तब वे फिर से लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए हुए आंदोलन की अग्रिम पंक्ति में थे। 1978 में आंध्र प्रदेश ने जब कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया था, तब वेंकैया जी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद एक युवा विधायक के रूप में जीतकर आए थे। पांच साल बाद, राज्य चुनाव में एनटीआर की लोकप्रियता अपने सर्वोच्च स्तर पर थी। तब भी वे बीजेपी के विधायक चुने गए। उनकी जीत ने आंध्र समेत दक्षिण में बीजेपी के लिए भविष्य के बीज बोये थे। युवा विधायक के रूप में ही, वे विधायी मामलों में अपनी दृढ़ता और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की आवाज उठाने के लिए सम्मानित होने लगे।

उनकी वाकपटुता, शब्दशैली और संगठन सामर्थ्य से प्रभावित होकर एनटीआर जैसे दिग्गज ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। एनटीआर उन्हें अपनी पार्टी में शामिल करना चाहते थे, लेकिन वेंकैया गारू हमेशा की तरह अपनी मूल विचारधारा पर अडिग रहे। उन्होंने आंध्र प्रदेश में बीजेपी को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाई, गांवों में जाकर सभी क्षेत्रों के लोगों से जुड़े। उन्होंने विधानसभा में पार्टी का नेतृत्व किया और आंध्र प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष भी बने। 1990 के दशक में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने वेंकैया गारू के परिश्रम और प्रयासों को पहचानते हुये उन्हें पार्टी का अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त किया। 1993 में यहीं से राष्ट्रीय राजनीति में उनका कार्यकाल शुरू हुआ था। एक ऐसा व्यक्ति, जो किशोरावस्था में अटल जी और आडवाणी जी के दौरों की तैयारी करता था, उनके लिए ये कितना बड़ा मुकाम था। पार्टी महासचिव के रूप में, उनका एक ही लक्ष्य था कि अपनी पार्टी को सत्ता में कैसे लाया जाए! उनका एक ही संकल्प था कि कैसे देश को बीजेपी का पहला प्रधानमंत्री मिले। दिल्ली आने के बाद, उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। कुछ ही समय बाद वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बने।



वर्ष 2000 में, जब अटल जी सरकार बना रहे थे तो वो वेंकैया गारू को अपनी सरकार में मंत्री बनाना चाहते थे। अटल जी ने उनसे उनकी इच्छा पूछी तो वेंकैया गारू ने ग्रामीण विकास मंत्रालय को अपनी प्राथमिकता के रूप में चुना। उनकी इस पसंद ने तब कई लोगों को हैरान किया था। क्योंकि, उसके पहले नेताओं के लिए दूसरे मंत्रालय पहली पसंद हुआ करते थे। लेकिन, वेंकैया गारू की सोच बिल्कुल स्पष्ट थी- वह एक किसान पुत्र थे, उन्होंने अपने शुरुआती दिन गांवों में बिताए थे और इसलिए, अगर कोई एक ऐसा क्षेत्र था जिसमें वह काम करना चाहते थे, तो वह ग्रामीण विकास था। उस समय एक मंत्री के रूप में 'प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना' को जमीन पर उतारने में उनकी अहम भूमिका थी।

2014 में एनडीए सरकार ने सत्ता संभाली, तो उन्होंने शहरी विकास, आवासन एवं शहरी गरीबी उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों को संभाला। उनके कार्यकाल के दौरान ही हमने 'स्वच्छ भारत मिशन' और शहरी विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं। शायद, वह उन नेताओं में से एक हैं जिन्होंने इतने लंबे समय तक ग्रामीण और शहरी विकास दोनों के लिए काम किया है। 2014 के उन शुरुआती दिनों में वेंकैया जी का अनुभव मेरे भी बहुत काम आया था। मैं उस समय दिल्ली के लिए एक बाहरी व्यक्ति था। मेरा करीब डेढ़ दशक गुजरात में ही काम करते हुये बीता था। ऐसे समय में वेंकैया गारू का सहयोग मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। वह एक प्रभावी संसदीय कार्य मंत्री थे। वो सदन में पक्ष-विपक्ष की बारीकियों को समझते थे। साथ ही, जब संसदीय मानदंडों और नियमों की बात आती थी, तब वो नियमों को लेकर भी उतना ही स्पष्ट नज़र आते थे। वर्ष 2017 में, हमारे गठबंधन ने उन्हें हमारे उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। ये हमारे लिए एक कठिन और दुविधा से भरा निर्णय था। हम ये जानते थे कि वेंकैया गारू के स्थान को भरना बेहद कठिन होगा। लेकिन साथ ही, हमें ये भी पता था कि उपराष्ट्रपति पद के लिए उनसे बेहतर कोई और उम्मीदवार नहीं है। मंत्री और सांसद पद से इस्तीफा देते हुए उन्होंने जो भाषण दिया था, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। जब उन्होंने पार्टी के साथ अपने जुड़ाव और इसे बनाने के प्रयासों को याद किया तो वह अपने आंसू नहीं रोक पाए। इससे उनकी गहरी प्रतिबद्धता और जुनून की झलक मिलती है। उपराष्ट्रपति बनने पर उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए जिससे इस पद की गरिमा और भी बढ़ी। वह राज्यसभा के एक उत्कृष्ट सभापति थे, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि युवा सांसदों, महिला सांसदों और पहली बार चुने गए सांसदों को बोलने का अवसर मिले। उन्होंने सदन में उपस्थिति पर बहुत जोर दिया, समितियों को अधिक प्रभावी बनाया। उन्होंने सदन में बहस के स्तर को भी ऊंचा उठाया। जब अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को हटाने का निर्णय राज्यसभा के पटल पर रखा गया, तो वेंकैया गारू ही सभापति थे।

# मध्यम वर्ग और आगामी बजट

इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश, उत्पादन, उच्च मूल्य वाली सर्विस, स्टार्टअप, पर्यटन और खेल के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने की संभावना तलाशी जा रही है। रोजगार पैदा करने वाले इन क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं में निवेश को बढ़ाने और नई परियोजनाओं को बजट के माध्यम से स्वीकृति मिलने की संभावना है। भाजपा सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने को लेकर लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पैरवी कर रही है। रोजगार के लिए महिला स्वयं सहायता समूह को सेवा क्षेत्र से जोड़ने का रास्ता खुल सकता है। इससे निम्न और मध्यवर्ग की महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। क्योंकि स्वयं सहायता समूह में इन्हीं वर्गों की महिलाएं सबसे ज्यादा कार्यरत हैं।


प्रेम शर्मा

अपेक्षा और दावे के विपरीत आए चुनाव परिणामों से भाजपा का शीर्ष नेतृत्व चिंतित है। उसे समझ में आ गया है कि मध्यम वर्ग की उपेक्षा के कारण वह चुनाव में अपना लक्ष्य पूरा नही कर पाई। ऐसे में आगामी आम बजट के जरिए केंद्र की भाजपा सरकार चुनावी घोषणा पत्र के वादों को पूरा करने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि इस बार का बजट युवा, रोजगार, महिला, बुजुर्ग और मध्यम वर्ग पर केंद्रित होगा। इसके लिए सरकार जहां आयुष्मान भारत से पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज को जारी रखेगी वहीं 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज मुहैया कराने का रास्ता भी साफ करेगी भाजपा ने चुनाव से पहले घोषणा की थी कि आयुष्मान भारत के तहत 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को मुफ्त में इलाज मुहैया कराया जाएगा। अब बजट के माध्यम से पैसे का आवंटन करने की तैयारी है। इस तरह सरकार अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का भी बजट बढ़ाने पर विचार कर रही है। इस बार युवाओं के लिए रोजगार पर भी विशेष ध्यान रहेगा। यही नही केन्द्र सरकार के कई विभागों में भारी भरकम रिक्तियों को भी भरने के लिए चरणबद्ध भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने पर विचार कर रही है। आम चुनाव के नतीजे उम्मीद के मुताबिक न आने के बाद से भाजपा सरकार युवाओं को साधने की कोशिश कर रही है। ज्ञात हो कि इस वर्ष के अंत में कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने हैं, जिसमें भाजपा को लगता है कि अगर युवा वर्ग नाराज हुआ तो नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए केंद्र सरकार अपने खजाने का मुंह खोलने को तैयार है। इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश, उत्पादन, उच्च मूल्य वाली सर्विस, स्टार्टअप, पर्यटन और खेल के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने की संभावना तलाशी जा रही है। रोजगार पैदा करने वाले इन क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं में निवेश को बढ़ाने और नई परियोजनाओं को बजट के माध्यम से स्वीकृति मिलने की संभावना है। भाजपा सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने को लेकर लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पैरवी कर रही है। रोजगार के लिए महिला स्वयं सहायता समूह को सेवा क्षेत्र से जोड़ने का रास्ता खुल सकता है। इससे निम्न और मध्यवर्ग की महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। क्योंकि स्वयं सहायता समूह में इन्हीं वर्गों की महिलाएं सबसे ज्यादा कार्यरत हैं। महिलाओं की जन सुविधा के लिए सरकार बड़े शहरों में सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय बनाने को लेकर भी अलग से योजना ला सकती है। देशभर में महिलाओं के सामने सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और ओस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारी की बड़ी समस्या है, जिसके लिए सरकार राष्ट्रीय स्तर पर विशेष स्वास्थ्य प्रोग्राम संचालित करने का ऐलान भी कर सकती है।




इस बार सरकार की वित्तीय स्थिति काफी अच्छी है। जीएसटी समेत अन्य कर संग्रह तेजी से बढ़ रहा है। अप्रैल महीने में जीएसटी का अब तक का उच्चतम 2.10 लाख करोड़ रुपये का कर संग्रह हुआ। हालांकि, इसमें मई महीने में थोड़ी गिरावट आई थी लेकिन उसके बावजूद 1.73 लाख करोड़ रुपये सरकार के खजाने में आया। इस तरह से बाकी मदों से भी सरकार की आमदनी बढ़ी है। इसलिए सरकार वित्तीय स्थिति को देखते हुए अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए अपनी जनकल्याणकारी और महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के लिए बजट में बड़े ऐलान कर सकती है। युवा एवं पढ़े लिखें बेरोजगारों, प्रतियोगी परीक्षाओं चल रही धांधली से नाराज युवाओं की नाराजगी दूर करने के लिए केंद्र सरकार अपने खजाने का मुंह खोलने को तैयार है। रोजगार पैदा करने वाले इन क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं में निवेश को बढ़ाने और नई परियोजनाओं को बजट के माध्यम से स्वीकृति मिलने की संभावना है। भाजपा सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने को लेकर लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पैरवी कर रही है। जानकारों के अनुसार इस बार का बजट आधारभूत ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का होगा। इसके लिए सरकार सड़क, रेल, बंदरगाह, बिजली, ग्रीन एनर्जी, एयरपोर्ट, मेट्रो समेत अन्य क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं को लेकर बड़ी घोषणा हो सकती हैं। इन परियोजनाओं के जरिए रोजगार के बड़े अवसर भी पैदा होंगे। इस तरह से उत्पादन और सर्विस क्षेत्र को लेकर भी बड़ी घोषणाएं संभव है, जिसमें सबसे ज्यादा कुशल व प्रशिक्षित युवाओं की जरूरत पड़ेगी। युवा अपने दम पर कारोबार के क्षेत्र में आगे बढ़ें, इसके लिए स्टार्टअप पर दी जा रही छूट को आगे भी जारी रखा जा सकता है कुछ अतिरिक्त ऐलान भी स्टार्टअप को लेकर किए जा सकते हैं। खेल और पर्यटन से जुड़ी मदों का बजट भी बढ़ाया जा सकता है। चुनाव से पहले भाजपा ने घोषणा पत्र में युवाओं के लिए इन सभी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करने का वादा भी किया था। यही नही बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से परेशान मध्यम वर्ग के लिए आगामी बजट में वित्त मंत्री सीतारमण अभूतपूर्व घोषणाए कर सकती है। इस बॉत के संकेत गत दिवस बजट में राहत और आर्थिक सुधार के संकेत राष्टपति अभिभाषण से भी मिले। श्री मुर्मू ने कहा कि आगामी बजट भविष्यदर्शी दस्तावेज होगा। सभी सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाने का प्रावधान होगा। बजट में सरकार की ओर से ऐसे कई बड़े आर्थिक और सामाजिक फैसले लिए जाएंगे जिससे सरकार की दूरगामी नीति और भविष्य की दूरदर्शिता नजर आएगी।

# 'वे हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते', राहुल के सदन में दिए बयान के बचाव में उतरीं प्रियंका



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष के तौर पर राहुल गांधी के हिंदुओं पर दिए एक बयान ने हंगामा मचा दिया। सत्तारूढ़ दल के नेताओं ने राहुल को घेरा तो विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बचाव में आ गए हैं। विपक्षी नेताओं इस बात पर जोर दिया है कि राहुल गांधी ने हिंदुओं के बारे में नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के बारे में टिप्पणी की थी। राहुल गांधी के बचाव में उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा 'राहुल गांधी हिंदू धर्म का अपमान नहीं कर सकते, उन्होंने बहुत स्पष्ट बोला है। उन्होंगे भारतीय जनता पार्टी और उसके नेताओं के बारे में बोला है।'

उधर कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला का कहना है कि राहुल गांधी ने हिंदुओं के बारे में टिप्पणी नहीं की। कांग्रेस नेता ने कहा 'राहुल ने कहा कि भाजपा के जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं, वे हिंदु धर्म का पालन नहीं करते। हम सब हिंदू हैं। शिवजी ने जो कहा हम उसका पालन करते हैं। राहुल गांधी भाजपा के लोगों को बोल रहे थे कि आप हिंसा फैलाते हो और हिंदू धर्म का पालन नहीं करते हो। भाजपा के नेताओं को लगता है कि सिर्फ वे ही हिंदू हैं।' उधर कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि राहुल गांधी ने अपने संबोधन में भगवान शिव का उल्लेख किया। वेणुगोपाल के अनुसार 'राहुल गांधी ने बताया कि असली हिंदू कौन है। भाजपा नेता चुनाव में हिंदुओं का इस्तेमाल ध्रुवीकरण के लिए करते हैं। वे चुनाव जीतने के लिए हिंदुओं का इस्तेमाल करते हैं। राहुल गांधी ने स्पष्ट रूप से अपनी बात रखी है और भाजपा नेता इसे लेकर गलत बयानबाजी कर रहे हैं।' राहुल गांधी के बचाव में कांग्रेस सांसद के सुरेश ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'हम सभी हिंदू हैं। भाजपा हिंदुओं का इस्तेमाल खुद को राजनीतिक रूप से फायदा पहुंचाने के लिए करती है। दरअसल, राहुल गांधी ने कहा था जो खुद को हिंदू कहते हैं, वह हिंसा-हिंसा करते हैं। इसे लेकर सदन में जबरदस्त हंगामा हुआ। खुद पीएम मोदी ने राहुल के भाषण के बीच उन्हें टोका और कहा कि पूरे हिंदू समुदाय को हिंसा से जोड़ना ठीक नहीं है। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी राहुल गांधी पर जमकर पलटवार किया। शाह ने कहा कि राहुल गांधी को इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। हमने देश के लोगों के साथ मिलकर इसकी रक्षा की है। पूरा विपक्ष आइडिया ऑफ इंडिया को बचा रहा है। राहुल गांधी ने भगवान शिव को अपने लिए प्रेरणा बताते हुए कहा कि उनसे विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष की प्रेरणा मिली। उनके बाएं हाथ में त्रिशूल का मतलब अहिंसा है। हमने बिना किसी हिंसा के सच की रक्षा की है। बीजेपी को निशाने पर लेते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उनके लिए सिर्फ सत्ता मायने रखती है। मुझ पर फर्जी मुकदमे किए गए। ईडी ने पूछताछ की, अफसर भी हैरान थे। इंडिया ब्लॉक के नेताओं को जेल में रखा है। ओबीसी-एससी-एसटी की बात करने वालों पर मुकदमे किए जा रहे हैं।

## सीएम योगी ने अखिलेश को दी बधाई



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को जन्मदिन की बधाई दी। सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने लिखा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि आपको सुदीर्घ जीवन और उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति हो। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आज अपना 51वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर सपा कार्यालय लखनऊ में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। लोकसभा चुनाव 2024 में सपा यूपी में सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है। पार्टी ने 2014 और 2019 के खराब प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए प्रदेश में 37 सीटें हासिल की। इस जीत ने देश की सियासत में अखिलेश यादव का कद बहुत बढ़ा दिया है। अब सपा देश में भाजपा व कांग्रेस के बाद सबसे बड़ी पार्टी है।

# बिहार में भीषण सड़क हादसा, टुकड़े में बंटी कार, छिटककर सड़क पर बिछ गई तीन लाशें



**रोहतास (यूएनआई)।** रोहतास में भीषण सड़क हादसे में पति-पत्नी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मुफस्सिल थानाक्षेत्र के अकोढ़ीगोला अमरा तालाब पथ पर चांदी गांव की है। सोमवार दोपहर कार और ट्रैक्टर के बीच सीधी टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार टुकड़ों में बंट गई। कार सवार सभी लोग बाहर फेंका गए। दंपती समेत तीन मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया।

इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने मरने वालों की लाशों को पोस्टमार्टम करवाया। वहीं क्षतिग्रस्त कार को जब्त कर लिया। पुलिस के अनुसार, सड़क हादसे में दंपती और जमुहार नारायण मेडिकल में स्वास्थ्य कर्मी की मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। उसकी तलाश में छापेमारी चल रही है। कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि कार सवार पांच लोग बघेला थानाक्षेत्र के अपने पड़रिया गांव से सासाराम जा रहे थे। चांदी गांव के पास हादसा हुआ। मरने वालों में 40 वर्षीय वीरेंद्र पांडेय और उनकी पत्नी इन्दू देवी (35), अगरेर थाना क्षेत्र के खुदेनी खुढनु गांव निवासी गुड्डू कुमार (स्वास्थ्य कर्मी) शामिल हैं। वहीं वीरेंद्र पांडेय की पुत्री एवं कार चालक सवार की हालत गंभीर है।नारायण मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। पुलिस तीनो शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दी है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं स्थानीय लोग ट्रैक्टर चालक पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# ग्रीष्मावकाश के उपरान्त खुले सी.एम.एस. के सभी कैम्पस, छात्रों व अभिभावकों में छाई खुशी की लहर



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के सभी कैम्पस गर्मी की छुट्टियों के उपरान्त आज से पुनः खुल गये और सभी 21 कैम्पसों में आज से नियमित पढ़ाई प्रारम्भ हो गई। आज स्कूल खुलने पर शिक्षकों, छात्रों व अभिभावकों की खुशी देखने लायक थी।

छात्रों की खुशी का आलम यह रहा कि आज पहले ही दिन विद्यालय के सभी कैम्पसों के लगभग शत-प्रतिशत उपस्थित दर्ज की गई तथापि सी.एम.एस. के सभी कैम्पसों के शिक्षक-शिक्षकाओं व छात्रों ने साथ मिलकर बड़े हर्षोल्लास से 'विद्या का पर्व' समारोह मनाया। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने स्कूल खुलने पर छात्रों व शिक्षकों को बधाई देते हुए विद्यालय के सभी 63000 से अधिक छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। डा. गाँधी ने छात्रों का आह्वान किया कि समय को सदुपयोग करते हुए खूब मन लगाकर पढ़ें और अपने माता-पिता व शिक्षकों का नाम रोशन करें। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि करीब डेढ़ महीने बाद स्कूल पहुँचे छात्रों का विद्यालय परिसर में भरपूर स्वागत हुआ। पढ़ाई का उत्साह, शिक्षकों का आत्मीय मार्गदर्शन व स्नेह एवं आध्यात्मिकता व नैतिकता से ओतप्रोत सी.एम.एस. का शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण छात्रों के उत्साह व उमंग को दोगुना कर रहा था। छात्रों का कहना था कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान हमने अपने क्लासरूम को बहुत याद किया। आज हम बहुत खुश हैं कि फिर से स्कूल खुल गये हैं। इस अवसर पर छात्रों के अभिभावकों ने भी अपनी खुशी जाहिर की।

## मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने डॉ. शकुन्तला मिश्रा, राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया

**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने सोमवार को डॉ. शकुन्तला मिश्रा, राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, मोहान रोड, लखनऊ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से उनकी समस्याओं के संबंध में वार्ता की तथा कुलपति एवं रजिस्ट्रार सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक की। मंत्री कश्यप ने निर्देश दिए कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक दिव्यांगजन छात्र-छात्राओं को मिले। उन्होंने विश्वविद्यालय में कौशल विकास के नए कोर्स शुरू करने के निर्देश दिये और कहा कि इन कोर्सों के माध्यम से दिव्यांगजन छात्र-छात्राओं को हुनरमंद बनाने का कार्य किया जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने का भी निर्देश दिया ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो सके। मंत्री कश्यप ने छात्रावासों में सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए और कहा कि दिव्यांगजन छात्रों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



नई दिल्ली में स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के उद्घाटन पर केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री, श्री हरदीप सिंह पुरी और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और पर्यटन राज्य मंत्री, श्री सुरेश गोपी।

## मेधा पाटकर को सजा दुर्भाग्यपूर्ण : माले

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर को 24 साल पुराने मामले में पांच महीने की कैद और 10 लाख रु जुर्माना लगाने के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। पार्टी के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि मेधा पाटकर जन आंदोलनों की जानी-मानी नेता और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। दिल्ली के मौजूदा उपराज्यपाल और तत्कालीन केवीआईसी अध्यक्ष वीके सक्सेना द्वारा दायर मानहानि के मामले में उन्हें दिल्ली की एक अदालत से सजा सुनाई गई है।

उपराज्यपाल हाल ही में प्रसिद्ध अंग्रेजी लेखिका व एक्टिविस्ट अरुंधति रॉय के ऊपर आतंकवाद से जुड़े कानून यूएपीए के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति देने से भी चर्चा में आये थे। माले नेता ने कहा कि उक्त दोनों महिलाएं अन्यथा देश में नागरिक अधिकार व लोकतांत्रिक आंदोलनों की धरोहर हैं। उम्मीद जताई कि मेधा पाटकर को ऊपरी अदालत से अवश्य न्याय मिलेगा।

# पत्रकारों ने की नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर से मुलाकात

## जनहित के मुद्दे पर की विस्तार से चर्चा, दिए कई महत्वपूर्ण सुझाव

**लखनऊ की कानून व्यवस्था को करेंगे चुस्त दुरूस्त : पुलिस कमिश्नर**



**लखनऊ।** पत्रकारों के संघठन प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन, तथा मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसियेशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने की नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर से औपचारिक मुलाकात की। राष्ट्रपति पदक से सम्मानित सीनियर आईपीएस अधिकारी लखनऊ के मौजूदा पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर से प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अज़ीज़ सिद्दीकी, उत्तर प्रदेश ज़िला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसियेशन के महामंत्री अब्दुल वहीद, सचिव जुबेर अहमद, राष्ट्रीय महामंत्री परवेज़ अख़्तर,आरएसएस न्यूज़ के संपादक सय्यद गुलाम हुसैन तथा जे.प्राइम भारत न्यूज़ के हेड एन.आलम ने औपचारिक मुलाकात करके उनको लखनऊ पुलिस का कमिश्नर बनने पर मुबारकबाद पेश की।इस मौके पर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था व कानून व्यवस्था को दुरस्त रखने हेतु कुछ सुझाव दिए।जैसे लखनऊ में अतिक्रमण रोड साइड, फुटपाथ की दुकानें जिनसे आधी रोड घिरी रहती हैं,थाने स्तर पर इनको हद में रहने के लिए लगातार वार्न किया जाये। ऑटो टैम्पो व ई.रिक्शा पर कार्यवाही करते हुए इनके मानक तय किए जाएं। इनको आदेशित किया जाय कि प्रमुख चौराहे से 50 मीटर दूर सवारियां उतारी जाएं।कई इलाकों में डिवाइडर के बगल में लोग अपनी कार पार्क करके पार्किंग बनाए हुए हैं। आधी सड़क यही घेर कर कवर किए रहते हैं,इनकी गाड़ियों को हटाने के लिए कार्यवाही की जाए। शासन द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकारों को लखनऊ पुलिस द्वारा कवरेज हेतु सहयोग दिया जाए,पत्रकारों द्वारा जनहित के मुद्दे पर पुलिस प्रशासन को अवगत कराने पर तत्काल उसका निस्तारण किया जाए।माह में एक दिन थाना स्तर पर समाधान दिवस हो।समाजसेवी तथा व्यापारी गण की मीटिंग होती रहे। पुलिस उनको गाइड लाइन बताती रहे, अतिक्रमण करने पर कार्यवाही करने के लिए कहे,साथ ही क्षेत्रीय समस्याएं सुन कर निस्तारण भी करती रहे। इसी के साथ हर समर्थ नागरिक से अपने अपने घरों व प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आग्रह करती रहें। क्योंकि काफ़ी हद तक की अप्रिय घटनाएं इन कैमरों की वजह से नहीं हो पाती हैं और अगर कोई अप्रिय घटना घटित हो जाती हैं, तो इन कैमरों की वजह से खुलासा होने में जल्द मदद मिलती है। इसी के साथ में पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर से ये भी कहा गया कि पत्रकार व पुलिस नदी और किनारे की तरह होते हैं, जोकि लगभग साथ ही साथ रहते हैं,ऐसे में आप हमारा सहयोग करें पत्रकार आपका सहयोग करेंगे। इस औपचारिक मुलाकात में पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर ने कई मामलों पर आश्वासन दिया और कहा कि आप लोग द्वारा दिए गए सुझाव पर भी कार्य किया जायेगा।

# गोसंरक्षण कार्यों की दिशा में बरेली मण्डल को आदर्श मण्डल बनाया जाए: धर्मपाल सिंह



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि दिनांक 05 जुलाई से 20 जुलाई तक अभियान चलाकर बरेली मण्डल के निराश्रित गोवंश को गोआश्रय स्थलों में पहुंचाया जाए। गोसंरक्षण कार्यों की दिशा में बरेली मण्डल को आदर्श मण्डल के रूप में स्थापित किया जाए और मण्डल के तहत जनपद बदायूं, पीलीभीत, बरेली तथा शाहजहांपुर के गोआश्रय स्थलों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। वर्षाकाल के दृष्टिगत प्रदेश की गौशालाओं में संरक्षित निराश्रित गोवंश हेतु चारा-भूसा, पानी, प्रकाश एवं गोवंश के भीगने से बचाव हेतु टीनशेड की बेहतर इन्तजाम किये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाय। इसके अतिरिक्त कीचड़ से बचाव हेतु पक्का सोलिंग कार्य कराये जाने के भी निर्देश दिए। पशुधन मंत्री श्री धर्मपाल सिंह आज यहां विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में निराश्रित गोवंश के वर्षाकाल के समय संरक्षण, गोशालाओं की सुविधाओं एवं बरेली मण्डल में निराश्रित गोवंश की अद्यतन स्थिति के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गोआश्रय स्थलों में जलभराव की समस्या के निस्तारण हेतु समय से पूरे इन्तजाम किए जाएं और संक्रामक रोगों से बचाव हेतु आवश्यक दवाइयों एवं वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी मुख्य पशुचिकित्साधिकारियों द्वारा संभावित बाढ़ आपदा से पशुधन पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव एवं पशुहानि से बचाव हेतु जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन के निर्देश दिए। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने निर्देश दिए कि यदि कहीं निराश्रित गोवंश सड़कों या खेतों में दिखायी दें तो उन्हें उपयुक्त स्थल पर संरक्षित किया जाए। उन्होंने गोआश्रय स्थलों के निर्माण के लिए आवंटित धनराशि को पारदर्शिता तथा वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए व्यय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की समयबद्धता और उच्च गुणवत्ता का पालन जरूरी है। श्री सिंह ने निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नैपियर घास भी लगवाई जाए ताकि हरे चारे की भी उपलब्धता वर्ष पर्यन्त हो सके।

# उच्चशिक्षा हेतु सीएमएस छात्रा को 79,000 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के छात्र नवतेज सिंह बावा को उच्चशिक्षा हेतु कैनडा की क्वीन्स यूनिवर्सिटी द्वारा 79,000 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। नवतेज को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा की अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. छात्र ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 90 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक), मैसाचुसेट्स इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.आई.टी.), स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कार्नेल यूनिवर्सिटी, मेलबर्न यूनिवर्सिटी एवं नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

# दशहरे से पूर्व रामलीला मैदानों के जीर्णोद्धार, सौन्दर्यीकरण तथा साज-सज्जा का कार्य पूरे कर लिए जाए: जयवीर सिंह

**चहारदीवारी की दीवारों पर म्यूरल, चित्र एवं टेरीकोटा के निर्माण में वैदिककाल की अनुभूति होनी चाहिए**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने जनपद हरदोई, मैनपुरी, एटा, कुशीनगर तथा प्रतापगढ़ में स्थित रामलीला मैदानों की चहारदीवारी तथा सौन्दर्यीकरण के कार्य अक्टूबर 2024 में दशहरे से पहले हरहाल में पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। इन आदेशों के अनुपालन में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कराया जा रहा है। यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी।

उल्लेखनीय है कि पर्यटन मंत्री ने 12 जून, 2024 को समीक्षा बैठक में संस्कृति विभाग के अधीन निर्माणाधीन परियोजनाओं/कार्यो को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने मैनपुरी की नगर पंचायत कुसमरा के रामलीला मैदान की बाउन्ड्रीवॉल गेट निर्माण आदि का कार्य दशहरा से पहले करने के निर्देश दिए थे।

इसी प्रकार जनपद हरदोई के रामलीला मैदान सण्डीला में भवन निर्माण एवं अन्य विकास कार्य भी समय से पूरा करने को कहा गया था। पर्यटन मंत्री ने बताया कि जसवंत नगर रामलीला मैदान की तर्ज पर समस्त रामलीला मैदानों में भी रामायण आदि रामलीला के म्यूरल/चित्र/टेरीकोटा से बनवाये जाने के लिए निदेशक ललित कला अकादमी को तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये थे। इन रामलीला की चहारदीवारियों पर मंच के निर्माण के अलावा समस्त कार्य वैदिक रूप से किये जाने के निर्देश दिए गए। जनपद एटा के अलीगंज स्थित रामलीला मैदान का भी सौन्दर्यीकरण दशहरे से पहले करने के निर्देश दिए गए। जयवीर सिंह ने जनपद कुशीनगर में रामजानकी मठ पर सार्वजनिक रामलीला मैदान में चहारदीवारी एवं अन्य कार्य कराये जा रहे हैं। ये सभी कार्य 30 प्रतिशत तक पूरे हो चुके हैं। कार्यदायी संस्था ने आश्वस्त किया है कि अक्टूबर 2024 तक समस्त कार्य पूरे कर लिए जायेंगे। जनपद प्रतापगढ़ की नगर पंचायत गड़वारा स्थित प्राचीन रामलीला मैदान के जीर्णोद्धार का कार्य 20 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। इसी प्रकार अवध केसरी राणा बेनी माधव बक्श सिंह की स्मृति में रायबरेली सभागार संरचना के द्वितीय चरण के निर्माण कार्य हेतु टेण्डर की कार्यवाही में विलम्ब के लिए असंतोष व्यक्त किया था और कहा कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद टेण्डर की प्रक्रिया पूरी कर लेनी चाहिए थी। उन्होंने बताया कि समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाय। लापरवाही की दशा में जवाबदेही तय की जायेगी।

# द एमएसजी फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया कला प्रतियोगिता कार्यक्रम



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** पुराने लखनऊ स्थित कश्मीरी मोहल्ले में द एमएसजी फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण के उपलक्ष्य में कला प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया इस कार्यक्रम में बच्चों ने कला का प्रदर्शन किया वहीं अच्छी ड्राविंग बनाने वालों को सम्मानित भी किया गया और उन्हें उपहार भी दिए गए।

इस मौके पर बतौर अतिथि मीसम हुसैन सैयद, जफर इकबाल, नजर अब्बास मौजूद रहे।

वहीं दी एमएसजी फाउंडेशन की टीम की तरफ से मोहम्मद आलम, हादिया फातिमा, सदाफत इकबाल रबाब, ज़हरा रिजवी, अंज़ल रिजवी, सालिम नकवी और मोहम्मद सादिक मौजूद रहे।

# वृक्षदान बेहद ही पुनीत और पुण्य कार्यः अतुल कांत शुक्ला

**वहाज अली निहाल**

**इटावा फेसबुक क्लब**

- विशिष्ट सेवा सम्मान सर्पमित्र डॉ. आशीष त्रिपाठी और समाजसेवी शरद तिवारी को मिला



**इटावा।** इटावा फेसबुक क्लब के सोशल मीडिया पेज से जुड़े 40 हजारों लोग फेस टू फेस आयोजित हुए सामाजिक संगम में दूर दूर के विभिन्न शहरों से आमंत्रित किए गए थे जिससे कि, वे इटावा की धरती से और अपने लोगों से भावात्मक रूप से हमेशा ही जुड़े रहें और एक दूसरे से कभी आमने सामने भी रूबरू हो सकें इस अनूठी सामाजिक पहल का भव्य शुभारंभ इस वर्ष माया पैलेस में धूम धाम से आयोजित किया गया। इटावा फेसबुक क्लब द्वारा कार्यक्रम में जनपद इटावा में अपनी विशिष्ट सेवा प्रदान करने के लिए ÷विशिष्ट सेवा सम्मान÷, 2024 पर्यावरणविद, सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी को जनपद में सर्प एवम वन्यजीव रेस्क्यू, व्यापक सर्पदंश जागरूकता एवं रक्तदाता समूह के प्रमुख समाजसेवी शरद तिवारी को लावारिस लाशों के दाह संस्कार और रक्तदान प्रेरणा के लिए प्रदान किया गया।

सामाजिक संगम 2024 के इस भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी अतुल कांत शुक्ला ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज के व्यस्ततम समय में किसी एक जगह कोई बड़ा भव्य सामाजिक कार्यक्रम सफलता से आयोजित करना एक बेहद ही चुनौती पूर्ण कार्य होता है मैं आयोजक मंडल को इस भव्य कार्यक्रम के सफल आयोजन की हार्दिक बधाई देता हूं। उन्होंने सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि, जीवन में वृक्षदान करना बेहद ही पुनीत और पुण्य का कार्य होता है। अतः ये पौधे अपने घर ले जाकर लगाए और इनकी पूरी देखभाल भी करें। उन्होंने सभी को पौधा रोपण की शपथ दिलाते हुए वन विभाग इटावा की ओर से आयोजित वृक्ष भंडारा में मंच से सभी लोगों को नींबू, अमरूद, अनार, बेल पत्र के सैकड़ों पौधे भी वितरित किए। विशिष्ट अतिथि के रूप में लखनऊ से विशेष रूप से पधारे पूर्व पुलिस उपमहानिरीक्षक और राहुल संस्कृतायन राष्ट्रीय पुरुस्कार विजेता आईपीएस हरीश कुमार ने इटावा की संस्कृति और इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, इटावा की धरती विशिष्ट जनों की धरती रही है। आज हमारे इटावा से 9 एमपी देश की संसद में विराजमान है जो एक अनूठा रिकॉर्ड है। इटावा की धरती चंबल क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास और यादों को संजोए हुए इतिहास के पन्नो में हमेशा के लिए अमर हो चुकी है। उन्होंने इटावा के इतिहास पर लिखी उनकी विशेष पुस्तक ÷इटावा कल आज और कल÷का जिक्र किया जिसमे इटावा जनपद की संस्कृति और मिट्टी की खुशबू विद्यमान है। मंच से इटावा के कई सुप्रसिद्ध वक्ताओं और अंतराष्ट्रीय हस्तियों जिसमे हिंदी के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ कुश चतुर्वेदी, राष्ट्रीय कवि कमलेश शर्मा, प्राचार्य हेंवरा डिग्री कालेज, डॉ शैलेंद्र शर्मा, पर्यावरणविद डॉ राजीव चौहान, वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट देवेंद्र सक्सैना गौरैया संरक्षिका सुनीता यादव, कर्मचारी शिक्षक संघ के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी अरविंद धनगर, कोमल नेहा, अर्चना सिन्हा, कवि रियाज इटावी, टीम रक्तदाता सहायता समूह, रायपुर से आये सचिन शर्मा आदि ने अपना संबोधन दिया। कार्यक्रम का विस्तृत परिचय प्रमित दीक्षित ने दिया।

देर शाम कार्यक्रम में आए सभी लोगों को पौधा वितरण के साथ ही भोज के लिए भी आमंत्रित किया गया था। इस सामाजिक संगम 2024 कार्यक्रम में वन विभाग इटावा द्वारा आयोजित पौधा भंडारा कार्यक्रम में वन विभाग इटावा का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम में इटावा जनपद के विभान्न सरकारी विभागों के कई सम्मानित जनों सहित विभिन्न कवि, साहित्यकार, समाजसेवी, चिकित्सक, व्यापारी, एवम विभिन्न शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही। कार्यक्रम को वन विभाग, इटावा सहित एसएमजीआई ग्रुप इटावा , मदन हॉस्पिटल इटावा, माउंट लिट्रा जी स्कूल इटावा, ओशन इटावा, पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल इटावा, अरोग्य फिजियोथेरीपी सेंटर, विधि इंटीरियर्स इटावा, सिया देवी मेमोरियल हॉस्पिटल इटावा, ऑलडन ड्राईक्लीनर्स, इटावा, पंडित जी लिट्टी चोखा, कृष्ण पैलेस इटावा द्वारा प्रायोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक मंडल के सदस्य एवं क्लब के संस्थापक अजय वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य डॉ आशीष दीक्षित, डॉ आशीष त्रिपाठी, अनंत पालीवाल, एडवोकेट मोहसिन अली, प्रमित दीक्षित, धनंजय चौधरी ने विशेष सहयोग किया। मंच का सफल संचालन जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ आशीष दीक्षित, पर्यावरणविद सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया। अंत में संस्था की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत और आभार प्रकट क्लब संस्थापक अजय वर्मा ने किया।

# अखिलेश के जन्मदिन पर सपा युवजन सभा ने किया रक्तदान




**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 51 वें जन्मदिन पर होटल रॉयल पैलेस भूतेश्वर पर समाजवादी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष मुन्ना मलिक पार्षद के नेतृत्व में 2दर्जन से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने यूनिट रक्तदान कर उनकी दीर्घायु की कामना की व देश में सांप्रदायिक सौहार्द, देश की अखंडता के लिए संकल्प लेते हुए लोक कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। ब्लड डोनेट करने वालों प्रमाण पत्र के साथ उपहार देकर सम्मानित किया।

समाजवादी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष मुन्ना मलिक पार्षद ने कहा कि रक्तदान एक महान बलिदान है। उन्होंने कहा, आज का रक्तदान अभियान गरीब लोगों के लिए उपयोगी होगा और दान किए गए रक्त से किसी की जान बच जाएगी। रक्तदान शिविर में दो दर्जन से ज्यादा यूनिट रक्त इक्ट्ठा हुआ। उन्होंने बताया कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है।

# अखिलेश यादव का जन्मदिन हर्षोल्लास व केक काटकर मनाया

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सोमवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष सपा अखिलेश यादव का जन्मदिन हर्षोल्लास और धूमधाम से केक काटकर व पीडी पौधरोपण के अंतर्गत बुद्ध पार्क में पौधरोपण और जिला अस्पताल में फल वितरण एवं बलदेव मिस्ठान भंडार पर मिठाई केक वितरित कर मनाया गया। इस अवसर पर सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, गोपाल यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद, के के यादव, उदयभान सिंह यादव, अनिल प्रताप यादव, महिला जिलाध्यक्ष सीमा यादव, केपी सिंह शाक्य, अनवार हुसैन, आलोक दीक्षित, चच्चू शुक्ला, टंटी यादव, नरेंद्र कुशवाहा, राजपाल यादव, उत्तम सिंह प्रजापति, आशीष पटेल, उमेश राजपूत डुल्ले, विक्की गुप्ता, सुरेश यादव, अब्दुल अंसारी, आदित्य गोविन्द, रवि यादव विधायक, नरेंद्र पाल, किशन यादव, फरहान शकील, राकेश यादव, धीरेन्द्र यादव, डा आशीष दीक्षित, जसकरन कठेरिया, सभासद अरविन्द यादव, सीताराम कश्यप, डा संतोष राठौर, सभासद अविनाश कुशवाहा, शेखर राजपूत, कन्हैयया कुशवाहा, राहुल सिंह, राजकुमार यादव, शरद यादव रिंकू, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, अबधेश सबिता, राजकिशोर भोजवाल, जय सिंह चौहान, रमेश यादव, राजवीर सिंह राजपूत देवेंद्र भदौरिया, विजय यादव, पप्पन सिंधी, सुखवीर यादव अमित सोनी, अनुरुद्ध यादव, प्रमोद यादव प्रधान, रविन्द्र यादव, अभिषेक त्रिपाठी मिक्की, सभासद सचिन कठेरिया, सोनू यादव, असलम अंसारी, मनीष कठेरिया, गोरखनाथ वर्मा, नोमान आलम, आलोक यादव, राजेश यादव, अभिषेक यादव, अंकुर यादव, नितिन यादव, सुशील यादव, शिवपाल यादव, प्रदीप यादव, विक्रम यादव संदीप कुशवाहा, सूरज मुखी, सोनू राठौर, गौरव यादव, शिवम यादव, प्रज्जवल यादव आदि पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह जानकारी विकास गुप्ता विक्की जिला प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी ने दी।

# देवी मंदिर प्रांगण में स्कूल बनाने पर ग्रामीणों का विरोध

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** अकबरपुर में प्राचीन दुर्गा माता मंदिर पर शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल बनाए जाने का विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। प्राचीन मंदिर दुर्गा देवी अकबरपुर की जमीन पर अवैध कब्जा शिक्षा विभाग द्वारा। ब्लॉक चौमुंहा के ग्राम अकबरपुर में प्राचीन मंदिर दुर्गा देवी की जमीन खसरा नंबर 457 राजस्व अभिलेखों में मेला देवी जी के नाम से दर्ज खतौनी है। इस जमीन पर इस जमीन पर पूर्व में प्राइमरी पाठशाला द्वितीय को अवैध रूप से बनाया गया था। जबकि स्कूल के नाम से राजस्व विभाग में दर्ज खसरा नंबर 458 में 1.586 हे0 जो की देवी मंदिर पर अवैध रूप से बना हुआ है। मंदिर के पुजारी हुकमचंद शर्मा ने बताया इस मंदिर के लिए के लिए गांव वालों ने संघर्ष किया था। जिससे गांव के 7लोगों को अंग्रेजी शासन काल में फांसी लगी थीं। जिसमे गांव वालों की आस्था का सवाल है। गांव वाले चंद्राकर मंदिर का रखरखाव रखते हैं। आने वाले चैत्र नवरात्र में मेला लगने से पूर्व गांव वालों ने मिट्टी का भराव प्रांगण में कराया था स्कूल बिल्डिंग की वजह से मेला लगने में परेशानी होती है। जिससे मिला प्रति वर्ष कम होता जा रहा है। गांव वालों का कहना है कि स्कूल को स्कूल की जगह पर बनाया जाए। इसमें प्रशासनिक अधिकारी शिक्षा विभाग, सीडीओ, डीपीआरओ ग्राम प्रधान कि मिली भगत से देवी मन्दिर के प्रांगण में स्कूल बनाने का दवाब बना रहे हैं। इसलिए गांव वालों में विरोध उत्पन्न हो रहा है। अगर स्कूल को स्कूल की जगह पर नही बनाया गया तो गांव वाले अनशन आंदोलन करने को तैयार है। इस दौरान अमरसिंह, महेश सिसौदिया, चंदन, विष्णु, जितेंद्र, धर्मेंद्र, राजू,कप्तान सिंह ,हरकिशन, मास्टर पतिराम प्रमुख, आदि गांव वाले मौजूद रहे।

# एक जुलाई 2024 से नए कानूनों के तहत कार्रवाई के लिए इटावा पुलिस पूरी तरह से तैयार



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा की धर्मपत्नी नीलम राय वर्मा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में महिलाओं को नये कानूनों के संबंध मे महिला सम्बन्धी अपराधों के बारे में किया गया जागरूक। सभी थानों में से आई महिला उ.नि.एवं महिला आरक्षियों को नागरिकों को नये कानूनों के बारे में जानकारी हेतु जागरुकता कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन। एक जुलाई 2024 से लागू हो रहे नये कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की धर्मपत्नी नीलम राय वर्मा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में कार्यशाला आयोजित की गयी जिसमें उन्होंने द्वारा पीएमएस की छात्राओं, टीचर, महिला समाज सेवियों, वन स्टाप सेन्टर नर्स स्टाप, महिला परामर्श हेतु जनपद से आई महिलाएं तथा समस्त महिला उ.नि.तथा महिला आरक्षियों को महिला सम्बन्धी होने वाले अपराधों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया साथ ही सभी को नये कानून से सम्बन्धित महिलाओं के यौन-शोषण एवं घटित होने वाले अपराधों की विधियों, धाराओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी आई और सभी को ई-एफआईआर तथा अन्य के सम्बन्ध में जागरूक किया गया इस दौरान श्रीमती द्वारा घटित होने वाले साइबर अपराधों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी और बच्चों को सोशल मीडिया से उचित दूरी बनाये रखने हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने अन्त में महिलाओं को ईश्वर की अनमोल बताया और कविता के साथ अपनी वाणी को विराम दिया। इस दौरान प्रभारी मीडिया सेल यशोदा रानी, प्रभारी महिला थाना उपस्थित रही।

## केएमयू ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर किया डॉ. विधानचन्द्र रॉय को याद

**मथुरा।** केएम मेडीकल विश्वविद्यालय पाली डूंगरा सौंख रोड पर डॉ विधानचंद्र रॉय की स्मृति में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया गया। केएम विश्वविद्यालय और हॉस्पिटल के प्रशासनिक अधिकारीगणों ने डाक्टर्स के साथ केक काटकर देशभर के चिकित्सकों को नेशनल डाक्टर्स डे की शुभकामनाएं दी। डॉ विधानचंद्र राय का जन्म 1 जुलाई को हुआ और निधन भी 1 जुलाई को ही सन 1962 को हुआ। चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मान देने के मकसद से 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे मनाने की शुरुआत की गई थी। इसी कड़ी में आज केएम विवि के कॉन्फ्रेंस हॉल में कृष्ण मोहन मिलन कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान विवि के वाइस चांसलर डा. डीडी गुप्ता, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, एडीशनल मेडीकल सुप्रीडेंट डा. आरपी गुप्ता और केएम हॉस्पिटल के डाक्टर और पीजी डाक्टर्स ने केक काटकर नेशनल डाक्टर्स डे की समस्त डाक्टरों को शुभकामनाएं दी। विवि के वाइस चांसलर डा. डीडी गुप्ता ने कहा कि डाक्टर अपने मरीज के लिए 24 घंटे 7 दिन हमेशा उनकी सेवा के लिए तैयार रहते हैं क्योंकि डॉक्टर का काम करने का कोई निश्चित समय नहीं होता है क्योंकि मरीज कभी भी आ सकता है।

# भाषा वि.वि. के उर्दू विभाग के प्रो. अशरफी हुए सेवानिवृत्त




**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के ऊर्दू विभाग के वरिष्ठ प्रोफ़ेसर सैय्यद शफीक अहमद अशरफी के सेवानिर्वत कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के अटल सभागार में किया गया। प्रो. अशरफी ऊर्दू विभाग के साथ ही भाषा विश्वविद्यालय के भी वरिष्ठ प्रोफ़ेसर रहे। आपने भाषा विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रशासनिक दायित्वों के साथ शैक्षणिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। प्रो. अशरफी भाषा विश्वविद्यालय के संस्थापक प्रोफेसरों में से रहे। फेयरवेल कार्यक्रम में ऊर्दू विभाग के डॉ. अकमल ने प्रो. अशरफी का जीवन परिचय दिया। अशरफी साहब के फेयरवेल कार्यक्रम के अवसर पर सभी शिक्षकों ने उनके साथ किए गए कार्यो के अनुभव को याद करते हुए मुबारकबाद दी। प्रो. अशरफी के सेवानिर्वत्त के कार्यक्रम के अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि हम सभी साफ सुथरी छवि के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। सेवानिर्वत्त के इस कार्यक्रम का संचालन प्रो. सौबान सईद ने किया। कार्यक्रम के इस अवसर पर प्रो. मसूद आलम, प्रो. एहतेशाम अहमद, प्रो. हैदर अली, कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा, वित्त अधिकारी श्री साजिद आज़मी, उपकुलसचिव श्रीमती दीप्ति मिश्रा के साथ भाषा विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, अधिकरी, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# एआइपीएमएम ने मनाई वीर अब्दुल हमीद व अब्दुल कय्यूम अंसारी की जयंती

- स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल कय्यूम अंसारी को भारत रत्न देने की मांग

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** आज लखनऊ स्थित आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के कार्यालय में प्रथम पसमांदा संगठन मोमिन कान्फ्रेंस के अध्यक्ष, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व धार्मिक आधार पर भारत विभाजन के प्रबल विरोधी रहे अब्दुल कय्यूम अंसारी जी व अपने प्राणों की आहूति देकर देश की रक्षा करने वाले, परम वीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद इदरीसी जी की जयंती के अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने महा पुरूषों को यादकर उनके चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संगठन राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मारूफ अली अंसारी ने अब्दुल कय्यूम अंसारी जी द्वारा उनके जीवन मे किये गये संघर्षो और समाज के लिये किये गये उनके कार्यो को विस्तार से बताया, उन्होंने कहा अब्दुल कय्यूम अंसारी से प्रेरणा लेकर हमारा संगठन पसमांदा समाज के हितों की लड़ाई लड़ रहा है और पसमांदा समाज को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहा है, ताकि देश के सबसे वंचित, उपेक्षित पसमांदा समाज का सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनीतिक रूप से उत्थान हो सके। और अन्य समाज की भांति पसमांदा समाज भी देश की तरक्की में अपना योगदान दे सके।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शाहीन अंसारी ने कहा कि भारत सरकार अब्दुल कय्यूम अंसारी जी को भारत रत्न देकर उन्हें सम्मानित करने का कार्य करे, और उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की कि लखनऊ में परम वीर चक्र विजेत वीर अब्दुल हमीद इदरीसी जी के नाम पर स्मारक बनाया जाये। यही इन महा पुरूषों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कोषाध्यक्ष मोहम्मद इदरीस ने खिराजे अकीदत पेश करते हुए कहा कि हमें अपने आईकॉन को पहचानने की जरूरत है जिससे कि हम आने वाली पीढ़ियां इन महापुरूषों से प्रेरणा लेकर समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाहन करती रहें। इस अवसर पर मध्य उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अफजल अंसारी, अब्दुल कलाम, इलियास सलमानी, अब्दुल रहमान, कलीम अख्तर, जाने आलम, अजहर आलम आदि लोग उपस्थित रहे।

# अवधनामा के स्थापना दिवस पर दिनेश पंकज सम्मानित

- पत्रकारिता एक बड़ी समाज सेवाः बृजेश पाठक

**अवधनामा संवाददाता**




**मथुरा।** सच्चाई और ईमानदारी के साथ आज के समय में बने रहना आसान बात नहीं है लेकिन दैनिक अवधनामा 24 वर्षो से न केवल पूरी ताकत के साथ खड़ा है बल्कि समाज को एक अच्छी सोच देने में भी कामयाब हुआ है। यह बातें आज अवधनामा मीडिया समूह के 24 वे स्थापना दिवस के अवसर पर हजरतगंज स्थित हिंदी संस्थान के प्रेमचंद सभागार में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहीं. उन्होंने इस बात को जोर देते हुए कहा कि पत्रकारिता सिर्फ आजीविका मात्र नहीं है बल्कि एक बड़ी समाज सेवा भी है। इस अवसर पर सबसे पहले अवधनामा मीडिया समूह की सीईओ तकदीस फातिमा रिजवी ने डिप्टी सीएम को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया. कार्यक्रम में डॉक्टर अम्मार रिजवी ने अवधनामा के संस्थापक स्वर्गीय वकार रिजवी को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अवधनामा के रूप में जो मशाल जलाई थी उसे आज उनकी पत्नी तक़दीस फातिमा रिजवी जज्बे और हौसले के साथ आगे बढ़ा रही है।

राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने भी इस अवसर पर अवधनामा मीडिया समूह को मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह समूह एक पॉजिटिव रोल अदा करते हुए समाज को आगे ले जा रहा है। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को भी अवधनामा समूह द्वारा सम्मानित करते हुए छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई। वरिष्ठ पत्रकार और अवधनामा के ब्यूरो चीफ दिनेश पंकज को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में टीएमटी सेक्रेटरी नजमुल हसन, अम्मार रिज़वी पूर्व कार्यवहक मंत्री, प्रोफेसर साबिरा हबीब, शकील रिजवी, एम एम मोहसिन, आलम रिज़वी आदि उपस्थित रहे।

# केएम विवि में उच्च कोटि शिक्षा को लेकर कार्यशाला

**अवधनामा संवाददाता**

- वर्तमान शिक्षा प्रणाली में संस्कारों को समाहित करने की आवश्यकता हैः किशन चौधरी
- गुरू की वाणी का प्रभाव बच्चे के दिमाग पर सीधे पड़ताः कुलाधिपति

**मथुरा।** विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान ब्रज प्रांत के सहयोग से उच्च शिक्षा पर एक कार्यशाला का आयोजन केएम विश्वविद्यालय में किया गया, जिसमें उच्च शिक्षा के गुणवत्ता पर सुधार पर मंथन किया गया। कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा कि शिक्षा और दीक्षा में अंतर है। शिक्षा को बगैर संस्कारों के नहीं दिया जा सकता इसलिए शिक्षा के साथ संस्कार बहुत जरूरी है। गुरू की वाणी का प्रभाव बच्चे के दिमाग पर सीधे पड़ता है, इसलिए वर्तमान शिक्षा प्रणाली में संस्कारों को समाहित करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कुलाधिपति किशन चौधरी, कुलपति डॉ डीडी गुप्ता, चौधरी चरनसिंह विश्वविद्यालय के पूर्व वीसी, प्रख्यात अर्थशास्त्री व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो नरेंद्र कुमार तनेजा, प्रो शिवराज सिंह, जीएलए के प्रो वीसी प्रो अनूप गुप्ता, रजिस्टार पूरन सिंह ने किया।

उच्च कोटि शिक्षा पर अहम कदम उठाने पर अपने विचार रजिस्ट्रार पूरन सिंह ने रखें। रजिस्टार ने संबोधित करते हुए कहा इस कार्यशाला का उद्देश्य, विद्या भारती से संलग्न संस्थानों को उच्च शिक्षा के उभरते परिदृश्य में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान, उपकरण और रणनीतियों से युक्त करना है।

प्रो. नरेन्द्र कुमार तनेजा ने उच्च शिक्षा पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे देश की उच्च शिक्षा का ही परिणाम है कि पश्चिमी देशो में शोध हो रहे है। लोगों में सेवा भाव को तैयार करना शिक्षक अपने विद्यार्थियां की इसी प्रकार चिंता करें जिस प्रकार वह अपन की पुत्र पुत्री की करता है।

विवि के वाइस चासंलर डीडी गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गिरावट आई है। राष्ट्र को बर्वाद करने के लिए शिक्षा और परीक्षा में मिलावट कर दी गई है।

अपनी जिम्मेदारी समझना राष्ट्र के प्रति सम्मान है। डा. अंजुला ने कहा भारत की सस्कृति उच्च है। इस प्रकार की संस्कृति विश्व में अन्यत्र कही नहीं ही। कार्यशाला में प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी, वाइस चासंलर डा. डीडी गुप्ता, सब रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल के अलावा विवि के शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## मोहम्मद रशीद को चिट्ठी लिखकर राहुल गांधी ने जताया आभार

**इटावा।** मोहम्मद रशीद को चिट्ठी लिखकर राहुल गांधी ने जताया आभार। लोकसभा चुनाव 2024 में रायबरेली से चुनाव लड़कर जीते भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अब संसद में शपथ ले चुके हैं रायबरेली अमेठी सहित यूपी की कई सीटों पर जीतने के बाद राहुल गांधी यूपी में मजबूत पकड़ बना रहे हैं शायद इसी के चलते हुए प्रदेश के कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा रहे हैं। इस संबंध में कांग्रेस के प्रदेश सचिव इटावा सदर के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मोहम्मद राशिद ने सोमवार को बताया कि उन्हें राष्ट्रीय नेता सांसद राहुल गांधी ने पत्र भेज कर मेरा आभार जताया है क्योंकि वह 20 दिन तक रायबरेली लोक सभा में ऊंचाहार विधानसभा के प्रभारी थे और चुनाव प्रचार में रहे राहुल गांधी की चिट्ठी आने से बहुत खुश है। श्री राशिद ने उनके साथ भारत जोड़ो यात्रा की एक तस्वीर शेयर की है और कहा है कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे राहुल गांधी का आशीर्वाद के साथ-साथ ऊर्जा मिली है।

# उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने वहाज अली निहाल को लखनऊ में किया सम्मानित

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** हिंदी संस्थान लखनऊ में शनिवार को दैनिक अवधनामा के 24 वें स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद इटावा में पत्रकारिता क्षेत्र में अच्छा कार्य करने पर वहाज अली ख़ान उर्फ निहाल को उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजेश पाठक ने ब्राइट परफॉर्मेंस एवार्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी, टी एम टी के सेक्रेट्री नजमुल हसन रिज़्वी की भी ख़ास मौजूदगी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.अम्मार रिज़्वी ने की और संचालन प्रो.साबरा हबीब ने अपने बेहतरीन अंदाज़ में किया। इस अवसर पर अवधनामा ग्रुप की सी ई ओ तक़दीस फात्मा, संपादक मो.आलम, शकील रिज़्वी व समस्त अवधनामा ग्रुप के सदस्यों ने अथितियों का बुके देकर स्वागत किया। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री द्वारा जनपद इटावा के वरिष्ठ पत्रकार वहाज अली निहाल को सम्मान मिलने पर ब्रजेन्द्र सिंह यादव, आशीष पटेल, ज़र्रार हुसैन, अनवारुल हसन ज़ैदी, हाजी सरफराज मुस्तफा खां, रौनक इटावी, राहत हुसैन रिज़्वी, हाजी अज़ीम वारसी, प्रेम कुमार शाक्य, कृष्ण कुमार सक्सैना, वाई के शफी चिश्ती, हाजी शेख़ शकील, इमरान शाह अलीगढ़, मोनू बशीर नियाज़ी, मो.तारिक, अब्दुल हमीद, रिज़वान अहमद आदि कई लोगों ने व्यक्तिगत व सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई दी।




लखनऊ हिंदी संस्थान में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक वहाज अली निहाल को सम्मानित करते साथ में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी

# रोहित शर्मा के बाद कौन बनेगा भारत का नया टी20 कप्तान? जय शाह ने दिया बड़ा संकेत




रोहित शर्मा ने अपनी कप्तानी में टीम इंडिया को टी20 वर्ल्ड कप 2024 की ट्रॉफी जिताकर टी20 फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है। रोहित शर्मा के साथ स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने भी टी20 फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल के सामने सबसे बड़ा टास्कर टीम इंडिया का नया टी20 कप्तान चुनना है। नए टी20 कप्तान का चयन अहम रहने वाला है। क्योंकि दो साल बाद ही भारत और श्रीलंका की मेजबानी में टी20 वर्ल्ड कप 2026 टूर्नामेंट खेला जाएगा।

वहीं बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टीम इंडिया के नए टी20 कप्तान को लेकर बड़े संकते दिए हैं। हार्दिक पंड्या के टी20 वर्ल्ड कप 2024 में हरफनमौला प्रदर्शन और रोहित के बाद उनके कप्तान बनने की संभावना पर जय शाह ने कहा कि कप्तान का फैसला सेलेक्टर्स करेंगे। हम उनसे बात करके इसका ऐलान करेंगे। हार्दिक पंड्या के फॉर्म पर काफी सवाल उठ रहे थे, लेकिन हमने और सेलेक्टर्स ने उन पर भरोसा किया जिस पर वह खरे उतरे हैं। जय शाह ने इस तरह बड़े संकेत दिए हैं कि हार्दिक पंड्या ही रोहित शर्मा के बाद भारतीय टीम के नए टी20 कप्तान बनेंगे।

बता दें कि, हार्दिक पंड्या की कप्तानी में पूर्व कप्तान एमएस धोनी के स्टाइल की झलक देखने को मिलती है। हार्दिक पंड्या में कप्तान बनने के सारे गुण मौजूद हैं। बल्लेबाजी के दौरान हार्दिक संयम दिखाते हैं और वह लगातार 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी भी करने का टैलेंट रखते हैं। फील्डिंग में भी हार्दिक पंड्या का कोई सानी नहीं है, अक्सर हार्दिक पंड्या की तुलना पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव से भी की जाती है।

# आईसीसी टी-20 विश्व कप में जीतने के बाद जानिए भारत को मिली कितनी पुरस्कार राशि 4, हारने वाली टीमों को मिले इतने पैसे, देखें पूरी लिस्ट

आईसीसी ने इस वर्ष टी20 विश्व कप में रिकॉर्ड संख्या में टीमों को पुरस्कार दिए है। इस बार जो पुरस्कार राशि टीमों को मिली है वो अब तक किसी भी टी20 विश्व कप में नहीं दी गई है। इतनी अधिक राशि को दिए जाने के पीछे भी कई अच्छे कारण है। इस वर्ष रिकॉर्ड 20 टीमों ने टी20 विश्वकप में हिस्सा लिया था। इस वर्ष इतनी अधिक संख्या में टीमों के हिस्सा लेने से मैचों की संख्या में भी इजाफा हुआ। वहीं टी20 विश्व कप को लेकर दर्शकों में भी भारी उत्साह देखने को मिला।इस बार टी20 विश्व कप की समाप्ति के बाद सभी 20 टीमों को आईसीसी की ओर से पुरस्कार राशि भी दी गई है, जबकि विजेता टीम भारत और रनरअप टीम दक्षिण अफ्रीका को शानदार पुरस्कार राशि दी गई है। इस वर्ष आईसीसी ने पुरस्कार राशि अमेरिकी डॉलर में दी है। इस पुरस्कार को लेख में भारतीय मुद्रा में बताया गया है।

***आईसीसी द्वारा दी गई पुरस्कार राशि का विवरण***

चैंपियन टीमः भारतीय मुद्रा में करीब 20 करोड़ 37 लाख रुपये

रनर अप टीमः भारतीय मुद्रा में लगभग 10 करोड़ 64 लाख रुपये

सेमीफाइन में हारने वाली दोनों टीमें: भारतीय मुद्रा में 6 करोड़ 55 लाख रुपये

सुपर आठ से बाहर हुई 4 टीमें: भारतीय मुद्रा में 3 करोड़ 18 लाख रुपये

9वें से 12वें स्थान पर रहने वाली टीमें: भारतीय मुद्रा में लगभग 2 करोड़ 6 लाख रुपये

13वें से 20वें स्थान पर रहने वाली टीमें: भारतीय मुद्रा में लगभग 1 करोड़ 87 लाख रुपये

सेमीफाइनल और फाइनल को छोड़कर टूर्नामेंट में हर मैच जीतने वाली टीम को आईसीसी की ओर से भारतीय मुद्रा में लगभग 26 लाख रुपये दिए गए है।

***टी20 वर्ल्ड कप 2024 से किसी टीम को कितना पैसा मिला***



1. भारतः चैंपियनशिप जीतने पर 20 करोड़ 37 लाख और मैच विनिंग बोनस भी दिया गया है।

2. दक्षिण अफ्रीका : विश्व कप में दूसरे नंबर पर रहने के लिए दक्षिण अफ्रीका को 10 करोड़ 64 लाख और मैच जीतने वाले बोनस के लिए 2 करोड़ 8 लाख, भारतीय मुद्रा में दक्षिण अफ्रीका की आय लगभग 12 करोड़ 72 लाख है।

3. इंग्लैंड : सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 6 करोड़ 55 लाख और 1 करोड़ 17 लाख मैच विनिंग बोनस, ब्रिटिश टीम की झोली में भारतीय मुद्रा के हिसाब से करीब 7 करोड़ 72 लाख आए।

4. अफगानिस्तानः सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 6 करोड़ 55 लाख और 1 करोड़ 30 लाख मैच विनिंग बोनस मिलाकर भारतीय मुद्रा में अफगानिस्तान की झोली में करीब 7 करोड़ 85 लाख आए।

5. ऑस्ट्रेलियाः सुपर आठ में पहुंचने के लिए 3 करोड़ 18 लाख और मैच जीतने वाले बोनस के लिए 1 करोड़ 30 लाख, भारतीय मुद्रा में ऑस्ट्रेलिया की झोली में लगभग 4 करोड़ 48 लाख आए।

6. बांग्लादेशः सुपर आठ में प्रमोशन के लिए 3 करोड़ 18 लाख और मैच विनिंग बोनस के लिए 78 लाख, भारतीय मुद्रा में बांग्लादेश की झोली में लगभग 3 करोड़ 96 लाख आए।

7. वेस्टइंडीजः सुपर आठ में पहुंचने के लिए 3 करोड़ 18 लाख और मैच विनिंग बोनस के तौर पर 1 करोड़ 30 लाख, भारतीय करेंसी के मुताबिक वेस्टइंडीज की जेब में करीब 4 करोड़ 48 लाख रुपए हैं।

8. अमेरिकाः सुपर आठ में पहुंचने के लिए 3 करोड़ 18 लाख और मैच जीतने वाले बोनस के लिए 65 लाख, भारतीय मुद्रा में अमेरिका की झोली में लगभग 3 करोड़ 83 लाख आए।

9 से 12वें नंबर पर पाकिस्तान (2 करोड़ 58 लाख), स्कॉटलैंड (2 करोड़ 71 लाख), न्यूजीलैंड (2 करोड़ 58 लाख) और श्रीलंका (2 करोड़ 45 लाख) हैं।

13 से 20वें नंबर पर हैं कनाडा (2 करोड़ 26 लाख), आयरलैंड (2 करोड़), नामीबिया (2 करोड़ 13 लाख), ओमान (1 करोड़ 87 लाख), युगांडा (2 करोड़ 13 लाख), पापुआ न्यू गिनी (1 करोड़ 87 लाख), नीदरलैंड (2 करोड़ 13 लाख) और नेपाल (2 करोड़)।

# खेल मंत्री को उम्मीद, भारत पेरिस ओलंपिक में पदक तालिका में सुधार करेगा




खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आगामी पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल द्वारा नया मानदंड स्थापित करने की उम्मीद जताते हुए इस बात पर जोर दिया कि हाल के वर्षों में सरकार के लिए खेल प्राथमिकता रहे हैं। मांडविया ने पेरिस जाने वाले एथलीटों की औपचारिक विदाई और किट के अनावरण के दौरान कहा, मुझे विश्वास है कि यह दल खेलों में भारत के विकास को बनाए रखेगा।

मांडविया ने कहा, हमने 2016 रियो में दो पदकों से बढ़कर तोक्यो में सात पदक हासिल किए। नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक से भारत तालिका में 67वें से 48वें (स्थान) पर पहुंच गया। मुझे उम्मीद है कि हमारे एथलीट हमें इस बार पदक तालिका में और भी ऊपर ले जाएंगे। इस विदाई समारोह में एथलीटों, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में खेलों से पहले एथलीटों के समर्थन में सरकार की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के बारे में बताया गया।

उन्होंने कहा, सरकार ने टॉप्स जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से एथलीटों का समर्थन किया है, जो उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को विशेष सहायता प्रदान करती है। पेरिस जाने वाले भारतीय दल की तीन किट (औपचारिक पोशाक, खेल पोशाक, और यात्रा पोशाक) का अनावरण किया गया। उन्होंने कहा, यह कार्यक्रम सिर्फ किट और औपचारिक पोशाक के अनावरण के बारे में नहीं है, बल्कि उन अरबों भारतीयों के सपनों और आकांक्षाओं का प्रतीक है जो एथलीटों के पीछे एकजुट हैं। आईओए प्रमुख उषा ने कहा कि पेरिस में एथलीटों को सर्वश्रेष्ठ सहायता प्रणाली प्रदान की जाएगी।

उन्होंने कहा, हमने डॉ. दिनशॉ पारदीवाला के नेतृत्व में एक मजबूत टीम इकट्ठी की है। इसमें खेल चिकित्सा विशेषज्ञ, कल्याण विशेषज्ञ, पोषण विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट और एक नींद वैज्ञानिक शामिल हैं। उषा ने कहा, पहली बार, आईओए एथलीटों और कोचिंग और सहयोगी स्टाफ को भागीदारी भत्ता भी देगा। मुझे विश्वास है कि भारत किसी भी ओलंपिक के मुकाबले पेरिस में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ वापस आएगा। भारतीय दल में करीब 120 एथलीट शामिल हैं, जिनमें भाला फेंक में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा, 16 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम और रिकॉर्ड 21 निशानेबाज शामिल हैं।

## रिटायरमेंट के बाद दिनेश कार्तिक की आरसीबी में हुई वापसी, इस नई भूमिका में आएंगे नजर

आरसीबी ने हाल ही में रिटायर हुए विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को टीम में नई जिम्मेदारी के साथ जोड़ा है। दरअसल, आरसीबी ने दिनेश कार्तिक को टीम का नया बल्लेबाजी कोच और मेंटॉर नियुक्त किया है। फ्रैंचाइजी ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की। कार्तिक ने जून की शुरुआत में क्रिकेट के सभी प्रारूपों को अलविदा कह दिया था। इस दौरान उन्होंने अपने रिटायरमेंट के दौरान कहा था कि, आगने आने वाली नई चुनौतियों पर वो अपना ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। आरसीबी ने एक्स पर कार्तिक का एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि, हर मायने में हमारे विकेटकीपर, दिनेश कार्तिक का आरसीबी में बिल्कुल नए अवतार में स्वागत है। डीके आरसीबी पुरुष टीम के बल्लेबाजी कोच और मेंटॉर होंगे। वहीं अपनी 39वें जन्मदिन पर संन्यास लेने वाले दिनेश कार्तिक ने कहा कि, पेशेवर स्तर पर कोचिंग करना मेरे लिए बेहद रोमांचक है और ये मेरे जीवन के नए अध्याय के रूप में मेरे लिए वाकई जुनूनी है।

# हार्दिक पंड्या को पत्नी नताशा ने नहीं दी वर्ल्ड कप जीतने की बधाई, क्या रिश्ते में आ गई है दरार?



टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतकर भारतीय क्रिकेट टीम ने 17 साल का सूखा खत्म किया है। इस बड़ी जीत में हार्दिक पंड्या का बेहद अहम रोल रहा है। लेकिन इस बीच हार्दिक पंड्या और उनकी पत्नी के रिश्ते को लेकर एक बार भी चर्चा शुरू हो गई है। दरअसल, नताशा स्टेनकोविक ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 की जीत पर कुछ भी शेयर नहीं किया है। जिसके बाद इस कपल के डिवोर्स की अफवाहों ने फिर से तूल पकड़ लिया है।

ऐतिहासिक टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद हार्दिक अपने इमोशन पर कंट्रोल नहीं कर पाए और रो पड़े। उन्हें वीडियो कॉल पर बात करते हुए भी देखा गया था, लेकिन फैंस ने अनुमान लगाया कि वह कॉल नताशा स्टेनकोविकट के साथ नहीं था।

वहीं भारत की जीत पर नताशा ने भी किसी तरह का कोई पोस्ट शेयर नहीं किया। हालांकि, इससे पहले नताशा हमेशा हार्दिक की जीत पर पोस्ट शेयर करती थीं, फिर चाहे वो आईपीएल हो या अन्य मैच लेकिन इस बार इतनी बड़ी उपलब्धि पर उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर कुछ भी शेयर नहीं किया है। ऐसे में फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि दोनों के रिश्ते में दरार आ गई है।

बता दें कि, आईपीएल 2024 के दौरान से हार्दिक पंड्या और नताशा लगातार अपने रिश्ते के कारण चर्चाओं में रहे। एक समय ऐसा भी था, जब नताशा ने अपनी शादी की तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम से हटा दी थीं, लेकिन कुछ समय बाद उन्होंने वहीं तस्वीरें अपलोड कर दीं। वहीं आईपीएल 2024 में हार्दिक पांड्या को कई बार ट्रोल और हूटिंग से गुजरना पड़ा उस समय भी नताशा हार्दिक को चीयर करने के लिए स्टेडियम नहीं आई।

# जहीर इकबाल को सोनाक्षी सिन्हा के साथ शादी करना पड़ा भारी! लगे लव जिहाद के आरोप, शत्रुघ्न सिन्हा अस्पताल में भर्ती हुए



दबंग एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने 23 जून को जहीर इकबाल से शादी की थी, जिसके दो दिन बाद ही 25 जून को शत्रुघ्न सिन्हा कथित तौर पर हादसे का शिकार हो गए। इससे एक दिन पहले 24 जून को बिहार के हिंदुवादी संगठन हिंदू शिव भवानी सेवा ने जहीर इकबाल पर लव जिहाद का आरोप लगा दिए गए और इतना ही नहीं सोनाक्षी सिन्हा से उनकी शादी को इस्लामीकरण की कोशिश बताया था। शत्रुघ्न सिन्हा की स्थिति के बारे में विस्तार से नहीं बताया गया, लेकिन जो खबरें सामने आई, उनमें दावा किया जा रहा है कि वे अपने डाइनिंग रूम में हादसे का शिकार हुए थे। शत्रुघ्न सिन्हा 25 जून को अपने घर की पसंदीदा जगह पर थे, तब उन्हें चोट लगी। हादसे के बाद मुंबई स्थित कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती कराया गया। टाइम्स नाउ की रिपोर्ट के अनुसार, वे डाइनिंग रूम में फिसल गए थे, उनकी पसलियों में चोट आई थी और उनकी एक छोटी-सी सर्जरी हुई। जब अभिनेता के साथ यह हादसा हुआ, तब उनकी बेटी सोनाक्षी सिन्हा पास ही मौजूद थीं। सोनाक्षी सिन्हा ने उन्हें तुरंत सहारा दिया और ज्यादा गंभीर चोट लगने से बचाया। सोनाक्षी सिन्हा के मामा पहलाज निहलानी ने भी पुष्टि की कि शत्रुघ्न सिन्हा अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने कहा, हां, शत्रुघ्न अस्पताल में हैं, लेकिन अब वे पूरी तरह ठीक हैं। वे कल शाम तक घर लौट आएंगे।

शत्रुघ्न सिन्हा के छोटे बेटे लव सिन्हा ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि, पापा को वायरल फीवर था और वे बीते कुछ दिनों से कमजोरी महसूस कर रहे थे, तो उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अफवाहें थी कि सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की शादी से शत्रुघ्न खुश नहीं थे। वे कुछ नाराज थे, जिसे शादी से पहले दूर कर लिया गया था। इसकी पुष्टि खुद शत्रुघ्न सिन्हा ने की थी। जब सोनाक्षी सिन्हा की सिविल मैरिज की तस्वीरें समाने आई, तो साफ हो गया कि बेटी और पिता के बीच कोई मनमुटाव नहीं है।

# पंडित हरिप्रसाद चौरसिया ने महज 13 साल की उम्र में बांसुरी से छुए दिल के तार, मना रहे 86वां जन्मदिन



संगीत एक ऐसा जादू है, जो हर किसी को अपनी तरफ आकर्षित करता है और इसको सुनने से हमारा मन शांत होता है। हालांकि एक यंत्र से जादू बिखेरना और सबको मंत्रमुग्ध कर देना हर किसी के बस की बात नहीं है। ऐसा ही एक यंत्र बांसुरी है। यह बात सच है कि आज के समय में गानों में बांसुरी की धुन को कम कर दिया गया है, लेकिन अगर आप आज भी बांसुरी की धुनों में गाना सुनते हैं, तो आप उससे कनेक्ट कर पाते हैं।

बांसुरी बजाकर सबके दिलों पर राज करना हर किसी के बस की बात नहीं है, लेकिन इसके बाद भी बांसुरी के जादूगर कहे जाने वाले भारतीय शास्त्रीय बांसुरी वादक, संगीतकार और संगीत निर्देशक पंडित हरिप्रसाद चौरसिया ने अपनी कला से बांसुरी का ऐसा जादू बिखेरा कि वह देश-विदेश में भी जाने जाते हैं। आज यानी की 01 जुलाई को भारतीय शास्त्रीय बांसुरी वादक पंडित हरिप्रसाद चौरसिया अपना 86वां जन्मदिन मना रहे हैं। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर भारतीय शास्त्रीय बांसुरी वादक पंडित हरिप्रसाद चौरसिया के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

***जन्म और शिक्षा***

प्रयागराज के सेनिया घराने में 01 जुलाई 1938 को पंडित हरिप्रसाद चौरसिया का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम छेदीलाल था, जोकि अपने बेटे को नामी पहलवान बनाना चाहते हैं। पहलवान बनने के लिए हरिप्रसाद चौरसिया ने कुछ समय ट्रेनिंग भी ली और साथ में शॉर्ट हैंड की कला भी सीखी। लेकिन हरिप्रसाद चौरसिया का मन तो शुरूआत से ही संगीत में रमा था, लेकिन वह अपनी और अपने परिवार की इच्छाओं के बीच फंसे थे। लेकिन एक दिन उनको उम्मीद की किरण दिखी। हरिप्रसाद का परिवार संगीत से कोसों दूर था, लेकिन पड़ोस से आने वाली संगीत की धुन उन्हें अपनी ओर आकर्षित करती थी।

बच्चे की बांसुरी से की शुरूआत बताया जाता है कि एक दिन पंडित हरिप्रसाद चौरसिया ने एक बच्चे की बांसुरी मांगकर बजाई। उस दौरान उन्होंने इसके लिए ट्रेनिंग भी नहीं ली थी। लेकिन इसके बावजूद, उनके द्वारा बजाई गई बांसुरी की धुन सभी के दिलों में घर कर गई। जिस दौरान उन्होंने यह धुन बजाई, उस समय माघ मेला लगा था। वहीं मशहूर संगीतकार राजा राम भी मौजूद थे। जब उन्होंने पंडित हरिप्रसाद को बांसुरी बजाते देखा, तो उन्होंने ठान लिया कि वह इनको ट्रेनिंग जरूर देंगे।

***ऐसे शुरू हुआ सफर***

इस घटना के बाद पंडित हरिप्रसाद के संगीत का सफर शुरू हो गया। उन्होंने पंडित राजा राम से ट्रेनिंग लेना शुरूकर दिया और आगे चलकर हरिप्रसाद चौरसिया और बांसुरी एक-दूसरे के पर्याय बन गए। जिस दौरान पंडित हरिप्रसाद संगीत की ट्रेनिंग लेनी शुरू की थी, उस दौरान उनकी आयु 14-15 साल की थी। ट्रेनिंग लेने के बाद उनके जीवन में तमाम बड़े-बड़े बदलाव हुए। पंडित हरिप्रसाद की बांसुरी की धुन दूर-दूर तक पहुंचने लगी और लोगों को पसंद आने लगी।

पंडित राजा राम से ट्रेनिंग लेने के बाद उन्होंने प्रमुख संगीतकार अन्नपूर्णा देवी से भी ट्रेनिंग लेनी चाही, लेकिन इसके लिए उन्होंने पंडित हरिप्रसाद के सामने एक शर्त रखी। शर्त यह थी कि पंडित हरिप्रसाद को दांयी की जगह बांयी तरह से बांसुरी बजानी होगी।

***आकाशवाणी से की शुरूआत***

पंडित हरिप्रसाद को अपनी कला से मिली प्रसिद्धी के बाद आकाशवाणी प्रयागराज में कार्यक्रम मिलने लगा। आकाशवाणी के साथ साल 1952 में उन्होंने अपने करियर की शुरूआत की। बांसुरी बजाने में महारत हासिल करने के बाद उनको प्रेम पूर्वक पंडित की उपाधि दी गई।

***कई फिल्मों में दिया संगीत***

आकाशवाणी से शुरूआत करने के बाद उनके अच्छे दिन शुरू हो गए। इसके बाद उन्होंने मुंबई का रुख किया और संतूर के सबसे बड़े वादक शिव कुमार शर्मा के साथ जोड़ी बनाई। इस जोड़ी ने चांदनी, डर, लम्हा और सिलसिला समेत कई बॉलीवुड फिल्मों में कमाल का संगीत दिया।

***सम्मान***

साल 1984 में पंडित हरिप्रसाद चौरसिया को संगीत नाटक अकादमी, 1992 में पद्म भूषण और कोणार्क सम्मान से नवाजा गया। फिर साल 2000 में पद्म विभूषण तथा हाफिज अली खान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा पंडित हरिप्रसाद चौरसिया को फ्रांसीसी सरकार का नाइट ऑफ द आर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर्स पुरस्कार दिया गया और ब्रिटेन के शाही परिवार की तरफ से सम्मानित किया गया।

# घर से बेघर हुई पायल मलिक, दर्शक हुए नाराज, बिग बॉस को खूब सुनाई खरी-खोटी



बिग बॉस ओटीटी 3 की चर्चित प्रतियोगी पायल मलिक घर से बेघर हो गयी है। पायल को दर्शकों से पर्याप्त वोट नहीं मिले थे, जिसकी वजह से बिग बॉस ने उन्हें अपने घर से बाहर कर दिया है। रविवार को जियो सिनेमा ने अपने आधिकारिक हैंडल पर पायल की एक तस्वीर साझा कर उनके बिग बॉस के घर से बाहर होने की घोषणा की थी। जियो सिनेमा ने पायल की तस्वीर के साथ लिखा, जनता ने सुना दिया है अपना फैसला, पायल मलिक घर से बाहर हो गई हैं!

पायल मलिक के एलिमिनेशन से उनके चाहनेवाले खुश नहीं हैं। मलिक के चाहनेवालों ने उनके एलिमिनेशन को गलत बताया है। जियो सिनेमा की पोस्ट पर कमेंट करते हुए एक फैन ने लिखा, यह उचित नहीं है। दीपक, मुनीशा, नैज़ी और सना सुल्तान वहाँ क्या कर रहे हैं? पूरी तरह से अनुचित और पक्षपातपूर्ण निर्णय। प्रतियोगी के प्रति उनके पक्षपातपूर्ण रवैये के कारण बिग बॉस का बहिष्कार किया जाना चाहिए। एक अन्य ने कमेंट में लिखा, वह रहने की हकदार है, लेकिन मुझे पता है कि दुनिया अच्छे लोगों के लिए नहीं है। यह फिर से साबित हुआ है।

पायल अपने पति अरमान मलिक और उनकी दूसरी पत्नी कृतिका मलिक के साथ शो में शामिल हुई थी। बिग बॉस के घर में तीनों की एंट्री शुरुआत से विवादों में घिरी हुई थी। इंडस्ट्री की कई बड़ी हस्तियां तीनों की शादीशुदा जिंदगी को टीवी पर एक मनोरंजन के रूप में दिखाने पर बिग बॉस को खरी खोटी सुना चुकी हैं। बता दें, अरमान ने पहले पायल और फिर कुछ दिनों बाद उनकी दोस्त कृतिका से शादी कर ली थी। इन तीनों के फिलहाल चार बच्चे हैं।

# अमिताभ बच्चन ने बेटे अभिषेक के साथ पहली बार कल्कि 2898 एडी देखी



फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन ने सोमवार को कहा कि उन्होंने अपने बेटे अभिषेक बच्चन और कुछ दोस्तों के साथ मुंबई के एक थिएटर में पहली बार अपनी हालिया रिलीज फिल्म कल्कि 2898 एडी देखी। अमिताभ ने बड़े बजट की इस विज्ञान कथा शैली फिल्म में अमर योद्धा अश्वत्थामा की भूमिका निभाई है, जिसके लिए उनकी काफी प्रशंसा हो रही है। उन्होंने रविवार को अपने घर जलसा के बाहर प्रशंसकों से साप्ताहिक मुलाकात की और इसके बाद फिल्म देखी। अभिनेता (81) ने अपने निजी ब्लॉग पर इससे जुड़ी कई तस्वीरें साझा कीं हैं। हिंदू महाकाव्य महाभारत और विज्ञान कथा शैली का मिश्रण कही जाने वाली कल्कि 2898 एडी का निर्देशन नाग अश्विन ने किया है जबकि यह वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित है। यह फिल्म कथित तौर पर 600 करोड़ रुपये के बजट से बनी है। बृहस्पतिवार को रिलीज हुई फिल्म अबतक 400 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर चुकी है। इस फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण और कमल हासन भी हैं। दिशा पटानी, शाश्वत चटर्जी और शोभना प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# भूसी डैम हादसे में अब तक चार शव बरामद, एक लापता बच्चे की तलाश

**मुंबई(हि.स.)।** पुणे के लोनावला में स्थित भूसी डैम हादसे में अब तक चार लोगों के शव बरामद किये जा चुके हैं, जबकि एक बच्चा अभी भी लापता है। एनडीआरएफ की टीम सोमवार को सुबह से ही लापता बच्चे की तलाश कर रही है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए महाराष्ट्र के सभी जिलाधिकारियों से पर्यटन स्थलों पर सतर्क रहने की अपील की है। पुणे के सैयद नगर के अंसारी और खान परिवार के दस लोग भूसी डैम पर रविवार को गए थे। डैम में अचानक पानी बढ़ जाने यह सभी लोग पानी में बह गए थे। इनमें पांच लोगों को स्थानीय लोगों ने बचा लिया था। इसके बाद मौके पर इन सभी को ढूंढने का काम शुरू किया गया। रविवार शाम तक इनमें तीन लोगों के शव

**पर्यटन**

**मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए महाराष्ट्र के सभी जिलाधिकारियों से पर्यटन स्थलों पर सतर्क रहने की अपील की है।**

बचाव टीम ने बरामद किए थे। सोमवार को सुबह एनडीआरएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू करके एक और शव बरामद किया है।

अब तक एक महिला और तीन बच्चों के शव बरामद किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सभी जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के खतरनाक पर्यटन स्थलों की समीक्षा करने





का निर्देश दिया है। मानसून पर्यटन में ऐसी घटनाओं को रोकने और पर्यटकों को सुरक्षित रखने के लिए सभी खतरनाक स्थानों पर नोटिस बोर्ड लगाने, पर्यटन स्थलों पर लाइफ गार्ड तैनात करने, कार्डियक एंबुलेंस रखने, एसडीआरएफ की टीमें तैनात करने का भी निर्देश दिया है। इसके साथ ही मुंबई नगर निगम के कमिश्नर को समुद्र तटों को सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया है। सीएम शिंदे ने नागरिकों से अपील की कि वे मानसून पर्यटन का आनंद लें, लेकिन अपने प्रियजनों की जान जोखिम में न डालें, खतरे की चेतावनी को नजरअंदाज न करें।

## जीआरएसई बांग्लादेश के लिए समुद्री जहाज बनाएगा

**कोलकाता (हि.स.)।** केंद्र सरकार की पीएसयू शिपयार्ड गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड ने सोमवार को पड़ोसी देश के लिए समुद्री जहाज बनाने के लिए बांग्लादेश के रक्षा मंत्रालय के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। बयान जारी कर जीआरएसई ने कहा कि समझौते पर जीआरएसई के निदेशक (जहाज निर्माण) कमोडोर शांतनु बोस (सेवानिवृत्त) और बांग्लादेश के रक्षा मंत्रालय के रक्षा खरीद महानिदेशालय में खरीद निदेशक (नौसेना) कमोडोर ए.के. एम. मारुफ हसन की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। जीआरएसई द्वारा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बीएसई को दी गई जानकारी के अनुसार, अनुबंध के अनुसार लगभग 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का जहाज 24 महीने के भीतर बांग्लादेश को सौंप दिया जाएगा। यह जहाज लगभग 61 मीटर लंबा और 15.80 मीटर चौड़ा होगा, जिसकी पूरी तरह से भरी होने पर अधिकतम गति कम से कम 13 नॉट होगी।

# पिछले नौ साल में 12 करोड़ शौचालयों का हुआ निर्माण : हरदीप सिंह पुरी

**नई दिल्ली(हि.स.)।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि पिछले 9 साल में 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण हुआ, जिससे हमें खुले में शौच की समस्या से मुक्ति मिली है। पुरी ने यहां शास्त्री भवन में आयोजित एक समारोह में स्वच्छता पखवाड़ा-2024 का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने पेट्रोलियम मंत्रालय के सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। स्वच्छता पखवाड़ा-2024 का शुभारंभ करने के बाद अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने स्वच्छ भारत अभियान के एक हिस्से के रूप में स्वच्छता पखवाड़ा पहल के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने स्वच्छता अभियान को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सबसे मौलिक परिवर्तनकारी अभियान बताते हुए कहा कि इस अभियान ने हमारे सोचने के तरीके में एक बड़ा बदलाव किया है। पुरी ने बताया कि पिछले साल 1 जुलाई से 15 जुलाई 2023 के बीच %स्वच्छता पखवाड़े% के तहत कई गतिविधियां की गईं। पिछले 9 वर्षों में 12 करोड़



शौचालय बनाए गए, जिससे हमें खुले में शौच की समस्या से मुक्ति मिली। 95 प्रतिशत वार्डों में घर-घर जाकर 100 प्रतिशत कचरा संग्रहण सुनिश्चित किया गया। उन्होंने कहा कि इस मिशन की शुरुआत में शहरी क्षेत्रों में हमारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन न के बराबर था, अब यह आकंड़ा 77 प्रतिशत है। उन्होंने आगे कहा कि संयुक्त राष्ट्र के अनुसार बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रथाओं के कारण परिवारों ने 50,000 रुपये तक की बचत की है। इस समारोह में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस सचिव पंकज जैन भी मौजूद थे।

# नागपुर के दीक्षाभूमि क्षेत्र में अंडरग्राउंड पार्किंग का काम सरकार ने रोका

**मुंबई (हि.स.)।** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को नागपुर में स्थित दीक्षाभूमि क्षेत्र में चल रहे अंडरग्राउंड पार्किंग के दीक्षाभूमि परिसर में चल रहे अंडरग्राउंड काम का जोरदार विरोध करते हुए तोड़ फोड़ भी की। इसके बाद मौके पर माहौल तनावपूर्ण हो



काम तत्काल स्थगित किए जाने की घोषणा की है। इसके बाद दीक्षाभूमि परिसर में अंबेडकर समर्थकों का आंदोलन भी स्थगित कर दिया गया है। दीक्षाभूमि परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। अंबेडकर समर्थकों ने आज दोपहर में गया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले और विधायक नितीन राऊत ने विधानसभा में कहा कि अंडरग्राउंड पार्किंग के कार्य से दीक्षाभूमि को नुकसान पहुंच सकता है। विजयादशमी के दिन हर वर्ष दीक्षाभूमि में देश विदेशों से लाखों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। उनके वाहनों की पार्किंग के लिए दीक्षा भूमि के आस-पास की जमीन का उपयोग किया जाता है। इसलिए राज्य सरकार तत्काल दीक्षा भूमि के पास हो रहे अंडर ग्राउंड पार्किंग के काम पर तत्काल रोक लगाए। इसके बाद देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में कहा कि दीक्षाभूमि में स्मारक समिति के सुझाव के अनुसार विकास योजना तैयार की गई थी।

इसके लिए राज्य सरकार ने 200 करोड़ रुपये दिये हैं। इसके तहत ही दीक्षाभूमि क्षेत्र में अंडरग्राउंड पार्किंग का काम शुरू किया गया है, लेकिन समाज की ओर से इसका विरोध किये जाने से इस काम को तत्काल स्थगित किया जा रहा है। इस संबंध में अंबेडर समर्थकों के साथ बैठक करके सर्वसहमति से निर्णय लिया जाएगा।

# देश के लिए खून बहाने वालों को अपना आदर्श मानना चाहिए : डा. मोहन भागवत

**गाज़ीपुर (हि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ(आरएसएस) के सरसंघचालक डा. मोहनराव भागवत ने सोमवार को धामूपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में मेरे पापा परमवीर पुस्तक का लोकार्पण किया। परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के जीवन पर आधारित इस पुस्तक को डॉ.रामचंद्रन श्री निवासन ने लिखी है। सरसंघचालक अपने एक दिवसीय दौरे पर परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के गांव धामूपुर पहुंचे थे। यह कार्यक्रम वीर अब्दुल हमीद के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित की गई है। उनके और उनकी पत्नी रसूलन बीबी के मूर्ति पर सर्वप्रथम माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर डॉ. भागवत ने कैप्टन मकसूद गाजीपुरी द्वारा लिखित पुस्तक भारत का मुसलमान का भी विमोचन किया। कैप्टन मकसूद सेना से रिटायर्ड हैं। वो अब्दुल हमीद की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम की



अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा.मोहनराव भागवत ने कहा कि देश के लिए खून तथा पसीना बहाने वालों को अपना आदर्श मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहीदों के स्मरण और अनुकरण से विशाल भारत का निर्माण होता है और अच्छे भारत भारतीय होने का गौरव प्राप्त होता है। परिस्थिति चाहें जैसी हो हमें अपनी मातृभूमि व प्राचीन संस्कृति पर गर्व करते हुए अनुकरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जानवर और इंसान में फर्क है। इंसान दूसरे के लिए जीता है, जबकि जानवर अपने लिए जीता है। इसे चरितार्थ परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद ने किया। वह युद्ध के रण में शहीद हो गए। शहीद अब्दुल हमीद की जयंती पर भागवत ने कहा कि मुख्य द्वार पर मैंने एक लाइन लिखी देखी शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले,वतन पर मरने वालों का यही बांकी निशां होगा। वास्तव में शहीद अमर हो जाते हैं। शहीद का बलिदान महान होता है। भारतीय संस्कृति में अपने उपभोग और मजे के लिए जीने की परंपरा नहीं है। शहीद ऐसे ही अपना जीवन जीते हैं। ये बहुत कठिन तपस्या है। गौरतलब है कि वीर अब्दुल हमीद को भारत और पाकिस्तान के युद्ध के दौरान अदम्य साहस और वीरता के लिए बलिदान देने के लिए सरकार ने उन्हें मरणोपरांत वीरता के सर्वोच्च पुरस्कार परमवीर चक्र से सम्मानित किया है।

## पेपर लीक का मामला बेहद गंभीर, इसके रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाया जाय : मायावती

**लखनऊ(हि.स.)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को कहा कि उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में होने वाली परीक्षाओं में पेपर लीक एवं सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार का मामला अति-गंभीर, दुःखद व चिन्तनीय है। इन समस्याओं के प्रति किसी प्रकार की सरकारी लापरवाही और न ही राजनीति उचित है, बल्कि इसकी रोकथाम के लिए सख़्त कदम आवश्यक है। मायावती ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि देश में समय-समय पर होने वाली विभिन्न परीक्षाओं की पवित्रता के साथ ही वर्तमान में ख़ासकर मेडिकल की नीट-यूजी एवं पीजी परीक्षाओं को लेकर जो अनिश्चितता बनी हुई है।

## ओली ने मांगा प्रधानमंत्री का इस्तीफा, गठबन्धन टूट की औपचारिक घोषणा बाकी

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल का सत्ताधारी गठबन्धन टूट के कगार पर पहुंच गया है। बस इसकी औपचारिक घोषणा बाकी है।

नेपाल के सत्तारूढ़ गठबन्धन के प्रमुख घटक दल नेकपा एमाले नेता केपी शर्मा ओली और प्रमुख विपक्षी दल के नेता शेरबहादुर देउवा के बीच नया सत्ता समीकरण बनाने की सहमति के बाद प्रधानमंत्री प्रचण्ड से इस्तीफा देने की मांग की गई है। सोमवार सुबह प्रधानमंत्री निवास पहुंच कर केपी शर्मा ओली ने प्रचण्ड से इस्तीफा देने का आग्रह किया। ओली का कहना है कि नया सत्ता समीकरण बनने के बाद बहुमत गंवा चुके प्रधानमंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

# अमेरिका में अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ते भेदभाव को लेकर उठ रही आवाज

**वाशिंगटन।** अमेरिका में हिंदूफोबिया, अल्पसंख्यक, हिंदू समुदाय के विरुद्ध बढ़ते भेदभाव को लेकर आवाज तेज होती जा रही है। अमेरिका के प्रभावशाली सांसदों ने आश्वस्त किया है कि वह हिंदूफोबिया और मंदिरों पर हो रहे हमले के विरुद्ध लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर चलते रहेंगे। उत्तर अमेरिका के हिंदू गठबंधन (सीओएचएनए) की तरफ से बीते 28 जून को आयोजित तीसरे राष्ट्रीय वकालत दिवस में बड़ी संख्या में हिंदू छात्र शोधकर्ता और सामदायिक नेता सम्मिलित हुए। इसमें अमेरिका में रह रहे हिंदुओं की तरफ से सामना की जानी वाली समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए चर्चा की गई। हाउस रिजोल्युशन 1131 पेश करने वाले डेमोक्रेट सांसद थानेदार ने कहा कि आपकी आवाज कांग्रेस में हिंदू समुदाय की आवाज है। यह प्रस्ताव हिंदूफोबिया, मंदिरों पर हमले की निंदा करता है और हिंदु अमेरिका समुदाय के योगदान की सराहना करता है। उन्होंने कहा, हिंदुओं के प्रति घृणा अपराध बर्दाश्त नहीं समर्थन देने को लेकर ध्यान आकर्षित किया। सांसद ग्लेन ग्रोथमैन और सांसद रो खन्ना ने बीते दशक में समुदाय के योगदान की प्रशंसा की। इसी तरह सांसद



किया जा सकता। रिपब्लिकन सांसद रिच मैककार्मिक ने नीति निर्माण में हिंदु अमेरिका व भारतीय-अमेरिकी समुदाय की भागीदारी और अमेरिका के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में उनकी भूमिका की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने रिजोल्युशन 1131 को मैक्स मिलर ने कहा इस कठिन समय में वह हिंदू समुदाय के साथ खड़े हैं। सीओएचएनए ने बताया, हाउस रिजोल्युशन 1,131 का समर्थन करने के लिए उसके 40 से अधिक कोर स्वयंसेवकों ने 115 सांसदों के कार्यालय में संपर्क किया।

# कुवैत में 34 साल पहले 367 यात्रियों को बनाया गया था बंधक, अब ब्रिटिश सरकार और एयरलाइन पर केस दर्ज

**लंदन।** कुवैत में साल 1990 में ब्रिटिश एयरवेज विमान के यात्रियों और क्रू मेंबर्स को बंधन बना लिया गया था। अब विमान के यात्रियों ने यूके सरकार और एयरलाइन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की है। बता दें कि इराक के तत्कालीन नेता सद्दाम हुसैन ने कुवैत पर आक्रमण किया था। आक्रमण के कुछ घंटो बाद 1990 में 2 अगस्त को कुआलालंपुर जा रहे विमान से जब बीए फ्लाइट 149 खाड़ी राज्य में उतरी तो उसमें सवार लोगों को उतार दिया गया। 367 यात्रियों और क्रू मेंबर्स में से कुछ ने चार महीने से भी ज्यादा समय कैद में बिताया। इन्हें पहले खाड़ी युद्ध के दौरान इराकी तानाशाह के सैनिकों पर अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के हमलों से बचाने के लिए मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल किया गया। उनमें से 94 यात्रियों ने लंदन के हाईकोर्ट में एक नागरिक दावा दायर किया है, जिसमें ब्रिटेन की सरकार और बीए फ्लाइट पर नागरिकों को जानबूझकर खतरे में

**कार्रवाई**

**अब विमान के यात्रियों ने यूके सरकार और एयरलाइन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की है।**

डालने का आरोप लगाया गया है। मैक्यू जूरी एंड पार्टनर्स ने ये जानकारी दी है। वहीं कानूनी फर्म का इसको लेकर कहना है, सभी दावेदारों को इस परिस्थिति के दौरान शारीरिक और मानसिक क्षति हुई, जिसके परिणाम आज भी महसूस किए जाते हैं। शिकायत में आगे ये भी दावा किया गया है कि यूके सरकार और एयरलाइन को पता था कि आक्रमण शुरू हो गया है लेकिन फिर भी विमान को उतरने की अनुमति दी गई। 2003 में, एक फ्रांसीसी अदालत ने बीए




फ्लाइट के फ्रांसीसी बंधकों को 1.67 मिलियन यूरो का भुगतान करने का आदेश दिया था। जानकारी के लिए बता दें कि नवंबर 2021 में जारी ब्रिटिश सरकार की फाइलों से पता चला कि कुवैत में ब्रिटेन के राजदूत ने फ्लाइट के उतरने से पहले लंदन को इराकी घुसपैठ की रिपोर्ट के बारे में जानकारी दी गई थी, लेकिन यह संदेश बीए तक नहीं पहुंचाया गया। ऐसे दावे भी किए गए हैं, जिनका सरकार ने खंडन किया है, कि लंदन ने जानबूझकर अंडरकवर जासूस को तैनात करने के लिए उड़ान का उपयोग करके यात्रियों को जोखिम में डाला और उन्हें विमान में चढ़ने की अनुमति देने के लिए उड़ान में देरी की।

# तालिबान प्रतिनिधिमंडल ने सशर्त संयुक्त राष्ट्र की बैठक में भाग लिया



**इस्लामाबाद (हि.स.)।** तालिबान का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को कतर में अफगानिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र की बैठक में शामिल हुआ। आयोजकों के इस आश्वासन के बाद प्रतिनिधिमंडल बैठक में शामिल हुआ कि महिलाओं को इस बैठक में शामिल नहीं किया जाएगा। दो दिवसीय यह बैठक कतर की राजधानी दोहा में अफगान संकट पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित तीसरी बैठक है। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता और उसके प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले जबीहुल्ला मुजाहिद ने एक्स पर लिखा कि प्रतिनिधिमंडल ने बैठक से इतर रूस भारत और उज्बेकिस्तान सहित अन्य देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। पहली बैठक में तालिबान को आमंत्रित नहीं किया गया और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि तालिबान ने फरवरी में हुई दूसरी बैठक में शामिल होने के लिए कुछ शर्तें रखीं, जिनमें अफगान नागरिक समाज के सदस्यों को वार्ता से बाहर रखने तथा तालिबान को देश का वैध शासक मानने की शर्त शामिल थी। तालिबान ने 15 अगस्त, 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता पर नियंत्रण हासिल किया था।

## भारतीय मूल के इस डॉ. को रिपब्लिकन पार्टी में मिला बड़ा सम्मान



**वाशिंगटन।** भारतवंशी डा. संपत शिवांगी को इस महीने मिल्वौकी में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन के लिए आधिकारिक प्रतिनिधि चुना गया है। देश भर से चुने गए प्रतिनिधि डोनाल्ड ट्रंप को पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित करेंगे। 78 वर्षीय ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी के संभावित उम्मीदवार हैं। भारतीय-अमेरिकी समुदाय के प्रभावशाली नेता डा. संपत को छठी बार सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रतिनिधि के रूप में चुना गया है। उन्होंने कहा कि विस्कान्सिन में चार दिवसीय रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में औपचारिक रूप से ट्रंप को पांच नवंबर के राष्ट्रपति चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार के रूप में नामित किया जाएगा। वहीं, जार्जिया स्टेट सीनेट के लिए चुनाव लड़ने वाले पहले जेन-जेड भारतवंशी उम्मीदवार अश्विन रामास्वामी को अमेरिकी सीनेटर जान ओसाफ ने समर्थन दिया है। 24 वर्षीय रामास्वामी जार्जिया के डिस्ट्रिक्ट 48 में स्टेट सीनेट के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। यह समर्थन मौजूदा स्टेट सीनेटर शान स्टिल के खिलाफ बड़ी बढ़त मानी जा रही है। अगर रामास्वामी जीतते हैं, तो जार्जिया के इतिहास में सबसे युवा प्रतिनिधि होंगे। वर्ष 1997 से 2012 के बीच पैदा होने वाले को जेनरेशन जेड या जूमर्स

# सिंध प्रांत में सड़क हादसे में सात की मौत

**कराची(हि. स.)।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक तेज रफ्तार वाहन के एक ट्रेलर ट्रक से टकराकर पलट जाने से चार बच्चों सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना प्रांतीय राजधानी कराची में उस समय हुई जब ट्रेलर ट्रक ने यू-टर्न लिया और पीछे से आ रही मिनी बस उससे टकराकर पलट गयी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों में एक ही परिवार के चार बच्चे और दो महिलाएं शामिल हैं।

वे सभी हॉक्सबे समुद्र तट पर घूमने गए थे। उन्होंने बताया, जिस बस में वे यात्रा कर रहे थे वह ट्रेलर से टकराने के बाद पलट गयी। वहीं, इस दुर्घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। मौरीपुर के थाना प्रभारी चौधरी तुफैल ने बताया कि इस घटना में अन्य छह लोग भी घायल हुए हैं और उनमें दो बच्चे शामिल हैं। आपातकालीन प्रतिक्रिया दल ने घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की। मृतकों के शवों को आगे की कानूनी प्रक्रियाओं के लिए सिविल अस्पताल कराची (सीएचके) में स्थानांतरित कर



दिया गया है। सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने इस घटना में मारे गए लोगों के प्रति दुख जताया। एक बयान में उन्होंने सीएचके, जिन्ना पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सेंटर और एसएमबी इंस्टिट्यूट ऑफ ट्रॉमा के प्रशासन को घायल यात्रियों को उचित इलाज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने सिंध के महानिरीक्षक गुलाम नबी मेमन को इस घटना के संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने पुलिस को ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने का आदेश दिया है।

# वृक्षारोपण एवं मनरेगा से संबंधित जलसंचयन विषयक बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में सभागार में ''वृक्षारोपण एवं मनरेगा से संबंधित जलसंचयन विषयक बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएफओ प्रवीण खरे के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद को 52 लाख पौधे लगाए जाने का लक्ष्य शासन से प्राप्त हुआ है। इसके संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि समस्त विभाग अपने अपने लक्ष्य के अनुसार तैयारी कर ले। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पेड़ लगाने के साथ ही साथ उन्हें संरक्षित करने की भी व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी ने 171 चिन्हित स्थानों पर ट्यूबेल या वॉटर टैंक के माध्यम से सिंचाई की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उच्च गुणवत्ता के पौधे लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके संबंध में सभी नर्सरी प्रभारी को निर्देश दे दिए जाएं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने लगाए गए पौधों की नियमित मॉनिटरिंग करेंगे और जो पौधे सूखेंगे उनकी जगह दूसरे पौधे लगाए जाएंगे। जिलाधिकारी ने एक्सईएन पीडब्ल्यूडी तथा सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में सड़क के किनारे या पार्कों में पौधे लगाए और उन्हें सुरक्षित रखने की व्यवस्था करें। उन्होंने निर्देश दिया कि जिलास्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए जो कि मौके पर जाकर देखें कि गड्ढे खोदने के साथ ही अन्य आवश्यक तैयारी कर ली गई है कि नही। जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण की तैयारियों को लेकर शिथिलता बरतने पर प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी सुईथाकला को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण रहे।

## स्पेलर चक्की में फंसकर प्रधान के भतीजे की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** पंवारा थाना क्षेत्र स्थित अमोघ गांव मेंरविवार की सुबह लापरवाही के चलते चल रही स्पेलर चक्की की पुल्ली में फंसे 1 4 वर्षीय किशोर की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।। मिली जानकारी के अनुसार पंवारा थाना क्षेत्र के अमोध गांव निवासी शेष मणि पटेल का 14 वर्षीय पुत्र अमन पटेल रविवार की देर शाम टहलते हुए पड़ोस के रामजनक पटेल की मशीन पर चला गया। जहां तेल की पेराई हेतु स्पेलर मशीन चालू था। बताया जाता है कि लापरवाही से अमन साफ्टीन पुल्ली की चपेट में आकर फंस गया। स्पेलर चला रहे रामजनक पटेल जब तक कुछ समझ पाते तब तक चलती चक्की की पुल्ली में फंसे अमन के सिर के चीथड़े उड़ गए तथा उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने कोहराम मच गया।

# जीवन को सशक्त बनाने का एकमात्र साधन सिर्फ शिक्षा: डीपीआरओ

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय नाथूपुर सिरकोनी में धूमधाम से प्रवेश उत्सव मनाया गया।विद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी जौनपुर नत्थूलाल गंगवार द्वारा कार्यक्रम में पहुंचकर बच्चों को माला पहनाकर एवं चंदन तिलक लगाकर स्वागत करते हुए प्रवेश उत्सव की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर उनके द्वारा वृक्षारोपण कर वृहद वृक्षारोपण के निर्देश भी दिए गए। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हम गरीबी, अशिक्षा, अज्ञानता, अंधविश्वास एवं अन्य सामाजिक बुराइयां दूर कर अपने जीवन को सशक्त और समृद्ध बना सकते हैं इसलिए कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं होना चाहिए, सभी लोग अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन अवश्य कराएं।

इस दौरान सफाई कर्मियों की अनुपस्थिति पर जिला पंचायत अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा कार्रवाई के संकेत भी दिये गए। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा प्रत्येक कक्षा में जाकर बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें उत्कृष्ट जीवन हेतु प्रेरित भी किया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति के अभिभावक सदस्यों के साथ भारती सिंह, रेनू सिंह, राममिलन, अनिल मौर्य, श्वेता पाल, रितु गौड़, आकांक्षा, खुशबू चौरसिया ,शालू निषाद, बिंदु कुमार गौतम, समीक्षा सिंह , प्रवेश सिंह, जगदीश सिंह ,विनय सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला द्वारा समस्त अतिथितियों का स्वागत और अभिनन्दन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान जागरूकता रैली को जिला जिलाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई तथा दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई के मध्य चलाया जायेगा। जिलाधिकारी ने आमजन से अपील किया कि मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु गमलोध्क्यारियों की नियमित सफाई करें, पुराने टायर,कबाड़ में पानी का जमाव न होने दें, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, पानी की टंकी को ढक कर रखें, नालियों को साफरखें, हैंडपंप के पास पानी जमने ना दे, कूलर फ्रिज की ट्रे की साप्ताहिक सफाई करें, कचरेदानी को ढक कर रखें। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत विभिन्न विभागों के समन्वय से नालियों के साफ सफाई, एंटी लार्वा, फागिंग व अन्य संबंधित गतिविधियां तहसीलों, ब्लाकों, गांव में कराई जाएगी। अभियान के अन्तर्गत आशाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा घर-घर जाकर बुखार, सर्दी जुखाम, टी0बी0, कुष्ठ रोग, मलेरिया, फाइलेरिया दस्त के रोगियों की लक्षणों के आधार पर चिन्हित करते हुए सूची तैयार कर अपने ब्लॉक इकाई पर सूचित करेंगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0धा0 श्री आजाद भगत सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आईएन तिवारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## राजकुमार सागर के जिला अध्यक्ष बनने पर खुशी



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष का चुनाव प्रयागराज में संपन्न हुआ। जिसमें फिर एक बार राजकुमार सागर को बहुमत से जिला अध्यक्ष चुन लिया गया। लेखपाल संघ की नियमावली के अनुसार संपन्न हुआ। इसी क्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश चंद्र यादव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश किशोर मिश्र,महामंत्री,जिला महामंत्री अवनीश पाण्डेय, उप मंत्री सफीक अहमद, कोषाध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय, कोर्डिनेटर दुर्गा प्रसाद के बनने से समर्थकों में खुशी की लहर है। चुनाव अधिकारी के रूप में प्रदेश सह सचिव शिवराज सिंह, लालचंद्र श्रीवास्तव एवम भूपेंद्र सिंह उपाध्यक्ष मध्य जोन की उपस्थिति रही।

## रानी रेवती देवी के ओम मिश्रा का आईआईटी में चयन



**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर, प्रयागराज के 2024 में इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके ओम मिश्रा ने जेईई मेंस में 99.35 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किया तथा उसके बाद जेईई एडवांस की परीक्षा में सीआरएल 4024 तथा ऑल इंडिया ईडब्ल्यूएस रैंक 431 प्राप्त कर आई आई टी (बीएचयू) में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विषय की शिक्षा हेतु काउंसलिंग के पहले प्रयास में ही प्रवेश हेतु चयनित होकर विद्यालय सहित परिवार का मान बढ़ाया। ओम मिश्रा की इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे ने अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ओम मिश्रा शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। वह हमेशा प्रथम श्रेणी में सम्मान सहित उत्तीर्ण होता आया है। उनके पिता नवनीत मिश्रा मां वैष्णवी डिग्री कॉलेज, थरवई में राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता तथा मां प्रियंका मिश्रा गृहिणी है।

## तीन नये प्रमुख कानून पर बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक ने दी जानकारी

**मुबारकपुर आजमगढ़।** मुबारकपुर थाना सभागार में सोमवार को लगभग एक बजे एक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें आज पहली जुलाई से लागू तीन नये कानून के बारे में थाना प्रभारी निरीक्षक निहार नन्दन कुमार ने जानकारी दी। बैठक मे नगर और ग्रामीण क्षेत्र के सम्भ्रानत नागरिकों ने भाग लिया । मुबारकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि जो पुराने कानून थे उनके स्थान पर तीन नये प्रमुख कानून को पहली जुलाई से लागू किया गया है।

## भाजपा सरकार ने सिर्फ उजाड़ा पेड़, घर और रोजगारः विनय कुशवाहा

**प्रयागराज।** भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार ने सिर्फ उजाड़ने का कार्य किया है। सड़क चौड़ीकरण के नाम पर पेड़ ,घर ,रोजगार उन्होंने बनाया कुछ नहीं। उक्त बातें समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के सुअवसर पर पार्वती चौराहा पार्क जार्जटाउन में पाकड़ का पेड़ लगाते हुए सपा प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा ने कहीं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की सोच विकासपरक पर पर्यावरण संतुलन के साथ सबको साथ लेकर सबकी भलाई का हैं।

# कुलपति ने पौधरोपण कर नए सत्र का किया शुभारम्भ

- विश्वविद्यालय परिसर के संकायाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों के साथ कुलपति ने की बैठक
- नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित होंगे इंडक्शन कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मुक्तांगन में सोमवार को नए सत्र प्रारंभ होने के पहले दिन कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने चंदन का पौधा लगाया। वहीं कुलपति सभागार में विश्वविद्यालय परिसर के संकायाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की।

कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विभागों में विद्यार्थियों के लिए जो सुविधाएँ है उसे अद्यतन कर ले। नए सत्र के लिए विश्वविद्यालय पूरी तरह तैयार है। विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए विश्वविद्यालय बेहतर माहौल उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षक का दायित्व सबसे बड़ा है। विद्यार्थियों से मेंटर के माध्यम से जुड़े और उनकी समस्याओं का निदान करें।

कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि नया सत्र आज से प्रारंभ हो गया है। नए सत्र में नए के साथ, सभी लोग मनोयोग से जुटे। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि विभाग की जो भी आवश्यकतायें है उसकी सूची बनाकर शीघ्र प्रेषित करे दें। इस अवसर पर प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो मानस पाण्डेय, प्रो अजय प्रताप सिंह, प्रो मनोज मिश्र, प्रो राजेश शर्मा, प्रो सौरभ पाल, प्रो प्रमोद यादव, प्रो नुपुर तिवारी, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ अन्नू त्यागी, डॉ राजेश सिंह, रजनीश सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

# राजर्षि टंडन की पुण्यतिथि पर कुलपति ने कर्मचारियों का किया सम्मान

- टंडन जी की स्मृति में मुक्त विश्वविद्यालय में एक माह तक होंगे विविध आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में राजर्षि टंडन जी की पुण्यतिथि पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने विश्वविद्यालय के 36 कर्मयोगियों को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा विश्वविद्यालय के ये कुशल एवं अकुशल कर्मचारी अपने कठिन श्रम के माध्यम से विश्वविद्यालय में अपना योगदान देते हैं। राजर्षि टंडन के स्मृति दिवस पर विश्वविद्यालय इन कर्मचारियों का सम्मान करके राजर्षि टंडन जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि व्यक्त करता है। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने इस अवसर पर घोषणा की कि राजर्षि टण्डन जी के जन्मदिन तक पूरे एक माह के लिए विभिन्न प्रकार के आयोजनों की श्रृंखला प्रारंभ की जा रही है। उन्होंने आज से ही राजर्षि टंडन के नाम परिसर में एक पौधा लगाने की भी शुरुआत की।

मंचासीन विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता ने कहा कि राजर्षि टंडन हिंदी के सच्चे हिमायती थे। उन्होंने हिंदी को एक अलग पहचान दिलाई।

राजर्षि टंडन स्मृति दिवस के बारे में संयोजक प्रो.एस कुमार ने जानकारी दी एवं अतिथियों का स्वागत किया। इसके उपरांत राजर्षि टंडन जी के बारे में विश्वविद्यालय के शोध-छात्रों अंबुज पाण्डेय, दिलीप श्रीवास्तव, सत्येंद्र कुमार, लवप्रीत, सुश्री नित्या, सुश्री शिवा, सुश्री सौम्या तिवारी एवं श्रीमती कौमुदी शुक्ला ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अगले चरण में विश्वविद्यालय के अध्यापकों डॉ. आनन्दानन्द त्रिपाठी, डॉ. सी के सिंह, प्रो. छत्रसाल सिंह, डॉ. देवेश रंजन त्रिपाठी, डॉ. अमित सिंह एवं डॉ. अतुल मिश्रा ने राजर्षि टंडन जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में विचार व्यक्त किये। स्मृति सभा का संचालन डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया।

लखनऊ नगर निगम, लखनऊ

लालबाग, टी.एन.रोड, लखनऊ- 226001 (उ.प्र.)

ई-मेल nnlko@up.nic.in टेली-फैक्स 0522-2622440

निम्नलिखित भवनों के नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा-213 (बी-2) के अन्तर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

नाम परिवर्तन जोन- 1

| क्र. सं. | भवन संख्या एवं मोहल्ले का नाम | दर्ज भवन स्वामी का नाम | प्रस्तावित भवन स्वामी का नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 39/179(39/131) रामतीर्थ मार्ग | सुभद्रा देवी अग्रवाल | सतीश चन्द्र अग्रवाल व डॉ0 जगदीश चन्द्र अग्रवाल | रजिस्टर्ड वसीयत, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| 2 | 98/165(98/155/1) भूसा मण्डी | मोहम्मद नोमान | मो0 शादाब नाजमी, मो0 फरहान नाजमी व मो0 फैज नाजमी | रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| 3 | 149/120 हरी नगर | अजय कुमार सोनी | अनुष्का निगम व मधु निगम | रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| 4 | 136C/032 बशीरतगंज | अनिल कुमार अवस्थी | पुतुल दास व राहुल दास | रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| 5 | 82/128(82/065-67) गुरू 5 गोबिन्द सिंह मार्ग | अविनाश चन्द्र, सर्वेश एवं राहुल चौरसिया, अखिलेश चन्द्र चौरसिया | प्रियांशू अग्रवाल | रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| 6 | 82/128/1(82/065-67) 8 गुरू गोबिन्द सिंह मार्ग | अविनाश चन्द्र, सर्वेश एवं राहुल चौरसिया, अखिलेश चन्द्र चौरसिया | यश अग्रवाल | रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| 7 | 82/128/2(82/065-67) गुरू गोबिन्द सिंह मार्ग | अविनाश चन्द्र, सर्वेश एवं राहुल चौरसिया, अखिलेश चन्द्र चौरसिया | विनीता अग्रवाल | रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| 8 | 82/128(82/065, 67) गुरू गोबिन्द सिंह मार्ग | अविनाश चन्द्र, सर्वेश एवं राहुल चौरसिया, अखिलेश चन्द्र चौरसिया | संजय अग्रवाल | रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| 9 | 172/259(172/226) बाजारं झाऊलाल | शबनम बानों | फूलबानों | रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| 10 | 14/C/170 (14/444) बरफ खाना | मो0 यामीन | मो0 अकील | रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| 11 | 22/28 (22/006A) मदन मोहन मालवीय मार्ग | के0 के0 मिश्र | डॉ0 ऊषाकान्त मिश्रा | रजिस्टर्ड वसीयत, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| 12 | 26/96/FF-2(002A/1) वजीर हसन रोड | कामिनी अग्रवाल | अश्वनी पोद्दार व नीलम पोद्दार | रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| 13 | 39/013A/FF-1038 न्यू बेरी रोड | श्रीराम अपार्टमेण्ट | शेखर चन्द रस्तोगी व अर्चना रस्तोगी | रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |
| 14 | 24/0923/A प्राग नरायन रोड | खालिद रिजवी | अहमद कमाल सिद्दीकी व सै0 मुमताज | रजिस्ट्री, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि |

जोनल अधिकारी

# पूजा सिंह ने मिसेज इंडिया इंटरनेशनल 2024 का खिताब किया अपने नाम

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के जिले की बहू व मिसेज आजमगढ़ पूजा सिंह ने एशिया सेशन 2024 में अपना जलवा बिखेर सबका दिल जीत लिया है। वह न सिर्फ मिसेज इंडिया इंटरनेशनल 2024 का खिताब अपने नाम करने में सफल रहीं, बल्कि उन्होंने पेजेंट में तीन और टाइटल अपने नाम किए। जिसमें मिसेज इंडिया आइकॉन,एशिया बेस्ट टैलेंट और एशिया मोस्ट पॉपुलर का खिताब अपने नाम किया है। यह प्रतियोगिता वाराणसी के महमूरगंज में संपन्न हुआ जिसमे बतौर मुख्य जज पीटर इनलैंड जितेश सिंह और उमंग ने अपना फैसला सुनाया।

बताते चलें कि एशिया 2024 सीजन-4 की विजेता पूजा सिंह पेशे से एक लैब टैक्नीशियन है। इसके साथ ही पूजा सिंह जिले की एक चर्चित संगठन दुर्गा शक्ति सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष भी है। बतौर समाजसेविका इन्होने ने कम समय में बड़ा नाम कमाया। इसके बाद इन्होने ग्लैमर की दुनिया में कदम रखा। इस दौरान अपने पहले ही प्रतियोगिता में इन्होने मिसेज आजमगढ़ का खिताब अपने नाम दर्ज कर यह साबित कर दिया कि अब वो पीछे मुड़कर नहीं देखेंगी। शायद यही कारण है कि मिसेज आजमगढ़ पूजा सिंह अपनी काबिलियत के बल पर एक प्रतियोगिता में एक साथ चार-चार खिताब अपने नाम दर्ज कर न सिर्फ आजमगढ़ का नाम विश्व पटल पर रख दिया बल्कि काशी की धरती पर अपने नाम का डंका बजा दिया। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि व पिछले 16 सालों से हेल्थ डिपार्टमेंट से जुडी हुई है। जिले में तमाम सामाजिक कार्य कर लोगों से जुड़ने का मौका मिला इस दौरान मैंने ग्लैमर की दुनिया में कदम रखा। काफी टफ कम्पटीशन रहा लेकिन जीतन टफरहा उतना ही मेहनत हुआ। इस कम्पटीशन में मेरी बेटी अविका सिंह ने मेरा भरपूर सहयोग किया। यही कारण है कि आज इतनी बड़ी उपलब्धि हाशिल हुई है।

# माफिया अतीक के बेटों उमर और अली के खिलाफ चार्जशीट

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में आज मंगलवार को पुलिस ने माफिया अतीक के बेटों उमर और अली अहमद के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी। उमर लखनऊ जेल में बंद है जबकि अली नैनी सेंट्रल जेल में बंद हैं। धूमनगज एसीपी ने जांच पूरी कर अदालत में चार्जशीट दाखिल की है। डीसीपी सिटी दीपक भूकर ने बताया कि उमर और अली के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो गया है। दोनों हत्याकांड की साजिश में शामिल थे। ज्ञात हो कि 24 फरवरी 2023 प्रयागराज के धूमनगंज इलाके में माफिया अतीक अहमद के शूटरों ने खून की होली खेली थी। उमेश पाल और उनके दो सरकारी गनर पर बम गोलियां बरसा कर हत्या की गई थी। इस मामले में जांच में माफिया के बेटे उमर अहमद और अली अहमद हत्याकांड की साजिश के आरोपी बनाए गए थे। इस हत्याकांड में पुलिस की यह चौथी चार्जशीट है। अली का बयान पुलिस ने नैनी सेंट्रल जेल में जाकर दर्ज किया था। अली ने अपने बयान में हत्याकांड की साजिश से जुड़े अहम राज खोले हैं। पुलिस ने उसका बयान अंकित करते हुए इसे केस डायरी का हिस्सा बना लिया है। अली ने कबूल किया था कि उसे हत्यकाांड से पहले से पूरी जानकारी थी। उसने यह भी कहा था कि मैं भाई असद को हत्याकांड में शामिल होने के लिए मना कर रहा था लेकिन अब्बा यानि अतीक नहीं मानें थे। इसी प्रकार लखनऊ जेल में बंद अतीक के बड़े बेटे उमर का बयान दर्ज हुआ था। उमर ने भी कबूल किया था कि वह इस हत्याकांड की साजिश में शामिल था।

कार्यालय अधिषासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड नं.-2 (सिविल), लो.नि.वि., लखनऊ

पत्रांकः 1463/ई-टेन्डर/2024-25 दिनांकः 19.06.2024

ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस (विज्ञप्ति)

1. अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड-2, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के श्रेणी-ए, बी, सी एवं डी में भवन कार्य हेतु पंजीकृत निविदा दाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्य जिनकी निर्माण लागत सम्मुख अंकित है, प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित करते है।

| क्रम सं. | जनपद | कार्य का नाम | निविदा लागत (लाख में) | बिड सिक्योरिटी रू. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि (दिनों में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (पुराना), में नई कैण्टीन की ओर स्थित बरामदों की रंगाई पुताई का कार्य। | 2.40 | 24000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 2 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (पुराना) स्थित विभिन्न आवासों में रंगाई पुताई का कार्य। | 2.20 | 22000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 3 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (पुराना) में विभिन्न आवासों में दीमक रोधी उपचार, क्षतिग्रस्त टाइल्स बदलने का कार्य, लकड़ी के दरवाजे बदलने का कार्य एवं अन्य आवश्यक कार्य। | 2.30 | 23000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 4 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (नया) में विभिन्न आवासों में दीमक रोधी उपचार, क्षतिग्रस्त टाइल्स बदलने का कार्य, लकड़ी के दरवाजे बदलने का कार्य एवं अन्य आवश्यक कार्य। | 2.60 | 26000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 5 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (पुराना) में विभिन्न सिविल अनुरक्षण कार्य। | 2.40 | 24000.00 | 770.00 | 60 दिन |
| 6 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (नया) में विभिन्न सिविल अनुरक्षण कार्य। | 2.00 | 20000.00 | 770.00 | 60 दिन |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 03.07.2024 से 09.07.2024 तक उपलब्ध है जो दिनांक 09.07.2024 को समय दोपहर 12:00 बजे तक निविदादाता द्वारा सबमिट/अपलोड किये जा सकते है।

इसकी निविदा दिनांक 09.07.2024 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी दिनांक 03.07.2024 से वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

UPID-216840 Dated-29-06-2024

विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

अधिशासी अभियन्ता
अनुरक्षण खण्ड-2 (सिविल),
लो.नि.वि., लखनऊ
ई-मेलः maintenancedivision2pwd@gmail.com

# नया कानून भारतीय न्याय व्यवस्था को प्रतिबिंबित करता है

- पुलिस आयुक्त द्वारा गणमान्य, संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ गोष्ठी

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त तरुण गाबा द्वारा सोमवार को थाना सिविल लाइन्स पर गणमान्य, संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ गोष्ठी की गई जिसके तहत उन्होंने लागू किये गये नये आपराधिक कानूनों (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम)-2023 के महत्वपूर्ण बदलाव के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए जागरुक किया गया। उन्होंने बताया कि पुराने कानून ब्रिटिश राज्य के हितों की रक्षा को ध्यान में रखते हुए दण्ड पर आधारित थे, जबकि नये कानून न्याय पर आधारित हैं, जो भारतीय न्याय व्यवस्था को प्रिबिम्बित करता है। नये आपराधिक कानूनों का मुख्य लक्ष्य ऐसी आपराधिक न्याय प्रणाली बनाना है जो न केवल नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करती है, बल्कि कानूनी व्यवस्था को भी और अधिक मजबूत बनाती है। सभी के लिए सुलभ एवं त्वरित न्याय सुनिश्चित हो। कहा कि नये कानून में नागरिकों को मौखिक अथवा इलेक्ट्रानिक संचार का उपयोग किये बिना उस क्षेत्र पर विचार किये गये जहां अपराध किया गया है, एफआईआर दर्ज कराने एवं बिना देरी के एफआईआर की एक प्रति निःशुल्क प्राप्त करने का अधिकार प्रदान करता है तथा टेक्नोलाजी के दृष्टिगत दाण्डिक प्रणाली में आडियो, वीडियो एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य को समाहित किया गया है। कानूनी जांच, पूछताछ एवं मुकदमे की कार्यवाही को इलेक्ट्रॉनिक रुप से आयोजित करने का प्राविधान है। उन्होंने बताया कि आपराधिक न्याय प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और सुलभ बनाया गया है। नागरिकों को अभियोजन पक्ष की सहायता के लिए अपना स्वयं का कानूनी प्रतिनिधित्व करने का अधिकार प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त नगर, सहायक पुलिस आयुक्त सिविल लाइंस तथा प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइंस उपस्थित रहे।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में रौनक, टॉप 10 में शामिल 8 आभासी मुद्राएं ग्रीन जोन में

**नई दिल्ली (हि.स.)।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज रौनक नजर



आ रही है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम समेत 8 क्रिप्टो करेंसीज मजबूती के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं। जबकि 1 क्रिप्टो करेंसी गिरावट के साथ रेड जोन में और 1 क्रिप्टो करेंसी बिना बदलाव के 24 घंटे पहले की कीमत पर ही कारोबार कर रही हैं। आज की तेजी के कारण बिटकॉइन एक बार फिर 62 हजार डॉलर के स्तर को पार कर गया है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 1.88 प्रतिशत की मजबूती के साथ 62,641.74 डॉलर यानी 52.27 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 2.16 प्रतिशत की तेजी के साथ उछल कर 3,459.38 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.08 प्रतिशत, बीएनबी 0.53 प्रतिशत, सोलाना 3.77 प्रतिशत, एक्सआरपी 2.13 प्रतिशत, डॉगकॉइन 2.04 प्रतिशत और कार्डानो 3.83 प्रतिशत की तेजी के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टॉनकॉइन 0.47 प्रतिशत की कमजोरी के साथ रेड जोन में बना हुआ था। इसके अलावा यूएसडी कॉइन की कीमत में पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान कोई बदलाव नहीं हुआ है।

कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 1.99 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 2.31 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 192.76 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

ग्लोबल मार्केट कैप में बढ़ोतरी होने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी तेजी आई है। इस अवधि में कुल 5,315 करोड़ डॉलर यानी 4.43 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 14.84 प्रतिशत अधिक है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें तो कीमत में तेजी आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति 0.03 प्रतिशत मजबूत हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी बढ़ कर 53.50 प्रतिशत हो गई है।

## कृति सेनन ने भारत में फ़ूजीफिल्म "Insta& Mini SE™" कैमरा किया लॉन्च

**लखनऊ** फ़ूजीफिल्म भारत ने आज मुंबई में बॉलीवुड अभिनेत्री और FUJIFILM India insta&™ ब्रांड एंबेसडर कृति सेनन के साथ instax™ मिनी सीरीज के अपने नए प्रोडक्ट instax mini SE™ को लॉन्च किया। इस कार्यक्रम में FUJIFILM India के मैनेजिंग डॉयरेक्टर श्री कोजी वाडा और FUJIFILM India में डिजिटल कैमरा, इंस्टैक्स और ऑप्टिकल डिवाइसेस बिजनेस के प्रमुख श्री अरुण बाबू भी मौजूद थे। यह कार्यक्रम इंस्टैक्स प्रोडक्ट लाइन और ब्रांड में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। फ़ुजीफिल्म के इंस्टैंट कैमरा लाइन, इंस्टैंट्स, 1998 में इंस्टैंट्स मिनी 10के साथ शुरू हुई, जो आधुनिक ट्विस्ट के साथ क्रेडिट कार्ड के आकार के इंस्टैंट फ़ोटो बनाने के लिए तेज़ी से लोकप्रिय हुई। पिछले कुछ सालों में इंस्टैंट्स ने मिनी, वाइड और स्क्वायर फ़ॉर्मेट को शामिल करते हुए फोटोग्राफी के शौकीन लोगों की विभिन्न प्राथमिकताओं को पूरा किया। वाइब्रेंट, हाई-क्वॉलिटी वाले प्रिंट और यूजर फ्रेंडली डिज़ाइन के लिए जाने जाने वाले इंस्टैंट्सइ कैमरे कन्टेम्परेरी स्टाइल के साथ पुरानी यादों को संजोते हैं, जो फ़ोटोग्राफ़ी के शौकीनों और कैजुअल यूजर के




बीच समान रूप से पसंदीदा कैमरे बन गए हैं। इंस्टैंट्सइ सीरीज़ के कैमरे मौज-मस्ती, क्रिएटिविटी और स्पॉनटेनिटी को मूर्त रूप देते हुए पलों को तुरंत बेहतरीन ढंग से कैप्चर करते रहे है। ब्रांड एंबेसडर के रूप में कृति सेनन के शामिल होने से इंस्टैक्स परिवार में एक नई और जीवंत ऊर्जा आई है। उनकी लोकप्रियता और स्टाइल टार्गेटेड ऑडिएंस से मेल खाती है। इसलिए वह नए इंस्टैंट्स मिनी SE™ का प्रचार और प्रसार करने के लिए बेहतरीन ब्रांड एम्बेस्डर साबित होंगी। फ़ुजीफिल्म की अत्याधुनिक तकनीक को कृति सेनन के जीवंत व्यक्तित्व के साथ जोड़के नया इंस्टैक्स मिनी SE™ एक एडवांस्ड और यूनीक यूजर एक्सपीरियंस अनुभव प्रदान करने का वादा करता है। कृति सेनन ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, मैं इंस्टैक्स परिवार का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। इंस्टैक्स मिनी SE™ सिर्फ़ एक कैमरा नहीं है; यह यादों को बनाने और संजोने का एक तरीका है। मुझे इसका स्टाइल और फंशनालिटी पसंद है, जो इसे किसी भी अवसर के लिए एकदम सही एक्सेसरी बनाता है। चाहे आप किसी पार्टी में हों, यात्रा कर रहे हों या दोस्तों के साथ घूम रहे हों, इंस्टैक्स मिनी स्श्वइ उन खास पलों को खूबसूरती से कैप्चर करता है।

## मारुति सुजुकी की बिक्री जून में 12 फीसदी बढ़कर 1,79,228 इकाई पर



**नई दिल्ली (हि.स.)।** देश की सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की जून महीने में कुल थोक बिक्री 12 फीसदी बढ़कर 1,79,228 इकाई रही है। पिछले साल इसी महीने में एमएसआई की थोक बिक्री 1,59,418 इकाई थी।

कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि जून में कुल घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री तीन फीसदी बढ़कर 1,37,160 इकाई रही है, जबकि जून, 2023 में यह 1,33,027 इकाई रही थी। कंपनी के मुताबिक ऑल्टो और एस-प्रेसो सहित छोटी कारों की बिक्री जून में घटकर 9,395 इकाई रह गई है। यह जून 2023 में 14,054 इकाइयों रही थी।

कंपनी ने बताया कि बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, टूर एस और वैगनआर सहित कॉम्पैक्ट कार की बिक्री जून में 64,049 इकाई रही है, जबकि पिछले साल इसी महीने में ये 64,471 इकाई थी। इसी तरह ब्रेजा, एर्टिगा, एस-क्रॉस और एक्सएल6 सहित यूटिलिटी वाहनों की बिक्री जून में 52,373 इकाई रही, जबकि जून 2023 में यह 43,404 इकाई थी।

एमएसआई के मुताबिक ईको की बिक्री पिछले महीने 10,771 इकाई रही, जबकि पिछले साल जून में यह 9,354 इकाई थी। इसके अलावा हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री जून में 2,758 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 2,992 इकाई रही थी। कंपनी ने कहा कि जून में उसका निर्यात 31,033 इकाई रहा, जबकि जून 2023 में यह 19,770 इकाई था।

## रियलमी ने 8,999 रुपये मूल्य में अपने सेगमेंट के एकमात्र वेगन लैदर डिज़ाईन के साथ रियलमी सी63 पेश किया

**नई दिल्ली।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी चैंपियन सीरीज़ में सबसे नया स्मार्टफोन रियलमी सी63 पेश किया। रियलमी सी63 एक बजट-फ्रेंडली स्मार्टफोन है, जो अपने सेगमेंट में एकमात्र वेगन लैदर डिज़ाईन के साथ स्टाईल और ड्यूरेबिलिटी प्रदान करता है। रियलमी सी63 में 45 वॉट का फास्ट चार्जर दिया गया है, जो इसे बहुत तेजी से चार्ज कर देता है। साथ ही इसकी 5,000 एमएएच की बैटरी भारी उपयोग के बाद भी पूरे दिन पर्याप्त पॉवर प्रदान करती है। रियलमी सी63 में फ्लैगशिप लेवल के एआई अनुभव और इनोवेटिव फीचर्स जैसे एयर गेस्चर, रेनवॉटर स्मार्ट टच और इसका अत्यधिक लोकप्रिय मिनी कैप्सूल 2.0 फीचर दिए गए हैं। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''हम अपनी चैंपियन सीरीज़ में नया स्मार्टफोन, रियलमी सी63 पेश करके उत्साहित हैं। रियलमी में हम ऐसी इनोवेटिव टेक्नोलॉजी प्रदान



करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हमारे युवा ग्राहकों की जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा कर सके। रियलमी सी63 इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है, और किफायती मूल्य में अनेक आधुनिक फीचर्स प्रदान करता है। हमारा मानना है कि रियलमी सी63 अपने अद्वितीय स्टाईल, ड्यूरेबिलिटी और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ बजट स्मार्टफोन के सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर देगा।' रियलमी सी63 को एक प्रीमियम वेगन लैदर बैक कवर के साथ डिज़ाईन किया गया है, जो आम तौर से फ्लैगशिप स्तर के स्मार्टफोन में देखने को मिलता है। इस डिज़ाईन में अपने सेगमेंट के अन्य उत्पादों के मुकाबले ज्यादा बेहतर टैक्सचर है, जो दागों के लिए रजिस्टैंट होने के साथ ज्यादा टिकाऊ भी है। प्रीमियम वैगन लेदर टैक्सचर के लिए रियलमी सी63 में खुरदुरा लीची पैटर्न लिया गया है, जो वेगन लैदर बैक शेल को कवर करके प्रीमियम टैक्सचर प्रदान करता है, और ग्रिप बढ़ाकर विज़्युअल और स्पर्श का अनुभव बेहतर बनाता है। इसके अलावा रियलमी सी63 इस मूल्य वर्ग में एकमात्र मैटल लेंस डेको के साथ आता है, जो अपनी मजबूत और बेहतर टैक्सचर के कारण महंगा है। रियलमी सी63 में 45 वॉट का फास्ट चार्जर दिया गया है, जो केवल 30 मिनट में फोन को 50 प्रतिशत तक चार्ज कर देता है। यह केवल एक मिनट की चार्जिंग में 1 घंटे तक का टॉक-टाईम प्रदान करता है। साथ ही, रियलमी सी63 में सेगमेंट का एकमात्र टीयूवी रीनलैंड सेफ फास्ट चार्ज सिस्टम सर्टिफिकेशन है, यानी इस फोन की चार्जिंग प्रणाली को कठोर परीक्षणों से गुजारा गया है, और इसमें सुरक्षा के सर्वोच्च मानकों का पालन किया गया है। रियलमी सी63 में ऑक्टाकोर आर्किटेक्चर की चिप लगी है, जो उच्च परफॉर्मेंस के साथ एफिशियंसी भी प्रदान करती है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बिक्री में मजबूत वृद्धि दर्ज करना जारी रखा

**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपनी मजबूत बिक्रीगति को बनाए रखा है और जून 2024 में 27,474 गाड़ियों की बिक्री करके40त्न की वृद्धि दर्ज की है। इसमें 25,752 गाड़ियों की घरेलू बिक्री और 1,722 गाड़ियों का निर्यात शामिल है। मई 2023 में, टीकेएम ने 19,608 गाड़ियां बेचीथीं। कंपनी ने कैलेंडर वर्ष के पहले छह महीनों में पिछले वर्ष की इसी अवधि कीतुलना में 47त्न की वृद्धि के साथ सफलता दर्ज की है। जनवरी से जून 2024 की अवधि में टीकेएम ने 1,50,250 इकाइयाँ बेचीं, जबकि कैलेंडर वर्ष 2023 की इसी अवधि में, टीकेएम ने 1,02,371 गाड़ियां बेचीं। मजबूत प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के प्रयुक्तकार व्यवसाय के वाइस प्रेसिडेंट सेल्स-सर्विस (बिक्री-सेवा), श्री सबरी मनोहरने कहा, हमारी उत्पाद रणनीति और सभी टचपॉइंट्स पर एक सुखद स्वामित्वअनुभव प्रदान करने पर निरंतर ध्यान दिये जाने से हमें लगातार मजबूत प्रदर्शनबनाए रखने में मदद मिली है। उल्लेखनीय रूप से, हमने जून में 27,474 यूनिट्सकी अपनी अब तक की सबसे अधिक मासिक बिक्री हासिल की और कैलेंडरवर्ष के लिए कुल 47त्न की वृद्धि हमारी उत्साही रणनीति की सफलता कोउजागर करती है। हाल ही

## ऑनलाइन लेन-देन करने वालों की संख्या में मामूली गिरावट




**नई दिल्ली (हि.स.)।** ऑनलाइन लेन-देन करने वालों की संख्या में मामूली गिरावट दर्ज हुई है। जून में यूनिफाइड पेमेंट सिस्टम (यूपीआई) के जरिए 1,389 करोड़ ट्रांजैक्शन (लेन-देन) हुए हैं। इस दौरान 20.07 लाख करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर की गई है। ऑनलाइन लेनदेन की संख्या में सालाना आधार पर 49 फीसदी की वृद्धि हुई है। ट्रांसफर की जाने वाली राशि में 36 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने सोमवार को लेन-देन के आंकड़े जारी करते हुए बताया कि जून महीने में 1,389 करोड़ यूपीआई ट्रांजैक्शन हुए हैं। इसके जरिए 20.07 लाख करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर हुई है। पिछले साल जून, 2023 में 934 करोड़ ट्रांजैक्शन के जरिए 14.75 लाख करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर हुई। इस तरह पिछले साल की तुलना में ऑनलाइन लेन-देन की संख्या 49 फीसदी ज्यादा है, जबकि ट्रांसफर की जाने वाली राशि में 36 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, मई की तुलना में वॉल्यूम में एक फीसदी और वैल्यू में फीसदी फीसदी की गिरावट आई है।

मई, 2024 में यूपीआई के जरिए 1,404 करोड़ ट्रांजैक्शन हुआ, जबकि इसके जरिए 20.45 लाख करोड़ की राशि ट्रांसफर की गई थी। अप्रैल, 2016 में यूपीआई के शुरू होने के बाद से मई 2024 में वॉल्यूम और वैल्यू दोनों के मामले में ट्रांजैक्शन सबसे ज्यादा हुए थे।।

# वजन घटाने के लिए खायें 6 हेल्दी स्नैक्स और देर रात की भूख को कहें बाय-बाय

**लखनऊ।** देर तक काम करते समय या दोस्तों के साथ देर रात स्नैक्स का आनंद उठाना मजेदार हो सकता है, लेकिन हम क्या खाते हैं, उसका सीधा असर हमारी सेहत पर पड़ता है। अनहेल्दी खाने से वजन बढ़ने, मेटाबॉलिक समस्यायें और पाचन संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। डॉ. रोहिणी पाटिल, एमबीबीएस और न्यूट्रीशनिस्ट ने सलाह देते हुए कहा कि यदि आपको देर रात स्नैक्स खाने का मन करता है तो बादाम एवं ग्रीक योगर्ट खायें, क्योंकि इनसे आपको संतुष्टि मिलती है और ये स्नैक्स वजन घटाने में मदद करते हैं और सम्पूर्ण सेहत को बढावा देते हैं। ये फूड्स न सिर्फ आपकी क्रेविंग्स या भूख को खत्म करते हैं, बल्कि वजन घटाने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी सहायक हैं। **बादाम :** बादाम एक बेहतरीन विकल्प है और अनावश्यक वजन बढ़ने से बचने के लिए आप इसे कभी भी खा सकते हैं। इससे डायबिटीज़ और हाई कोलेस्ट्रॉल जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों का खतरा कम होता है। बादाम में प्रोटीन, जिंक, मैगनीशियम और डाइटरी



फाइबर सहित 15 आवश्यक पोषक तत्व पाये जाते हैं। बादाम में ऐसे गुण होते हैं, जो लंबे समय तक आपके पेट को भरा हुआ महसूस कराते हैं, जिससे आपको फास्ट एवं जंक फूड्स से दूर रहने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा इसमें मैग्निशियम भी होता है, जिससे आपको अच्छी नींद आती है। बादाम की सबसे अच्छी चीज यह है कि इसे अलग-अलग तरह से खाया जाता है, जैसे कि इन्हें रोस्ट किया जा सकता है, कच्चा खा सकते हैं, भिगोकर खा सकते हैं, छीलकर या बिना छीले खाया जा सकता है और ये किसी भी रूप में भरपूर पोषण देते हैं।

**ग्रीक योगर्ट :** ग्रीक योगर्ट देर रात में खाने के लिये एक बेहतरीन स्नैक है। इसमें प्रोटीन काफी मात्रा में होता है, जिससे आपको संतुष्टि मिलने के साथ ही पेट को भरा होने का अहसास होता है, और देर रात लगने वाली भूख की चाहत कम होती है। ग्रीक योगर्ट में मौजूद एमिनो एसिड ट्राइप्टोफैन से बेहतर नींद को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। ताजे फल, बादाम के साथ इसका आनंद उठायें अथवा अतिरिक्त फ्लेवर और पोषण के लिये इसमें शहद डालकर खायें।

**चेरी टोमैटोज़ :** चेरी टोमैटोज़ में कैलोरी की मात्रा कम होती है और यह फाइबर से भरपूर होते हैं, जो उन्हें वजन पर ध्यान देने वाले लोगों के लिये एक आदर्श विकल्प बनाते हैं। इसमें लाइकोपीन नामक एक एंटीऑक्सीडेंट भी पाया जाता है, जिससे नींद को बेहतर बनाने में फायदा मिल सकता है। चेरी टोमैटोज़ एक लाइट और रिफ्रेशिंग स्नैक है, जिसे अकेले या पनीर के साथ मिलाकर भी खाया जा सकता है। इन्हें खाकर आप देर रात लगने वाली भूख को मिटा सकते हैं और आपको संतुष्टि का भी अहसास होगा।

**पनीर :** पनीर भी प्रोटीन से भरपूर फूड है, जिसमें कैलोरी की मात्रा कम होती है, जो इसे देर रात की भूख को शांत करने का एक बेहतरीन विकल्प बनाती है। इसमें केसीन प्रोटीन पाया जाता है, जो धीरे-धीरे पचता है।

## इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड को सेबी ने आईपीओ के लिए दी मंजूरी




**नई दिल्ली (हि.स.)।** नोएडा स्थित इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड कंपनी को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने 18 मार्च, 2024 को सेबी के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया था। कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि पूंजी बाजार नियामक सेबी ने उसके आईपीओ लाने को मंजूरी दे दी है। कंपनी के 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य वाले इस आईपीओ में 200 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी करने और प्रमोटर समूह तथा निवेशक-विक्रय शेयरधारकों द्वारा 44.5 लाख शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड अपनी व्यापक उपस्थिति के साथ टर्नकी प्री-इंजीनियर्ड स्टील निर्माण समाधानों के मामले में भारत की अग्रणी कंपनियों में से एक है।

## भारतीय पोकर खिलाड़ी संतोष सुवर्णा ने इतिहास रचा, पोकर ब्रेसलेट के लिये अपनी दूसरी वर्ल्ड सीरीज और 45 करोड़ रूपये से अधिक की इनामी राशि जीती



**नई दिल्ली।** पोकर के भारतीय उस्ताद संतोष सुवर्णा ने वर्ल्ड सीरीज ऑफ पोकर (डब्ल्यूएसओपी) में अपना दूसरा ब्रेसलेट और स्न55 WSOPw024 इवेंट में 45 करोड़ रूपये से ज्यादा की इनामी राशि जीतकर नया कीर्तिमान हासिल किया है। उन्होंने डब्लयूएसओपी में 3 दिन तक शानदार प्रदर्शन किया, जहाँ दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पोकर प्लेयर्स के साथ उनका मुकाबला हुआ। और आखिरकार वह प्रतिष्ठित इवेंट के विजेता बनकर उभरे।संतोष सुवर्णा भारत में बेंगलुरु के रहने वाले एक सफल व्यवसायी हैं। पोकर के भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सर्किट में वह एक जाने-माने खिलाड़ी भी हैं। शुरूआत में वह भारत में होने वाले टूर्नामेंट्स में मुकाबले किया करते थे, लेकिन फिर दुनिया के सबसे बड़े टूर्नामेंट्स और इवेंट्स में उन्होंने अपनी धाक जमाई।

वर्ल्ड सीरीज ऑफ पोकर में संतोष की जीत और इतिहास दर्ज करने पर बधाई देते हुए, बाज़ी गेम्स के संस्थापक एवं सीईओ नवकिरण सिंह ने कहा, ''मेरा मानना है कि भारतीय पोकर अपने सुनहरे दौर में जा रहा है और संतोष की जीत ने इस यकीन को पक्का कर दिया है। पिछले कुछ साल में पोकर के प्रतिष्ठित वैश्विक टूर्नामेंट्स में हमने भारतीय खिलाड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी देखी है। और इस तरह की जीत से साबित होता है कि भारत दुनिया के पोकर सर्किट्स पर अपना जलवा बिखेरने के लिये तैयार है। भारत को यह गौरव दिलाने के लिये संतोष को बहुत बहुत बधाईयां।'' संतोष की जीत को पोकरगो इंडिया की वेबसाइट और सोशल मीडिया हैण्डल्स पर देखा जा सकता है। पोकरगो दुनिया का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म है, जहाँ पोकर से जुड़ा कंटेन्ट मिलता है और इसकी आधिकारिक होस्टिंग भारत में पोकरबाज़ी के साथ मिलकर की जाती है। पोकरबाज़ी और पोकरगो इंडिया की भागीदारी से कंटेन्ट भारतीय दर्शकों के लिये हिन्दी जैसी क्षेत्रीय भाषाओं में भी मिल जाता है। पोकर को दिमाग के एक खेल के तौर पर पहचाना जाता है और पोकरबाज़ी जैसे प्रमुख प्लेटफॉर्म्स भारत में पोकर का एक बहुआयामी इकोसिस्टम बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय योगदान दिये हैं, जैसे कि कंटेन्ट और एज्युकेशनल मटेरियल रिलीज करना, ताकि प्लेयर्स को रणनीतिक तरीके से खेलने में मदद मिले। वह भारत में पोकर टूर्नामेंट की संस्कृति को बढ़ावा भी दे रही है। उन्होंने प्रमुख आईपी लॉन्च किये हैं, जैसे कि नेशनल पोकर सीरीज इंडिया। यह देश का सबसे प्रतिष्ठित पोकर इवेंट है। और त्न.ह्ल..ज्ञ भारत में सबसे ज्यादा इनामी राशि वाला सबसे बड़ा टूर्नामेंट है।

# एसिक्स इंडिया ने लखनऊ स्टोर में लॉन्च किया नया फुटवियर

**लखनऊ।** एसिक्स इंडिया ने अपनी ब्राण्ड अम्बेसडर और जानी-मानी अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के साथ लखनऊ में एक यादगार ब्राण्ड इवेंट का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन 30 जून 2024 को लखनऊ के फिनिक्स पलाज़ियो स्थित एसिक्स स्टोर में किया गया। यह स्टोर बेहतरीन परफोर्मेन्स देने वाले एथलेटिक्स फुटवियर, ट्रैंडिंग एक्टिव वियर और ज़रूरी एक्सेसरीज़ के साथ उपभोक्ताओं को खरीददारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करता है। ब्राण्ड के इन सभी प्रोडक्ट्स को इस तरह से डिज़ाइन किया जाता है कि ये उनकी फिटनैस की यात्रा को कई गुना बेहतर बना देते हैं। फिटनैस की शौकीन एवं अभिनेत्री श्रद्धा ने एसिक्स के साथ ब्राण्ड की स्पोर्टस्टाइल कैटेगरी में उनके नए फुटवियर 'जैल क्वांटम 360 ड्ढढ्ढढ्ढ' का लॉन्च किया।

श्रद्धा की मौजूदगी ने इस शाम में ग्लैमर का तड़का लगा दिया। दर्शक भी बेहद उत्सुक नज़र आ रहे थे, जिन्हें अपनी पसंदीदा अभिनेत्री से मिलने का मौका मिला। श्रद्धा ने अपने प्रशंसकों के साथ बातचीत की तथा फैशन एवं स्टाइल के संयोजन के साथ फिटनैस, सक्रिय एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति अपने जोश को दर्शाया। श्रद्धा ने स्टोर में एसिक्स इंडिया के नए कलेक्शन का अवलोकन किया, जिसमें आधुनिक फिटनैस एवं लाईफस्टाइल प्रोडक्ट्स शामिल हैं।

कार्यक्रम की सफलता पर बात करते हुए श्री रजत खुराना, मैनेजिंग डायरेक्टर, एसिक्स इंडिया और साउथ एशिया ने कहा, ''हमें खुशी है कि आज हम अपनी ब्राण्ड अम्बेसडर श्रद्धा कपूर के साथ उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मौजूद हैं। शहर स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित हो रहा है, यहां स्पोर्ट्स सुविधाएं तेज़ी से बढ़ रही हैं, ताकि शहर के उभरते एथलीट्स राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में हिस्सा ले सकें। ऐसे में यह शहर सेल्स के नज़रिए से हमारे राडार पर है, और हमारे लिए महत्वपूर्ण बाज़ार है। जिस तरह से श्रद्धा लोगों को फिट रहने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं, क्योंकि उनका मानना है




कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है, ठीक उसी तरह हमारा उद्देश्य भी लोगों को सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। ताकि वे अपने हर कदम के साथ बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में आगे बढ़ते रहें।'' श्रद्धा कपूर भी लखनऊ में एसिक्स इंडिया का प्रतिनिधित्व करते हुए बेहद उत्सुक नज़र आईं। उन्होंने कहा, ''मुझे खुशी है कि आज मैं इस आकर्षक शहर में हूं और यहां के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ़ उठाना चाहती हूं। वास्तव में मैं वर्कआउट पर इसलिए भी ज़्यादा ध्यान देती हूं, ताकि मैं अपने पसंदीदा खाने का आनंद उठाती रहूं। इस शहर की एनर्जी और जोश सही मायनों में खास है। इस आयोजन ने मुझे अपने प्रशंसकों से मिलने का मौका दिया। मैं आप सभी को एक ही संदेश देना चाहूंगी कि एसिक्स के साथ अपना हर कदम आगे बढ़ाते हुए सक्रिय जीवनशैली को अपनाएं। आइए एक साथ मिलकर इस रोमांचक यात्रा की शुरूआत करें!'' कार्यक्रम के दौरान एसिक्स इंडिया की ओर से फुटवियर एवं परिधानों के नए कलेक्शन को पेश किया गया, जिन्हें आधुनिक टेक्नोलॉजी और बेहतरीन डिज़ाइन के साथ बनाया जाता है। उपस्थितगणों ने श्रद्धा के साथ इंटरैक्टि चर्चा एवं फिटनैस डेमो का खूब आनंद उठाया, वे सभी उनके फिटनैस रूटीन की एक झलक पाना चाहते थे। एनर्जी से भरपूर माहौल और प्रशंसकों की उत्सुकता ने कार्यक्रम को सफल बना दिया, कुल मिलाकर यहां फिटनैस, फैशन एवं लखनऊ की जीवंत भावना का संयोजन देखने को मिला।

## अधिशासी अधिकारी को दी बधाई



**कौशांबी अवधनामा संवाददाता।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह के एक वर्ष के सफल कार्यकाल पर नगर पंचायत सभासदों और गणमान्य व्यक्तियों ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह को पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी है सभासदों ने कहा अधिशासी अधिकारी सर्वसुलभ हैं नगर पंचायत के विकास कार्यों सहित विकास योजनाओं को क्रियान्वन हेतु अग्रणी भूमिका रखती हैं इस अवसर पर वरिष्ठ लेखा लिपिक साकेत चंद्र श्रीवास्तव,वरिष्ठ सभासद सुघर सिंह,सभासद मनोज त्रिपाठी,सभासद रामबाबू मोदनवाल,सभासद रमेश सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे हैं।

## वन महोत्सव का आयोजन मनिहारी में हुआ



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सामाजिक वानिकी विभाग द्वारा वन महोत्सव का आयोजन मनिहारी में किया गया। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम द्वारा मनिहारी के मनरेगा पार्क में पौधा रोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। स्कूली छात्र-छात्राओं को पौधे उपहार में दिए गए। साथ ही बच्चों को इन पौधो को रोपकर उनके पेड़ बनने तक देखभाल की जिम्मेदारी भी सौपी गयी। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने लोगो से पौधे लगाने और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के अनमोल रत्न हैं। शुद्ध पर्यावरण के लिए हमें अपने जीवन से ज्यादा इसकी देखभाल की जरूरत है। पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उक्त कार्यक्रम में वन विभाग के प्रभागीय निदेशक जगदीश आर, लोकसभा मीडिया प्रभारी अजय दूबे वत्स,विधानसभा मीडिया प्रभारी अनूप उपध्याय,प्रमुख प्रतिनिधि अमरेश सिंह बबलू, पुनीत पाठक, अमित सिंह, राजू कुशवाहा, अन्नू सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी गौतम कुमार मौर्य, रविन्दर सिंह, अनिल कुमार सिंह बन्द, शैलू सिंह, गौरव सिंह, अमरनाथ सिंह, विनय तिवारी, रामकृपाल आदि मौजूद रहे।

## एफडीडीआई में महिलाओ ने सीखा हुनर



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** फुटवियर डिज़ाइन और विकास संस्थान मे तीस महिलाओ ने स्लीपर बैग चटाई तथा अन्य घरेलु सामानो को आकर्षक बनाने का तकनीकी ज्ञान हासिल किया। ओंकार सेवा संस्थान द्वारा अयोध्या जनपद की नब्बे महिलाओ को नाबार्ड के सहयोग से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।जिसमें से तीस महिलाओ को भ्रमण और प्रशिक्षण के लिए सोमवार को एफ डी डी आई फुरसतगंज लाया गया। केंद्र प्रभारी वरुण गुप्ता ने कहा कि संस्थान ग्रामीण महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें फैशन डिज़ाइनिंग तथा फुटवियर डिज़ाइनिंग मे माहिर बनाने मे संस्थान पूर्ण सहयोग करेगा। फुटवियर डिज़ाइन के प्रमुख सुमित फैशन डिज़ाइनिंग के प्रमुख प्रदीप जॉन नीलम पटेल पवन विश्वकर्मा विष्णु कुमार सिंह सीमान्त शुक्ला शिव सिंह तथा अवधेश कुमार ने महिलाओ को पेंटिंग तथा डिज़ाइनिंग कि अनेक तकनीक सिखाई। कार्यक्रम समन्वयक सूर्य कुमार त्रिपाठी ने बताया कि ग्रामीण और कम पढ़ी लिखी महिलाओ का ऐसे संस्थान मे प्रशिक्षण प्राप्त करना गर्व कि बात है। एफ डी डी आई मे बैचलर ऑफ़ डिज़ाइन का चार वर्षीय पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है। भ्रमण पर आई महिलाओ मे सुनीता शुक्ला अनीता तिवारी साबरमती प्रीति सिंह तनु अलका सिंह संगीता मौर्या ज्योति कंचन नीलम आदि रही।

## निर्माणाधीन जिला कारागार का डीएम ने किया निरीक्षण

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने सोमवार को



निर्माणाधीन जिला कारागार तथा पुलिस लाइन का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य का जायजा लिया एवं संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन जिला कारागार व पुलिस लाइन के मॉडल का अवलोकन किया तथा निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से जानकारी ली एवं मौके पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का भी जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों से वार्ता कर उनके रहने खाने सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों का श्रम विभाग से श्रमिक कार्ड बनवाने तथा उनके बच्चों के पढ़ने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को जिला कारागार व पुलिस लाइन का निर्माण निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ दर्ज कराया जाएगा मुकदमा: संजय

**मथौली में मंदिर बचाओ संघर्ष समिति की बैठक**

अवधनामा संवाददाता



**मथौली बाजार, कुशीनगर।** सोमवार को नगर पंचायत मथौली में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में मंदिर बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में एक आवश्यक बैठक आहुत की गई। जिसमें मथौली, फरदहा, लोहेपार, देउरवा, सिरसिया आदि गांवों के सैकड़ों लोगों ने उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि मंदिर के जमीन को बचाने को लेकर मंदिर बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया जाएगा और मंदिर के जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जायेगा।

बैठक को संबोधित करते हुए पुर्व जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता संजय सिंह मुन्ना ने कहा कि मंदिर बचाओ संघर्ष समिति का मुख्य उद्देश्य मठ, मंदिरों की जमीन को बचाना, मंदिर का जीर्णोद्धार कराना, गौ माता की रक्षा करना, सनातन धर्म की रक्षा करना है तथा यह गैर राजनीतिक संगठन होगा। उन्होंने ने कहा कि मंदिर के रक्षा के लिए हम हमेशा तैयार रहेंगे। इस बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा किया गया कि श्रीराम जानकी मंदिर मथौली की फरदहा, अजीज नगर, अकटहा, देउरवा, मथौली में जो खेती योग्य जमीन है उसको मुक्त कराते हुए बोली लगाकर जिस व्यक्ति को दिया जाय।उसका पैसा मंदिर के खाते में जमा किया जाय। मंदिर की जमीन पर दुकान, विद्यालय या किसी प्रकार निर्माण कार्य हुआ है तो उसका किराया 2021 से निर्धारित कर मंदिर के खाते में जमा कराया जाय। मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मंदिर की चारदीवारी का निर्माण कराया जाय सहित अन्य निर्णय लिया गया। तथा अगली बैठक में संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की घोषणा किया जायेगा। बैठक को ज्ञानचंद कुंवर, मोहन सिंह, आकाश जायसवाल, कृष्णा मद्धेशिया, विजय सैनी, भुपेंद्र राव, सुरेश उपाध्याय, कौशल बगड़िया आदि ने संबोधित किया। इस दौरान देवेन्द्र तिवारी, कमलेश मिश्र, जयराम सिंह, राजू शर्मा, अशोक चौरसिया, आकाश सिंह, मुकेश विश्वकर्मा, गौतम विश्वकर्मा, उपेंद्र निषाद, शैलेन्द्र सिंह, विरेन्द्र सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

**यह भी जानेः-** बता दें कि मथौली स्थित श्रीराम जानकी मंदिर के नाम से बीस एकड़ से अधिक खेती, कस्बा में दर्जनों दुकान तथा जमीनें है। मंदिर के महंथी को लेकर दो पक्षों में मुकदमा चल रहा है। तभी से मंदिर का रिसीवर तहसीलदार हाटा को बनाया गया है। लेकिन अभी तक मंदिर के जीर्णोद्धार कोई नही हो पाया।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अत्यंत जरूरी है



जन्मदिन पर डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में वृक्षारोपण करते प्रधान अकमल हुसैन

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** जन्मदिन तो सब कोई मनाता है लेकिन सबका अलग अलग मानने का तरीका है। ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर के प्रधान अकमल हुसैन ने सोमवार एक जुलाई को अपना जन्मदिन अलग तरीके से मनाया। डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में केक काटकर व पौधा लगाकर मनाया। जन्मदिन पर वृक्षारोपण करने के दौरान प्रधान अकमल हुसैन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अत्यंत जरूरी है। क्योंकि जीवनदायनी ऑक्सीजन वृक्ष से ही हैं। मानव जीवन वृक्षों पर ही निर्भर है। यदि वृक्ष नहीं रहेंगे तो धरती पर जीवन संकट में पड़ जाएगा। पर्यावरण संरक्षण और संवर्द्धन कोई साधारण मसला नहीं है। आज ग्लोबल वार्मिंग पृथ्वी पर जीवन के लिए वार्निंग बना हुआ है। पर्यावरण का संकट मानव अस्तित्व को चुनौती दे रहा है। उन्होंने समस्त ग्रामवासियों को अधिक से अधिक पौधा लगाने के लिए अपील भी किया। कहा कि पौधा लगाना ही नहीं उसका संरक्षण भी जरूरी है। इस मौके पर डॉ जमीरुद्दीन, इस्तेयाक खान, अफजल, अजमल, सद्दाम, मुजीब, अल्फाज, जमुरहक, कलामुद्दीन, निहाल, इमरान, वजीउल्लाह, असलम, मन्नान, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## डॉ. देवेश ने इग्नू में रचा इतिहास

**भाटपार रानी देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाटपार रानी तहसील अंतर्गत ग्राम बनकटा मिश्र के डा देवेश मिश्र ने इग्नू में नया इतिहास लिखते हुए विश्व का पहला गीता आधारित पाठ्यक्रम की शुरुआत की हैं।नमस्कार फाउंडेशन के सचिव उत्कर्ष मिश्रा ने बताया कि विश्व के किसी भी विश्वविद्यालय में श्रीमद्भगवद्गीता को लेकर कोई डिग्री प्रोग्राम नहीं था। यहां तक की हिंदू यूनिवर्सिटी ऑफ़ अमेरिका में भी सर्टिफिकेट या डिप्लोमा ही संचालित है।भारत के विभिन्न



विश्वविद्यालय में गीता आंशिक रूप से पाठ्यक्रम में तो है किंतु केवल सर्टिफिकेट कोर्स या डिप्लोमा तक ही सारे पाठ्यक्रम सीमित होकर रह गए। इग्नू द्वारा भगवद्गीता में एम. ए.आरम्भ किया गया है। एम. ए भगवद्गीता अध्ययन इस कार्यक्रम का हिंदी में नाम है। Masters in Bhagavad Gita studies इसका अंग्रेजी अभिधान है। इसमें अनेक विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित कुलपति एवं आचार्यों की सन्निधि में रहकर डा देवेश कुमार मिश्र ने यह पाठ्यक्रम डिजाइन और विकसित किया है। पारंपरिक विषयों को आधुनिक से जोड़कर किस प्रकार विस्तार किया जाए, इस बुद्धि एवं चिन्तन कौशल के समुद्र डॉ देवेश कुमार मिश्र को ही इस कार्यक्रम के समन्वयक होने का सौभाग्य प्राप्त है। अभी यह केवल हिंदी माध्यम से है, निकट भविष्य में अंग्रेजी माध्यम से विदेश में भी इस कार्यक्रम का विस्तार करने की योजना डॉ मिश्र ने बनाई है। इसके पूर्व डॉ मिश्र ने विगत 3 वर्षों में एम ए ज्योतिष, एम ए वैदिक अध्ययन, एम ए हिंदू अध्ययन, वास्तुशास्त्र में पीजी डिप्लोमा, संस्कृत संभाषण में प्रमाण पत्र कार्यक्रम जैसे अत्यंत गंभीर और राष्ट्रोपयोगी कार्यक्रमों का संचालन किया है।इस उपलब्धि पर बीएचयू के पूर्व डीन डा कौशल किशोर मिश्र,डा विश्वेश मिश्र,अमन मिश्र,कामेश्वर मिश्र आदि ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त किया हैं।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौत

**अहिरौली बाजार कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के कप्तानगंज पिपराइच मार्ग पर मगडीहा गांव के समीप रविवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार 45 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। प्राप्त सूचना के मुताबिक अखिलेश त्रिपाठी पुत्र राजदेव त्रिपाठी उम्र 45 वर्ष निवासी बड़ेगांव उर्फ सोनराइच थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर जो अपने एक्टिवा स्कूटी पर सवार होकर कप्तानगंज के तरफ़ से अपने घर वापस जा रहे थे। अभी वह अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के कप्तानगंज पिपराइच मार्ग पर स्थित मगडीह गांव के समीप पहुंचे ही थे की अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। तभी किसी ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी सूचना मिलने पर स्थानीय थाने से उपनिरीक्षक सुदामा यादव हेड कांस्टेबल सोनदेव यादव कांस्टेबल गुड्डू राजभर अमित कुमार मौके पर पहुंच कर घटना की सूचना मृतक की परिजनों को दी। परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

# नेशनल डॉक्टर्स डे पर सीएचसी कसया में रोटरी क्लब द्वारा किया गया पौधरोपण

### स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया, चिकित्सकों के द्वार पहुंचे रोटेरियन

अवधनामा संवाददाता



**कसया, कुशीनगर।** रोटरी क्लब कुशीनगर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर सीएचसी कसया में पौधरोपण किया गया। साथ ही प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ मुकेश यादव, चिकित्साधिकारी डॉ आशुतोष पाण्डेय, दंत सर्जन डॉ रितेश कुमार एवं नगर के चिकित्सकों जिसमे डॉ जेके पटेल, डॉ श्याम बिहारी जायसवाल, डॉ गिरिश सिंह बघेल, डॉ नदीम वारसी, डॉ विजेन्द्र त्रिपाठी, डॉ स्नेहा कुमारी एवं डॉ पवन खरवार को उनके आवास एवं क्लीनिक पहुंचकर स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्रम् देकर सम्मानित किया गया और नेशनल डॉक्टर्स डे की बधाई दी गई। रोटरी अध्यक्ष वाहिद अली ने कहा कि चिकित्सकों को समाज के सबसे महत्वपूर्ण भागों में से एक माना जाता है। डॉक्टर्स की बहुमूल्य सेवा, महत्वपूर्ण भूमिका से स्वस्थ समाज का विकास होता है। हमारे देश की विशाल जनसंख्या कई तरीकों से चिकित्सक और उनके गुणवत्तापूर्ण उपचार पर निर्भर करती है जो उपाय और उपचार के तरीकों में उल्लेखनीय सुधार और प्रगति को दिखाता है, डॉक्टर और मरीज के बीच विश्वास की डोर जितनी मजबूत होती है, मरीज इतनी जल्दी अच्छा होता है। इस मौके पर चिकित्सकों ने रोटरी क्लब के सदस्यों से अपने अनुभव को साझा किया। सीएचसी कसया के प्रभारी अधीक्षक डॉ मुकेश यादव ने रोटरी क्लब कुशीनगर के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि संस्था द्वारा निरंतर विविध सामाजिक कार्यक्रम किए जाते हैं जो बहुत ही प्रशंसनीय है। इस अवसर पर रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली, सचिव अजय सिंह, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, सह कोषाध्यक्ष सदरे आलम, सार्जेंट एट आर्म्स विजय कृष्ण द्विवेदी, निदेशक अमित श्रीवास्तव, अश्वनी जायसवाल, हेमंत गर्ग एवं आदिल उपस्थित रहे।

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण, स्टॉप डायरिया और दस्तक अभियान का हुआ आगाज

# सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से प्रचार वाहनों को किया रवाना

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिले में एक महीने तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण, दो महीने तक प्रस्तावित स्टॉप डायरिया अभियान का सोमवार से आगाज हो गया। सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से अभियान संबंधी प्रचार वाहनों, नगर पालिका के वाहनों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। जिले के सभी ब्लॉक से जनप्रतिनिधियों ने भी इन अभियानों का शुभारंभ किया।

सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने इस मौके पर ने बताया कि इंसेफेलाइटिस, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, स्क्रबटाइफस और लेप्टोस्पायरोसिस जैसी बीमारियों पर नियंत्रण के लिए एक माह तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा तथा 11 जुलाई से इक्कीस दिवसीय दस्तक अभियान संचालित होगा। इसके लिए चिकित्सा विभाग, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास व पंचायती राज, शिक्षा, नगर निगम व शहरी विकास, कृषि, पशुपालन दिव्यांग कल्याण स्वच्छ भारत मिशन, सूचना, चिकित्सा शिक्षा, जल निगम और खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग मिल कर कार्य करेंगे। स्वास्थ्य विभाग नोडल की भूमिका में रहेगा। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि ग्राम्य विकास व पंचायती राज विभाग ग्रामीण क्षेत्र में, जबकि नगर पालिका, नगर पंचायत व शहरी विकास विभाग शहरी क्षेत्र में वेक्टर नियंत्रण गतिविधियां, स्वच्छ पेयजल, पर्यावरणीय स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वच्छता के लिए कार्य करेंगे।

शिक्षा विभाग नोडल अध्यापकों के जरिये वेक्टर जनित रोगों, जल जनित रोगों और दस्त से बचाव, बीमारियों की रोकथाम व उपचार के लिए अभिभावकों और बच्चों का संवेदीकरण करेगा। विभिन्न प्रतियोगिताओं और डेमो के जरिये बीमारियों से बचाव के लिए नोडल अध्यापकों के जरिये व्यवहार परिवर्तन किया जाएगा। पशुपालन विभाग, पशुपालकों को पशु बाड़ों की स्वच्छता, कचरा निस्तारण और मच्छररोधी जाली से पशु बाड़ों को ढकने के लिए प्रेरित करेगा। सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग खुले में बिकने वाले दूषित खाद्य पदार्थों पर नियंत्रण, कृषि व उद्यान विभाग चूहा, छछूंदर पर नियंत्रण की गतिविधियां व मच्छररोधी पौधे लगाने, सिंचाई विभाग तालाबों और नहरों के आसपास जलजमाव की साफ सफाई के जरिये मच्छरों पर नियंत्रण, स्वच्छ भारत मिशन लोगों को शौचालयों का प्रयोग करने के बारे में जनजागरूकता और आईसीडीएस विभाग कुपोषित बच्चों की पहचान व उपचार के लिए गतिविधि करेगा।

# 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया देवेन्द्र सिंह के अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु जनपद न्यायालय के समस्त अपर जिला एव सत्र न्यायाधीश, सिविल जज/ एसडी के साथ प्री-ट्रॉयल बैठक आहूत की गयी। अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया देवेन्द्र सिंह ने उपस्थित न्यायाधीशगण को निर्देशित करते हुये कहा कि न्यायालय में लम्बित मामलों को चिन्हित कर लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों का निस्तारण करे। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम छाया नैन ने समस्त सम्बन्धित मामलों में पक्षकारों को नोटिस भेजा जायें तथा संबंधित थानों से नोटिसों को ससमय तामिला कराने हेतु निर्देशित किया जायें। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई दिन शनिवार को आयोजित किया जाना हैं जिसमें अन्य वादों के अलावा विशेषतः विशिष्ठ विषय-अपराधिक शमनीय वाद, 138 धारा पराक्रम लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, विद्युत एवं जल, पारिवारिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद सर्विस में वेतन एवं भत्ते सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद अन्य सिविल वादों आदि के लम्बित मामलें एवं प्री-लिटिगेशन विवादों का भी निस्तारण पक्षकारों के आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा।

## अभियुक्त गिरफ्तार

**मुंशीगंज (अमेठी)।** अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को उपनिरीक्षक ओंकारनाथ सिंह थाना मुंशीगंज मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त राज यादव पुत्र मनीराम यादव निवासी ग्राम मटियार बघौरा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी को हालापुर मोड़ सरायखेमा ग्राम के पास से गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने बताया है की तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# कीचड़ भरे रास्ते से आने जाने को मजबूर नूरपुर के ग्रामीण

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** नेवादा ब्लॉक के नूरपुर गांव मे हल्की बारिश के बाद लोगों को कीचड़ युक्त रास्ते से निकलना पड़ रहा है गलियों में पानी भर गया है आने-जाने में दिक्कत होती हैं ग्राम प्रधान के चुनाव को ढाई वर्ष बीत जाने के बाद भी ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव द्वारा धांधली बाजी के चलते गांव के रास्ते मे अभी तक इंटर लाकिंग या ईट का खड़ंजा नही बिछाया गया है जिससे गांव के लोगों को कीचड़ भरे रास्ते से आना जाना पड़ता है।



लोगों को आने जाने में दिक्कत होती है लेकिन उसके बाद ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव समस्या को दूर करने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं जबकि लाखों का बजट विकास के नाम पर निकाल लिया गया बजट कहां खर्च हुआ कोई जवाब देने वाला नहीं है। अभी हल्की बारिश हुई है उसके बाद जब गांव की गली का अभी यह हाल है कीचड़ भर गया है पानी भर गया है लोगों को आने जाने में दिक्कत है तो जोरदार बारिस होने पर गांव की गली सड़क का क्या हाल होगा कुछ ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान को कीचड़ भरे होने की सूचना दिया लेकिन ग्राम प्रधान गांव की समस्या को दूर कर जनता को राहत देने के बजाय आग बबूला हो गया है और प्रधान कहता है कि मै अपना घर बेंचकर बनावाऊ क्या अब यहीं पर सवाल खड़ा हो रहा है कि जब योगी सरकार के विकास योजना का लाखो रुपए खर्च किया गया है तो सरकारी रुपया कहा जा रहा है जो गांव के रास्ते जैसा पहले था वैसा ही दिखाई दे रहा है। गौर तलब है कि कागज में रुपए खर्च करके सरकारी रकम में डाका डाला जा रहा है सरकारी खजाने से विकास की रकम निकल जाने के बाद विकास न होने के बाद ग्राम प्रधान ग्राम सचिव या फिर ब्लॉक मे बैठे अधिकारी जवाब देने को तैयार नही है सरकारी खजाने से रकम निकल जाने के बाद गांव में विकास नही कराए जाने के बाबत गांव की अव्यवस्था गंभीर जांच का विषय है लेकिन कौन जांच कराएगा ग्रामीण किससे उम्मीद रखें बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

## बंदरो के आतंक से भयभीत है भरवारी कस्बा वासी

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद कस्बा भरवारी में वर्तमान समय में बंदरो का जबरदस्त आतंक छाया हुआ है जिससे आए दिन किसी न किसी को काटकर घायल कर देते है। ऐसा ही मामला कस्बा के शाहगंज पानी टंकी मुहल्ले के रहने वाले सूर्यांश सिंह पुत्र शिवेन्द्र प्रताप सिंह के पुत्र को दौड़ा कर बंदर ने काट लिया यह तो गनीमत थी कि वह लड़का छत पर खेल रहा था ऐसे में घर वाले यदि न पहुंच जाते तो वे लडका छत से नीचे गिर जाता तब बड़ी घटना घटने सी कोई रोक नहीं सकता था।

यह मामला बंदरो या यह कहें कि बन विभाग के लिए कोई नया नही है इस से पहली भी बंदरो ने काफी लोगों को काटकर घायल कर दिया था इतने ही नही नया बाज़ार में तो एक लड़की को खदेड़ा काटने के लिए वह तो छत से नीचे चली आई और उसकी मौत हो गई थी यह सब जानकर भी वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी धृतराष्ट्र एवम मूक वधिर बने हुए है। उनके लिए ऐसी घटना आए दिन घटे कोई मायने नहीं रखती अब स्कूल खुल गए हैं बच्चो का स्कूल जाना बाजार निकलना बंदरो के लिए और आसान हो जाएगा जब चाहे किसी भी बच्चो को काट सकते है लोगों में वन विभाग के प्रति जबरदस्त आक्रोश है।

# डीएम ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

अवधनामा संवाददाता




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान जागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,मंझनपुर तक निकाली गयी।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुष्पेंद्र कुमार एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ अनुपमा मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे जनपद में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक संचालित किया जायेंगा, जिसके अन्तर्गत जनपदवासियों को मच्छरों एवं संक्रामक रोगों से बचाव के उपायों के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वस्थ्य व्यवहार अपनाना है, संचारी रोगों को हराना है। मच्छरों से बचाव के लिए दरवाजों व खिड़कियों पर जाली लगवानें, नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करनें, मच्छररोधी उपाय अपनाने, अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकट्ठा न होने देंने, पानी की टंकी पूरी तरह से ढक कर रखनें, पूरी बॉह वाली कमीज पैन्ट और मोजे पहननें, घर और कार्य स्थल के आस-पास पानी जमा न होने देने, कूलर व गमलों आदि को सप्ताह में खाली कर सुखाने एवं गड्ढ़ों में जहॉ पानी इकट्ठा हो, उसे मिट्टी से भर देंने आदि के प्रति जागरूक किया जायेंगा। इसी प्रकार संक्रामक रोगों से बचाव के लिए नालियों में जल जमाव रोंकने एवं नियमित सफाई करने, जानवर बाड़े घर से दूर रखने, जंगली झाड़ियों को नियमित साफ करने, चूहे-छछूंदरों से बचनें, पीने के लिए इण्डिया मार्का के पानी का प्रयोग करने, खाने से पहले साबुन से हॉथ धोनें, खुले में शौच न करने तथा नियमित शौचालय का प्रयोग करने आदि के प्रति जागरूक किया जायेंगा। दिमागी बुखार की रोकथाम के लिए क्या करें-जे0ई0 के टीके 02 वर्ष तक के बच्चों को नियमित टीकाकरण सत्र में लगवायें। घरों के आस-पास साफ-सफाई रखें। मच्छरो से बचने के लिए पूरी बॉह वाली कमीज और पैंट पहनें।स्वच्छ पेयजल ही पियें आस-पास जल जमाव न होने दें। कुपोषित बच्चों को प्रति विशेष ध्यान रखें।

## सूचना

सुदेश पत्नि नरेश ने नौशाद अली उर्फ प्रवेज पुत्र फैयाज जाति मेवाती नि. कमालपुर के हक में 1 डीड की थी उसका मूल बैनामा जो दि. 17-8-2016 बही स.1 जिल्द 1898 पेज 1/204 द. न. 6463 पर सब रजि. कार्या में दर्ज है दि 20.5.24 को कहीं गिर गया है यदि मिले तो सूचित करें।

**राजेश कुमार सिंह पुत्र श्याम लाल थाना ननौता, ज़िला सहारनपुर मो 9457708067**

# जनपद में ''संचारी रोग नियंत्रण अभियान'' माह का शुभारम्भ

**एमएलसी व डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर सारथी वाहनों को किया रवाना**



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिला स्वास्थ्य समिति बहराइच के तत्वावधान में जनपद बहराइच में 01 से 31 जुलाई 2024 तक संचालित होने वाले ''संचारी रोग नियंत्रण अभियान'' के प्रति आमजन में जन-जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट परिसर से ''संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली'' में सम्मिलित सारथी वाहनों को रवाना किया। इस अवसर पर प्रभारी सीएमओ डॉ. राजेश कुमार, सीवीओ डॉ. राजेश उपाध्याय, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, डीपीएम एनएचएम सरयू खान, डीएचईआईओ बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। इस अवसर पर डीएम ने बताया कि दिमागी बुखार एक जानलेवा बीमारी है। यह मच्छरों के काटने एवं दूषित पानी का उपयोग खाना बनाने एवं पीने में करने से फैलती है। अधिकांशतः 15 वर्ष की आयु तक के बच्चे इस रोग से ग्रसित होते हैं। उन्होंने बताया कि अचानक तेज़ बुखार आना, मरीज़ के व्यवहार में अचानक परिवर्तन आना, मरीज़ का पूरी तरह होशो हवास में न होना तथा मरीज़ को पहली बार झटके आना दिमागी बुखार/नवकी बिमारी के लक्षण हैं। यदि किसी व्यक्ति में ऐसे लक्षण दिखाई दे तो उसे तुरन्त सरकारी अस्पताल/स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जायें।

डीएम ने लोगों से अपील की कि पाईप पेयजल योजना के नल के पानी का उपयोग खाना बनाने एवं पीने में करें। पाईप लाईन में किसी प्रकार की टूट फूट होने पर तुरन्त मरम्मत कराये जिससे गन्दा पानी पाईप में प्रवेश न कर सके। पाईप पेयजल योजना न होने पर इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्प के पानी का उपयोग खाना बनाने एवं पीने में करें। हैण्डपम्प के आस-पास साफ-सफाई रखें। उन्होंने लोगों को सुझाव दिया है कि घर के आस-पास कूड़ा इकट्ठा न होने दें। नालियों का बहाव बना रहे इसके लिये नालियों को साफ रखा जाय, क्योंकि बहते हुए पानी में मच्छर अण्डें नहीं दे पाते हैं। स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डीएम ने लोगों से अपील की कि शौच के लिए शौचालय का उपयोग करें। शौच के बाद व भोजन करने से पहले साबुन से हाथ अवश्य धोयें। घर के आस-पास जल निकासी का उचित प्रबन्ध करें जिससे पानी का जमाव न हो। क्योंकि ठहरे हुए पानी में मच्छर अण्डे देते हैं।

# संविलियन विद्यालय में नव प्रवेशी छात्रों का डीएम ने किया स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** विकास खण्ड तेजवापुर अन्तर्गत संविलियन विद्यालय यादवपुर पहुंचकर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने स्कूल चलो अभियान अन्तर्गत कक्षा 01 में नव प्रवेशित बच्चों को रोली टीका लगाकर आशीर्वाद दिया तथा खीर खिलाकर स्वागत किया। संविलियन विद्यालय की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते हुए डीएम ने स्मार्ट क्लास, किचन गार्डन, रसोई, शौचालय, पुस्तकालय, लैब, रेन वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट, निष्प्रयोज्य सामग्री से तैयार मॉडल के साथ-साथ कक्ष-कक्षों तथा विद्यालय परिसर की साफ-सफाई का जायज़ा लिया। स्मार्ट क्लास के निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश पाण्डेय से विजुअल इफेक्ट के माध्यम से बच्चों पर पड़ने वाले इम्पैक्ट के बारे में जानकारी प्राप्त की। पुस्कालय तथा लैब की विविधता को देखकर डीएम द्वारा शिक्षण स्टाफ के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय की ओवर ऑल व्यवस्थाओं से प्रसन्न दिखी डीएम मोनिका रानी ने प्रधानाध्यापक सहित समस्त शिक्षण स्टाफ की लगनशीलता की सराहना करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी को निर्देश दिया कि उचित मंच पर प्रधानाध्यापक श्री पाण्डेय को आमंत्रित व्याचयान के माध्यम से जिले के दूसरे परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को विद्यालय की व्यवस्थाओं के बारे में प्रेरित किया जाय। इस अवसर पर शिक्षक संतोष कुमार, वर्तिका मिश्रा, मनोज रावत सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहें।

## नाली के विवाद पर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, जमकर हुआ पथराव घायल

**सुल्तानपुर, भदैयां।** कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत महानपुर ग्राम सभा मे शनिवार को सुबह बरसात का पानी सड़क पर बहने के कारण दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले और इट पथराव हुई है। घटना मे एक पक्ष के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजवाया गया जिनमें से एक की हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर के लिए रेफर कर दिया। जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया गया की महानपुर ग्राम सभा निवासी प्रज्ञानंद पुत्र पुन्नवासी ने बताया की बरसात का पानी सड़क पर बह रहा था जो सड़क के रास्ते मेरे घर में भर रहा था। जैसे मैं सड़क से हल्की मिट्टी निकाल कर अपने घर के सामने मेड़ बंध रहा था। ताकि बरसात का पानी घर में ना जाने पाए। इस बात को लेकर महानपुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मराज, वा उनके पुत्र सिपाही कमल कुमार, राम रतन ने एक होकर मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देते हुए हाथ लात घुसो से मारपीट कर घायल कर दिया जिसकी तहरीर पर कोतवाली देहात की पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत माता के जयकारों से गूंजा सीताकुंड धाम,गोमती आरती में श्रद्धालु लेकर पहुंचे तिरंगा



**सुल्तानपुर।** गोमती मित्र मंडल के तत्वाधान में हर रविवार शाम सीताकुंड धाम पर होने वाली आदि गंगा मां गोमती की आरती में अबकी कुछ अलग ही नजारा था।गोमती मैया के जयकारों के साथ ही भारत माता के जयकारे भी गूंज रहे थे।श्रद्धालु भारतीय क्रिकेट टीम की जीत से इतने उत्साहित थे की पूरी आरती के दौरान हाथों में तिरंगा लिए रहे।आरती संयोजक डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय क्रिकेट टीम ने विश्व कप जीतकर 140 करोड़ भारतीयों का मस्तक गर्व से ऊंचा किया है।विश्व विजेता होने का एहसास ही रोमांचित कर देता है और जिसे यहां आरती के दौरान सब देख भी रहे हैं।आरती में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार सत्य प्रकाश गुप्ता ने कहा कि आरती में गोमती मित्रों का देश प्रेम देखकर मन प्रसन्न हो गया।प्रसिद्ध कथावाचक दिनेशानंद महाराज जी ने दीपदान संपन्न कराया।आरती में मुख्य रूप से संरक्षक रतन कसौधन,प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन,राकेश सिंह दद्दा, विजय टंडन, अभिषेक शुक्ला,राजेश पाठक,राजेंद्र शर्मा,विकास शर्मा,अनुज प्रताप सिंह,सोनू सिंह,दीपक मोदनवाल सेनजीत कसौधन दाऊ,अलोक तिवारी,दिव्यांश,प्रांजल,अर्जुन यादव,अभय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### हाई-वे पर चलने वाले दर्जनों ई-रिक्शे को यातायात उप निरीक्षक ने पकड़ा

**सुल्तानपुर।** यातायात निरीक्षक चंद्रभान वर्मा की टीम पूरे जोश में दिख रही है,नगर क्षेत्र से लेकर हाई-वे तक यातायात पुलिस सक्रिय है,ई-रिक्शा,दो चक्का वाहन, लग्जरी गाड़ियां अब नियम के पालन के साथ ही फर्राटा भरेगी,अन्यथा फिर भारी-भरकम चालान व साथ ही बड़ी कार्यवाई के लिए तैयार रहिये,यातायात निरीक्षक चंद्रभान वर्मा ने बताया बताया की ई-रिक्शे की अधिकता और बगैर अभिलेख के सड़क पर फर्राटा भरना,इसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है,इन्हें नियमानुसार ही चलने दिया जाएगा,निर्धारित नियम के अंतर्गत ही ई-रिक्शा,दो चक्का वाहन या चार चक्का लग्जरी वाहन ही क्यूं न हो,वही यातायात उप निरीक्षक छोटेलाल द्वारा हाई-वे पर फर्राटा भरने वाले दजर्नों ई-रिक्शे को पकड़कर उनकी जांच-पड़ताल की,तथा उन्हे दोबारा गल्ती ना करने की शपथ दिलाकर छोड़ा।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत निकाली गई जन जागरूकता रैली



**कूरेभार,सुलतानपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ओ पी चौधरी के दिशा निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार के द्वारा सोमवार को कूरेभार से संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जन जागरूकता रैली निकाली गई। जिसका शुभारम्भ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मनोज सिंह ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। इस दौरान संचारी रोग नियंत्रण के लिये शपथ लेते हुये नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।इस मौके पर खंड विकास अधिकारी श्रीकांत तिवारी, कूरेभार सीएचसी प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 शैलेश प्रताप सिंह, चीफ फार्मासिस्ट अरुण कुमार उपाध्याय, व फार्मासिस्ट आलोक पाठक सहित कई स्वास्थ कर्मी और दर्जनों नर्सिंग छात्राएं मौजूद रही।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर सपाइयों ने जिला अस्पताल में वितरित किया फल

**सुलतानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सपाई जिला अस्पताल पहुंचे। महिला और पुरुष अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीजों को फल वितरित कर दीर्घायु की कामना की गई। पार्टी कार्यालय पर विभिन्न कार्यक्रम भी होंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव,जिला महासचिव सलाउद्दीन अहमद, पूर्व विधायक अरुण वर्मा,पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद,सपा नेता रिजवान गनी,पूर्व जिला अध्यक्ष पृथ्वी पाल यादव, शहजाद अहमद जिला अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड,इसौली विधानसभा अध्यक्ष स्वामीनाथ यादव, तेजेंद्र सिंह बग्गा,अशोक वर्मा,मोईद अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# बुंदेलखंड की वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. ममता का निधन

अजय श्रीवास्तव



**ललितपुर/अवधनामा संवाददाता।** बुंदेलखंड में स्वयंसेवी संस्थाओं के क्षेत्र में अग्रणी कार्य करने वाली वरिष्ठ समाज सेविका डॉ ममता जैन का आज लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। वे बुंदेलखंड में समाज सेवी संस्थाओं के क्षेत्र में कार्य करने वाली वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता थी। जनपद ललितपुर में उनके निधन पर स्वयं से भी संस्थाओं की एक बैठक का आयोजन साई ज्योति संस्थान के कार्यालय में किया गया। बैठक में ललितपुर जनपद के वरिष्ठ समाज सेवी एवं पत्रकार साथी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे साई ज्योति संस्थान के निदेशक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ ममता जैन बुंदेलखंड के सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी नाम है। उन्होंने कहा की वह पिछले लगभग तीन दशकों से अधिक से समाज के वंचित शोषित एवं गरीब समुदाय के बीच विशेष रूप से महिलाओं के साथ उनकी आजीविका एवं अधिकारों के लिए कार्य करती रही। उन्होंने कहा डॉ जैन ने अपनी संस्था के माध्यम से झांसी और झांसी के आस-पास के गांव में लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, सरकार के साथ विभिन्न योजनाओं से जोड़ने एवं ग्रामीण गरीबों की आजीविका बढ़ाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। इस अवसर पर सुनील शर्मा, रमन शर्मा, अनिल पटेरिया, दीपाली पटेरिया, वासुदेव सिंह, पवन संज्ञा, कुंज बिहारी शर्मा, सुनील खजुरिया, बृजेश गुप्ता, अभिषेक शर्मा, आलोक जैन, सुनील जैन आबू, जयेश बादल, अशोक तिवारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे व दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

## जागरूकता कार्यक्रम व जागरूकता रैली का किया गया आयोजन

**ललितपुर।** भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम- 2023 के प्रभावी होने के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन्स जनपद ललितपुर में पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया व तीनों कानूनों के सम्बन्ध में जागरूकता रैली निकालकर आमजन मानस को जागरूक किया गया तथा जनपद के समस्त थानों में भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री उ0प्र0 सरकार मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, लोक कुमार पाराशर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ललितपुर, नरेन्द्र प्रताप ओझा प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, जिलाधिकारी ललितपुर अक्षय त्रिपाठी , रामरतन यादव संयुक्त निदेशक अभियोजन, ओमप्रकाश सिंह जिला विधालय निरीक्षक , राजेश कुमार दुबे जिला शासकीय अधिवक्ता, विक्रम सिंह डिफेंस काउंसिल, बृजेन्द्र सिंह यादव बार एसोसियेशन अध्यक्ष, महेन्द्र जैन महामंत्री व अन्य गणमान्य व्यक्ति आदि उपस्थित रहे।

# विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए एक बैठक कर हुये विचार विमश

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** स्थानीय कंपनी बाग में उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी जनपद ललितपुर में समस्त सफाई कर्मचारी साथियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण एक बैठक आहूत की गई । जिसमें समस्त कर्मचारी साथियों ने अपनी अपनी समस्याओं को जिला कार्यकारिणी के समक्ष रखा व विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा भी हुई। उक्त सभा में बिना सूचित किए लगभग 565 कर्मचारियों की अप्रैल माह की वेतन से की गई कटौती तथा विकास खंडों पर शासनादेश के विपरीत सफाई कर्मचारियों की पैरोल पर जबरन सचिव के हस्ताक्षर कराए जाने के सम्बन्ध में मुख्य रूप से चर्चा हुई। विवेक सिंह ने समस्त कर्मचारी साथियों को आश्वस्त किया कि जल्द ही कर्मचारी साथियों की समस्याओं को ज्ञापन के माध्यम से जिला पंचायत राज अधिकारी के समझ रखते हुए उन समस्याओं को समाप्त कराने का प्रयास किया जाएगा।

सभा की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष विवेक सिंह की व बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष माननीय अमर सिंह बुंदेला जी व उनके साथ में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कोषाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष आनन्द स्वरूप व वरिष्ठ कर्मचारी नेता फूलचंद रजक भी उपस्थित रहे। उक्त बैठक का संचालन संगठन मंत्री अरविन्द कुमार ने किया। उक्त सभा में कोषाध्यक्ष बृजलाल प्रजापति सम्प्रेक्षक ओमप्रकाश जी एवं उ.प्र. पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के संरक्षक प्रदीप सोनी उपस्थित रहे उक्त कर्मचारी सभा में जनपद ललितपुर के समस्त विकासखंड के कर्मचारी साथियों के साथ बिरधा अध्यक्ष रामप्रसाद कुशवाहा तालबेहट अध्यक्ष, राजेश कुमार, बार अध्यक्ष सुखलाल के अलावा समस्त ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारी तथा समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। सभा के अन्त में उ0प्र0 पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला महामंत्री जेपी कुशवाहा जी ने उक्त बैठक में पधारे समस्त कर्मचारी साथियों व अतिथियों का हृदय से धन्यवाद सहित आभार प्रकट कर सभा समाप्ती की घोषणा की।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने सीडीओ को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**ग्रामीण अंचलों में आकाशीय बिजली (गाज) गिरने से होंने वाली जन, धन, पशु हानि रोकने को तड़ित चालक यंत्र लगाये जाने की उठाई मांग**

**ललितपुर।** सोमवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा जिला अध्यक्ष सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिला मुख्य विकास अधिकारी को दिया। जिसमें बताया गया है कि ग्रामीण अंचलों में आकाशीय बिजली (गाज) गिरने से होंने वाली जन, धन, पशु हानि रोकने को तड़ित चालक यंत्र लगाए जाये। उन्होने बताया कि बुंदेलखंड का सबसे पिछड़ा जनपद होने के साथ ही ललितपुर पथरीला इलाका है इस वजह से यहाँ जमीन का आकर्षण ज्यादा है, प्रत्येक वर्ष बरसात के मौसम में बादलों के घर्षण से उत्पन्न होने वाली आकाशीय बिजली (गाज) गिरने से प्रदेश भर में हजारों की संख्या में महिला, पुरूष व बच्चों के साथ ही मवेशी भी प्रकृति जनित अकाल मौत मारे जाते है। हमारे जनपद में ही यह आंकड़ा दर्जनों में पहुँच जाता है। इस प्रकृति जनित आपदा में हताहत होने वाले 90 प्रतिशत लोग ग्रामीण अंचलों के होते है। क्योंकि नगरीय क्षेत्र में ऊंची इमारतों पर गाज रोधी यंत्र (तड़ित चालक) लगे होते है। जिनकी वजह से यह आकाशीय बिजली को यह अपनी ओर अपनी ओर आकर्षित कर लेते है। जिससे कि जनहानि की संभावना शहरों में कम होती है। जबकि आकाशीय बिजली गिरने से प्रकृति जनित अकाल मौतें गांव में ज्यादा होती है। उनमें प्रशासन क्षतिपूर्ति के रूप में 4-7 लाख रुपये तक मृतक के आश्रित परिजनों को देती है। जबकि विडंबना यह है कि उससे कम कीमत में लगने वाले गाज रोधक यंत्र (तड़ित चालक) गाँव में नही लगाये जा रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि हर गाँव में गाज रोधी यंत्र (तड़ित चालक) लगाये जायें सभी गाँव में सरकारी पंचायत भवन, स्कूल है इन पर अगर गाज रोधी यंत्र (तड़ित चालक) लगाये जायें तो प्रकृति जनित आपदा से होने वाली अकाल मौतों का आंकड़ा नहीं बढ़ेगा।

ज्ञापन देते समय करीम पप्पू राइन, राकेश जैन चौका बाग, दीपक जैन आस्था, मोहित जैन, दीपक नारायण पाठक, ब्रजेश ताम्रकार, आरिफ पठान, दशरथ कुशवाहा, सुधीर श्रीवास्तव, इस्लाम साकी, सफीक बाबा, सूरज, सुरेंद्र सपेरा, पवन कुशवाहा, फूलचंद राय, दिलीप खटीक, धीरज कुशवाहा, सचिन नामदेव, देवेंद्र पाठक, शाहरुख खान, मोहनलाल, कृष्णकांत सोनी, मनीष सोनी, विश्वनाथ यादव, देवेंद्र राजा, प्रदीप साहू, रमेश, निहाल सेन, अमित गोयल आदि मौजूद रहे।

## नि:शुल्क कोचिंग केन्द्र का हुआ शुभारंभ



**ललितपुर।** मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना के अन्तर्गत जनपद में राजकीय इण्टर कॉलेज, ललितपुर में संचालित नि:शुल्क कोचिंग केन्द्र में सिविल सेवा परीक्षा, की तैयारी कर रहे छात्र/छात्राओं के ध्ययन/ मार्गदर्शन हेतु नये सत्र 2024-25 का आरम्भ दिनांक 01 जुलाई, 2024 से किया जा रहा है, जिसके क्रम में आज दिनांक 01 जुलाई, 2024 को कमला कान्त पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी, ललितपुर के द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग के नये सत्र 2024-25 का शुभारम्भ किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा अभ्यर्थियों को मेहनत, लगन व निष्ठा पूर्वक अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया गया, साथ ही यह भी कहा गया कि यदि कोचिंग में अध्ययन से सम्बन्धित कोई समस्या आती है, तो उसे तत्काल निस्तारित किया जायेगा।

## जिले के चांदा थाने में दर्ज हुआ नए कानून का पहला मुकदमा

**सुल्तानपुर।** भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत जिले का पहला मुकदमा चांदा थाना क्षेत्र की सेता पुर गांव निवासी उर्मिला देवी पत्नी जगदीश वर्मा ने गांव के ही पाटीदार पर भूमि विवाद में मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है ।रात 1 जुलाई को थाने पर पहुंचे पीड़िता उर्मिला ने कहा कि सुबह भूमि विवाद में ओमप्रकाश वर्मा उर्फ गुड्डू पुत्र शिव वर्मा जो प्रार्थनी के पट्टीदार हैं। पीड़िता ने कहा कि उनके पुत्र प्रशांत वर्मा सूत्र स्वर्गीय जगदीश वर्मा को लात घूसो से मारपीट कर कुएं में धकेल दिया । गांव वाले किसी प्रकार उनको कुएं से निकलकर उपचार के हेतु लखनऊ से सुल्तानपुर से रेफर कर कर लखनऊ ले गए । उर्मिला देवी की तहरीर पर चांदा थाने में भारतीय न्याय संहिता 110 का मुकदमा दर्ज कराया है। चांदा थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने कहा कि पूर्व में यह मुकदमा भारतीय दंड संहिता 308 में दर्ज होता था। अब यह नए कानून के तहत भारतीय न्याय संहिता 110 में तब्दील हुआ है।

# विपक्षियों के जाल में उलझा कुनबा, खुले में कर रहा बसर

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** हत्या के जुर्म में जमानत पर रिहा भाइयों के बुने जाल में उलझकर कुनबा हैरान-परेशान है। पुस्तैनी आबादी की जमीन में बने मकान व पेड़ों पर कब्जा करने के बाद भी जी न भरा तो छप्पर के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवार को गिरने के बाद उठाने से मना कर रहे हैं। जिसके चलते कुनबा बरसात के मौसम में खुले रह रहा है। पीड़ित ने जिलाधिकारी को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला सदर तहसील क्षेत्र के शिवबंश दूबे का पुरवा से जुड़ा है। जहां के रहने वाले अजय वर्मा पुत्र स्व.माता प्रसाद नें डीएम को दिये शिकायती पत्र में कहा है कि गांव के ही राजनरायन,रुद्र नरायन और दीप नरायन पुत्रगण पारसनाथ तिवारी हत्या के मामले में जेल जा चुके हैं,जो जमानत पर बाहर हैं। इस मामले में पीड़ित के बड़े भाई कल्लू वर्मा गवाह हैं। जिससे खार खाकर तीनों भाई उनकी पुस्तैनी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। पीड़ित का कहना है कि उक्त लोग यहां नेवासेदार हैं और करीब 20 वर्ष पहले उनके बाबा से पुस्तैनी आबादी का थोड़ा सा हिस्सा बैनामा लिया था। जिसकी आड़ में उक्त आबादी का पूरा हिस्सा हड़पना चाहते हैं। इतना ही नहीं विभिन्न न्यायालयों में फर्जी मुकदमा दायर कर पीड़ित व उसके परिवार को हैरान-परेशान कर रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि उसके बाबा द्वारा बनाया गया दो कमरे का मकान व पेड़ इन्होने दबंगई के बल पर कब्जा कर रखा है। पीड़ित व परिवार छप्पर डालकर किसी तरह जीवन यापन करता है। कुछ दिन पहले पुराना छप्पर गिर गया। जिसे विपक्षी उठाने से मना कर रहे हैं। ऐसे में पूरा परिवार व जानवर खुले आसमान के नीचे रह रहे हैं।

## धूमधाम से मनाया गया नव प्रवेश छात्र छात्राओं का प्रवेशोत्सव

**महरौनी।** शिक्षा निर्देशक बेसिक उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी ललितपुर के निर्देश के क्रम में 01 जुलाई 2024 को नव प्रवेश छात्र छात्राओं के विद्यालय आगमन पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वही जिलाधिकारी द्वारा आवंटित विद्यालय जिसमे कम्पोजिट विद्यालय डोंगराखुर्द, एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय मलैया पुरा महरौनी, कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय खिरियालटकंजू, कंपोजिट विद्यालय निवारी, प्राथमिक विद्यालय साढूमल-2, में खण्ड शिक्षा अधिकारी राजकुमार पुरोहित की गरिमामयी उपस्थिति में बच्चों का नव प्रवेश प्रवेशोत्सव कार्यक्रम जिसमे बच्चों को तिलक लगाकर,पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। जिलाधिकारी ललितपुर के निर्देश के क्रम में उपजिलाधिकारी महरौनी, तहसीलदार महरौनी, खण्ड विकास अधिकारी महरौनी, समस्त नामित एआरपी महरौनी ने अपने-अपने आवंटित विद्यालयों में उपस्थित रहकर नव प्रवेश छात्र छात्राओं का प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को हर्षोल्लास से मनाया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत पुरैनी, वि.खं. मोतीचक, जनपद-कुशीनगर

### निविदा आपूर्ति सूचना वर्ष 2024-25

ग्राम पंचायत **पुरैनी** विकास खण्ड **मोतीचक** द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना/SLWM/15 वां केन्द्रीय वित्त/पंचम राज्य वित्त/स्वच्छ भारत मिशन मिशन (ग्रामीण) निधि योजना एवं ग्राम पंचायत में समय समय पर अन्य योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा( इण्टरलाकिंग ईट, प्रथम श्रेणी ईट, सीमेन्ट, सादा बालू, मोरंग बालू, ईट की मिट्टी, पत्थर की गिट्टी, पेन्ट, ह्यूम पाइप, छड़ व बोर्ड, स्ट्रीट लाइट सोलर/स्ट्रीट लाइट/सफाई सामग्री, झाड़ू, बेल्चा, ठेला, पांचा, चुना, फिनायल, ब्लिचिंग, ई–रिक्शा, कचड़ा पात्र, प्लास्टिक बैंक, साइंस लैब, ई–रिक्शा, टायल्स, आरजीएसए और अंत्येष्टि स्थल एवं सम्बन्धित उपकरण हेतु एवं आवश्यकता अनुसार अन्य सामानों की आवश्यकता है। जिस हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी नियम एवं शर्तें निम्नवत् हैं:– (1) इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता द्वारा उक्त निविदा दिनांक 09.07.2024 को दिन के 10 से 12 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में डाली जाएगी एवं उसी दिन दिनांक 09.07.2024 को दिन के 01.00 बजे खोली जाएगी। (2) निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस तक मान्य होगी। एक बार प्रस्तुत की गयी बिड्स किसी भी दशा में बिडर्स द्वारा वापस नहीं ली जा सकती। (3) निविदादाता के पास विगत 03 वर्षों का आयकर विभाग द्वारा निर्गत आयकर रिटर्न की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। (4) निविदा को निविदा के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन एवं जी0एस0टी0 रिटर्न तथा आयकर अदेयता प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। (5) बिड्स के साथ दिये गये सभी प्रपत्र के सत्यता एवं सूचना के सम्बन्ध में शपथ 10 रू0 के नान ज्यूडिशीयल स्टैम्प पर मूल रूप में सचिव/प्रधान/ग्राम पंचायत को सम्बोधित करते हुए बिड्स की अन्तिम तिथि के पूर्व का होना चाहिए। (6) प्रत्येक बिड्स के साथ धरोहर धनराशि 5000.00 (पांच हजार रूपये मात्र), को संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो कि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0 या नकद के रूप में सचिव ग्राम पंचायत के पक्ष में, बन्धक होनी चाहिए तथा जिसकी वैधता निविदा/बिड्स की वैधता से 365 दिन अधिक होना चाहिए। (7) ऐसे राजपत्रित अभियन्ता/अधिकारी जिनका राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार की अनुमति नहीं दी जायेगी। यदि कोई सेवानिवृत्त अभियन्ता/अधिकारी/ग्राम पंचायत सचिव/रोजगार सेवक/तकनीकी सहायक/अन्य कार्मिक/ग्राम प्रधान/ सदस्य/जि0पं0सदस्य/क्षे0पं0स0/क्षेत्र पंचायत प्रमुख का सगा सम्बन्धी (ब्लड रिलेटिव) बिना सरकार की अनुमति के कार्य करते हुए पाये जायेगें, तो संज्ञान में आते ही उनकी निविदा तुरन्त निरस्त कर दी जायेगी। (8) अपराधिक रिकार्ड वाले निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। कोई भी निविदादाता जो स्टेट बार काउंसिल में पंजीकृत है, उन्हें निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी। (9) अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा, निविदा के किसी भी भाग अथवा सभी निविदादाओं के निरस्त करने का अधिकार होगा। इस सम्बन्ध में ठेकेदार का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा। (10) निविदा प्रपत्र के अनुसार शेष शर्तें निविदादाता को मान्य होगी। (11) जिस आपूर्ति का दर सबसे कम होगा उसे ही आपूर्ति हेतु स्वीकृत किया जाएगा। (12) सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में कार्यस्थल पर प्रस्तुत दर में ही करना होगा। (13) सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी एवं सामग्री की मात्रा घटाई एवं बढ़ाई जा सकती है। (14) निविदा फर्म दिनांक 08.07.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है, प्रपत्र का मूल्य 100.00 (एक सौ रूपये) है। निर्धारित प्रपत्र पर ही स्वीकार किया जाएगा। अन्य जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किया जा सकता है।

**ग्राम प्रधान- पूनम देवी**
ग्राम पंचायत-पुरैनी,
वि.खं. मोतीचक, कुशीनगर

**सचिव- रिजवाना रुही**
ग्राम पंचायत-पुरैनी,
वि.खं. मोतीचक, कुशीनगर

## कार्यालय ग्राम पंचायत- महुलानी वि.खं. खेसरहा, जनपद-सिद्धार्थनगर

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत महुलानी विकास खण्ड खेसरहा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13.06.2024 को 02:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत महुलानी के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत महुलानी के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत महुलानी कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत महुलानी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- श्रीमती कलिन्दी**
ग्रा.पं. महुलानी
वि.खं. खेसरहा, सिद्धार्थनगर

**सचिव- संदीप सिंह**
ग्रा.पं. महुलानी
वि.खं. खेसरहा, सिद्धार्थनगर

# डीएम ने संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखा किया रवाना

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जनपद मुख्यालय के डॉ0 भीमराव अम्बेडकर पार्क हमीरपुर से संचारी रोग नियंत्रण अभियान जुलाई 2024 के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।इस दौरान जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर संचारी रैली को रवाना किया। रैली में समस्त जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारीगण,शहरी क्षेत्र के आशा व आगनवाडी कार्यकत्रियों एवं कई विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग किया। यह रैली किंग रोड़ होते हुए कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी में समाप्त हुई। जहाँ पर रैली के प्रतिभागियों को संचारी शपथ का संकल्प दिलाया गया।वही उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि यह कार्यक्रम जनपद में 01 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक द्वितीय चरण संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक दस्तक अभियान एवं 01 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक डायरिया रोको अभियान चलाया जाना है। दस्तक अभियान में फ्रन्ट लाइन वर्करो (आशा/आंगनवाडी) द्वारा घर-घर जाकर विभिन्न बीमारियों यथा बुखार के रोगी,आई.एल.आई., संदिग्ध टी.बी., कुष्ठ,फाइलेरिया इत्यादि रोगी की पहचान करके एवं कुपोषित बच्चों की सूची तैयार करेगी तथा साथ-साथ शून्य से 05 वर्ष के बच्चों को सूचीबद्ध करके ओ.आर.एस. का पैकेट दिया जाएगा तथा डायरिया ग्रस्त बच्चो को ओ.आर.एस. एवं जिंक की गोलियां भी दी जाएगी। उद्घाटन समारोह में मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला ने सभी संबंधित विभागों द्वारा समय से चलायी जाने वाली गतिविधियों एवं कार्य दायित्व पर पारम्परिक समन्वय से कार्य करने हेतु अपील की गयी।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी गीतम सिंह, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ अरविन्द्र कुमार, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका हमीरपुर, सहायक आयुक्त खाद् सुरक्षा अधिकारी यूनीसेक डी.एम.सी. सरफराज खॉन, समस्त अपर एवं उप मुख्य चिकित्साधिकारी, अर्बन पी.एच.सी., एम.ओ.आई.सी., डी. एल.ओ., डी.टी.ओ., डीएम.ओ. सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी एवं मीडिया बन्धु उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शुरू हुआ पौधरोपण

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जनपद में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के आवाहन पर वन महोत्सव कार्यक्रम अन्तर्गत एक पेड़ माँ के नाम थीम पर पौधरोपण कलेक्ट्रेट परिसर हमीरपुर में राहुल पाण्डेय जिलाधिकारी हमीरपुर की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), अपर जिलाधिकारी नंमामि गंगे एव ए0के0 श्रीवास्तव, प्रभागीय वनाधिकारी हमीरपुर, आदर्श कुमार सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी, हमीरपुर डी0एन0 पाण्डेय, क्षेत्रीय वन अधिकारी, हमीरपुर व अन्य वन कर्मचारीगण पौधरोपण कार्यक्रम में सम्मिलित रहे। वन महोत्सव कार्यक्रम 01 जुलाई से 07 जुलाई तक मनाया जाता है जिसे पूरे जिले में एक सप्ताह तक पौधरोपण, निःषुल्क पौध वितरण, स्कूलो में निबन्ध, चित्रलेखा प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक का आयोजन पूरे जनपद के चौराहो पर आयोजन वन विभाग द्वारा किया जा रहा है। वर्ष 2024 में पूरे जनपद में वन विभाग द्वारा 36,74,200 पौधो का रोपण व अन्य विभागो द्वारा 36,27,040 पौध रोपण का लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया, जो पूरे जिले में कुल 73,01,240 वृक्षारोपण किया जाना प्रस्तावित है।

# स्कूल के पहले दिन डीएम नें फूल देकर बच्चों का किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** प्रदेश स्तर पर स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत जिले के परिषदीय विद्यालयों में छात्र/छात्राओं के स्वागत और नामांकन वृद्धि हेतु जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया गया जिसके अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय शीतलपुर, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा क0 प्रा0वि0, कुछेछा में आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित होकर छात्र/छात्राओं का स्वागत किया गया। जिलाधिकारी के प्राथमिक विद्यालय शीतलपुर पहुंचने पर विद्यालय की छात्राओं रश्मि, स्वाती, प्रीती आदि द्वारा कुमकुम रोली, टीका एवं पुष्प देकर स्वागत किया गया, इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक नागेन्द्र यादव एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा नव प्रवेशित छात्र एवं छात्राओं का रोली-कुमकुम द्वारा टीका, माल्यार्पण, बैग, कॉपी-पेंसिल, टिफिन बॉक्स एवं मिष्ठान बाँटकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को हस्तनिर्मित कार्ड दिए गये। जिलाधिकारी द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि छात्र-छात्राऐं प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थित होकर मनोयोग के साथ अध्ययन करें। सरस ज्ञान, सरल ज्ञान, अविरल ज्ञान की धारणा के साथ शिक्षक पूर्ण मनोयोग से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। अपर जिलाधिकारी नागेन्द्र यादव द्वारा अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की सराहना करते हुये बीज से वट वृक्ष तक के सफर में शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डाला। जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपड़ किया गया। विद्यालय परिवार की तरफ से जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पवित्र तुलसी का पौधा भेंट किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को शुभाषीश देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बच्चों से कविता-कहानी सुनी और बच्चों को पुरस्कृत भी किया। विद्यालयों में बच्चों के लिये मध्यान्ह भोजन में रूचिकर सब्जी-पूड़ी, खीर, हलवा आदि बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश शुक्ला एवं अभिषेक त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कमल, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शालू सिंह, स0अ0 रीनू गुप्ता, दीक्षा पटेल, सोनाली शुक्ला, श्वेता तिवारी सरोजनी आदि उपस्थित रही।

## तहसीलदार के चालक को ग्रामीणों ने पीटकर पुलिस को सौंपा

**भरुआ सुमेरपुर।** बीती रात तहसीलदार सदर के चालक को बालू के ओवरलोड ट्रकों से वसूली करते हुए ग्रामीणों ने पकड़कर जमकर पीटा और डायल 112 को बुलाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया चर्चा है कि चालक तहसीलदार की गाड़ी लेकर वसूली कर रहा था। गाड़ी से ग्रामीणो ने शराब की बोतलों के साथ अन्य आपत्तिजनक चीजें बरामद करके वीडियो बनाया है।

बीतीरात करीब 11:00 बजे टेढ़ा गांव के पचखुरा मोड के समीप तहसीलदार सदर का चालक उत्तर प्रदेश सरकार लिखी बोलेरो में बैठकर पैलानी की ओर से आने वाले ओवरलोड बालू लेकर आ रहे ट्रक चालकों से वसूली कर रहा था। शंका होने पर कुछ चालकों एवं ग्रामीणों ने सवाल जवाब शुरू कर दिए। इसके बाद चालक बोलेरो लेकर टेढ़ा के मेन बस स्टॉप पर आ गया। यहां पर दुकान में सो रहे एक दुकानदार के साथ मारपीट करके उसे गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया। दुकानदार के शोर मचाने पर कई ग्रामीण एकत्र हो गए और चालक को जमकर धुना और डायल 112 को बुलाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

# शान्त समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**किसी नयी परम्परा को ना अपनायें**

**बाँदा।** जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में अगामी मोहर्रम के त्यौहार को सकुशल एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि इस त्यौहार को शान्तिपूर्वक भाईचारे के साथ मनाये तथा किसी नई परम्परा की शुरूआत न करें और आपसी सौहार्द के साथ मनाये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि मोहर्रम का जुलूस व ताजिए जिन मार्गो से निकलता है, उन्ही मार्गो से निकल जाए, इन सभी मार्गो का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थायें संबंधित अधिकारी समय से दुरूस्त करायें। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका / नगर पंचायत को निर्देश दिये कि जनपद में साफ-सफाई व चूने के छिडकॉव की समुचित व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्युत के बिजली के जर्जर तारों की मरम्मत करने के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति करें तथा जल निगम द्वारा पेयजल की आपूर्ति एवं टैंकरों की व्यवस्था की जाए तथा अन्य आवश्यक सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित करायी जायें। उन्होंने केन नदी के किनारे ताजिया दफनाने हेतु सभी समुचित व्यवस्थाएं कराय जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कहा कि आगामी 17/18 जुलाई को मोहर्रम का त्यौहार मनाया जायेगा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि परम्परागत मार्ग ही ताजिये के जुलूस में अपनाये जायें किसी विवादित स्थान पर ताजिये न रखें और मिल जुल कर आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार को मनायें। जुलूस में किसी अस्त्र शस्त्र का प्रयोग न किया जाए। उन्होंने लोगों को नये भारत के नये कानून के अन्तर्गत लागू किये गये तीन कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इन कानूनों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने शान्ति समित में लोगों की समस्याओं को भी सुनते हुए समय से कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

## पीजी कॉलेज के विवाद मामले में प्राचार्य का चित्रकूट स्थानांतरण

**हमीरपुर।** परीक्षा को लेकर चल रहे कुछेछा डिग्री कॉलेज के विवाद मामले में प्राचार्य प्रो. शीराज खान का चित्रकूट स्थानांतरण कर दिया गया। कुछ दिन पहले छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी से शिकायत की थी। नए प्राचार्य की घोषणा फिलहाल नहीं की गई है। डिग्री कॉलेज के छात्र व छात्राओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कॉलेज में फैली अव्यवस्थाओं के बारे में शिकायत की थी और प्राचार्य को दोषी ठहराया था। इसके साथ ही छात्रों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी ऑनलाइन शिकायत कर अपनी समस्या बताई थी। इसके बाद कॉलेज में नकल करने का भी एक वीडियो प्रचलित हुआ था। जिसमें नकल होने की बात प्राचार्य द्वारा बताई गई थी और इस संबंध में केंद्र समन्वयक से स्पष्टीकरण भी मांगा गया था। कुछेछा डिग्री कॉलेज में चल रहा विवाद धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा। कुलपति तक यह मामला पहुंच गया था। डिग्री कॉलेज में चल रहे विवाद के बीच प्राचार्य प्रो.शीराज खान का स्थानांतरण चित्रकूट कर दिया गया है। जिसे इस विवाद पर कार्रवाई होने की बात कही जा रही है।

# हमीरपुर में हैवानियत, दो पारिवारिक बहनों के साथ दुष्कर्म

अवधनामा संवाददाता

**पीड़ित परिवार लगातार कोतवाली के काट रहा चक्कर**

**मौदहा हमीरपुर।** हमीरपुर में दो पारिवारिक बहनों से सामूहिक दुष्कर्म और उनके अश्लील वीडियो बना कर वायरल करने की धमकी देकर बारबार दुष्कर्म के मामले से हड़कंप मच गया है हालांकि कोतवाली पुलिस का कहना है कि इस मामले में सिर्फ फोन आ रहे हैं और पीड़ित परिवार नहीं आ रहा है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी दो माताओं ने अलग अलग शिकायती पत्र कोतवाली में देकर बताया कि गांव के आनन्द यादव पुत्र रंजीत यादव, दीपू पुत्र विजय यादव, लोकेंद्र पुत्र गया प्रसाद और जयचंद पुत्र विजय यादव बीते 26 जून को उसकी लड़की को देखकर अश्लीलता करने लगे जबकि दूसरी को उसी दिन पकड़ कर चक्की घर में खींचने का प्रयास किया।पीडित माताओं ने तहरीर में बताया कि दोनों बच्चियों के शोर मचाने और आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर चले गए।पीड़ितों ने बताया कि जब उन्होंने बच्चियों से वीडियो के बारे में पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि तो दोनों बच्चियों ने बताया कि जब काफी समय पहले उक्त लोगों ने सूना घर पाकर घर में घुसकर तमंचा लगाकर दुष्कर्म किया था और उसकी वीडियो बना ली थी जिसके बाद लगातार वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया है।इस मामले को लेकर पीड़ित परिवार लगातार कोतवाली के चक्कर लगा रहा है लेकिन अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है जबकि कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले को लेकर सिर्फ फोन आए हैं लेकिन अभी तक पीड़ित परिवार कोतवाली नहीं आया उन्हें कोतवाली आना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### बैठक मे नए कानूनों की जानकारी दी



**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे की कोतवाली मे एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे नए कानूनो के बारे मे जानकारी देकर लोगों को जागरूक करने का काम किया गया। सोमवार सुबह कस्बे की कोतवाली मे कस्बे सहित क्षेत्र के गडमान्य नागरिकों की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी ने की, इस दौरान भारतीय कानूनों मे हुए शांशोधन और कुछ आपराधों की धाराओं मे बदलाओ को लेकर आमजन को जागरूक करने का काम करते हुए उनकी विस्तार से जानकारी दी गई, इस दौरान कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज सहित कस्बे और क्षेत्र के गडमान्य नागरिक मौजूद रहे,

### सीएमएस का स्थानांतरण डॉ.अंजुला को जिम्मेदारी

**हमीरपुर।** स्थानांतरण की प्रक्रिया के बीच जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. फौजिया अंजुम का तबादला उन्नाव हो गया है । वही उनके स्थान पर महिला अस्पताल में तैनात वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. अंजुला गुप्ता को महिला अस्पताल का सीएमएस बनाया गया है। जुलाई 2020 में जिला महिला अस्पताल में आई सीएमएस डॉ. फौजिया अंजुम शुरू से ही विवादों के घेरे में बनी रही।महिला अस्पताल में तैनात महिला डॉक्टरो के साथ-साथ स्टाफ नर्स,वार्ड बॉय व और स्टाफ के लोगों से उनका विवाद होता रहा। इस बीच कई वीडियो भी अस्पताल के प्रचलित हुए। जिसमें रुपए के लेनदेन समेत अन्य कई मामलों की पोल खोलकर सामने आई। कई लोगों ने सीएमएस की शिकायत भी उच्च अधिकारियों से की थी। लेकिन चार वर्ष के लंबे समय के बाद उनका स्थानांतरण उन्नाव के लिए किया गया। महिला सीएमएस के स्थानांतरण के बाद लोगों ने राहत महसूस की है।

### दुकानदार की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

**हमीरपुर।** पड़ोसी की मारपीट से आहत दुकानदार द्वारा जहर निकालकर खुदकुशी करने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली के चुनकु डेरा मोहल्ला निवासी राजेश ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसके पिता अमर सिंह मोहल्ले में ही परचून की दुकान किया था। पड़ोस के बबलू निषाद ने दुकान जाकर गाली गलौज की जिस पर विवाद होने लगा और बबलू और उसका पुत्र सुमित, बबलू की पत्नी छाया, कामता व मनफूल सभी लोग दुकान पर आ गए और उन्होंने उसके पिता के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ने बताया कि बबलू व उसकी पत्नी समेत बेटे सुमित, कामता व मनफूल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## एनसीएल ने देश में सौर ऊर्जा की संभावनाओं पर आयोजित किया प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार की सिंगरौली स्थित मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड न केवल राष्ट्र की ऊर्जा जरूरतों में निरंतर सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है अपितु व्यावसायिक विविधीकरण और सतत विकास के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में कंपनी ने डेलोइट के साथ मिलकर सौर ऊर्जा के संबंध में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का एमडीआई, सिंगरौली में आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सीएमडी, एनसीएल बी. साईराम, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/ परियोजना व योजना) सुनील प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। बतौर विषय-विशेषज्ञ डेलोइट से श्री रजनीश शर्मा और प्रभात लखेरा ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस विशिष्ट प्रशिक्षण के दौरान अक्षय ऊर्जा व सौर ऊर्जा के लिए जरूरी नीतिगत परिवेश, नियमावलियों व इसके लिए मौजूद वैश्विक व भारतीय बाजार परिदृश्य पर व्यापक विमर्श हुआ।

# एएसपी ने नए कानून की आमजन को दी जानकारी



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज के सभागार कक्ष में थाना क्षेत्र के संभ्रान्त व्यक्तियों को सोमवार को लागू तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के विषयों में विस्तृत चर्चा कर जानकारी देते हुए जागरुक किया गया। वही एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह ने बताया कि नए कानून जो बनाए गए हैं आमजन के लिए बनाए गए हैं जिसमें काफी सहज व सरल तरीके से लोगों के बीच यह जानकारी उपलब्ध हो जिसके लिए जिले के सभी थाना चौकिया में गोष्ठी के माध्यम से नगर के संभ्रान्त व्यक्तियों को इस संबंध में जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय द्वारा थाना करमा पर व क्षेत्राधिकारी सदर संजीव कटियार द्वारा थाना पन्नूगंज पर मौजूद समस्त अधि0/कर्म0गणों व थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, शिक्षक, पत्रकार बंधु तथा संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ गोष्ठी कर तीन नये अधिनियमित कानून के विषयों में जानकारी दी गयी।

# एनटीपीसी-विंध्याचल द्वारा कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी गई भावभीनी विदाई

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना मैं दिनांक 30.06.2024 को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 10 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी इस प्रकार से हैं : - ब्रह्म देव झा, अपर महाप्रबंधक (ईएमजी), जनक कुमार, उप प्रबंधक (टीएमडी), अविनाश जोशी, अभियंता (सी×आई अनुरक्षण), विलियम केरकेट्टा, अभियंता (ईंधन प्रबंधन), माधव प्रसाद पाठक, अभियंता (प्रचालन), किशोरी लाल बारंगे, अभियंता (ईएमडी), रवीन्द्र यादव, अभियंता (ईएमडी), फबियानुस केरकेट्टा, अभियंता (प्रचालन), इनोसेंट एक्का, अभियंता (एमजीआर), उदित प्रसाद कुशवाहा, प्रचालक (स्टोर्स) एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान समारोह परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्री ई. सत्य फणि कुमार नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई. सत्य फणि कुमार नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी-विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी-विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को मुख्य परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं अन्य महाप्रबंधकगणों नें श्रीफल, शाल एवं स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया। साथ ही सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करते समय उनके परिजनों को आमंत्रित कर इस भावुक क्षण को उनके लिए यादगार बनाने का प्रयास किया गया।

# फार्मर रजिस्ट्री के लिए हर गाँव में लगेंगे शिविर

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** उप कृषि निदेशक बांदा श्री विजय कुमार ने बताया है कि जिले में आधार की तर्ज पर ही किसान कार्ड बनाया जाएगा। इसके लिए 08 जुलाई से सम्पूर्ण जनपद में किसान रजिस्ट्री की शुरूआत की जाएगी। किसान रजिस्ट्री में किसानो का नाम, पिता का नाम, मो0नं0, आधार सं0, सहमति का विवरण, राजस्व ग्राम का नाग, तहसील, जनपद, खसरा सं0 व गाटा सं0, क्षेत्रफल, अंश निर्धारण एवं पीएम किसान स्टेटस की सूचना संकलित की जाएगी। जनपद के प्रत्येक राजस्व गग्राम में लेखपाल एवं कृषि विभाग के तकनीकी सहायक, बीटीएम / एटीएम अथवा पंचायत सहायक की 02 सदस्यीय टीम द्वारा कैम्प आयोजित कर किसानों का डाटाबेस (फार्मर रजिस्ट्री) तैयार की जाएगी। इसी के आधार पर दिसम्बर से पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इस कार्य में कृषि तकनीकी सहायक, बीटीएम / एटीएम अथवा पंचायत सहायक द्वारा आधार, ई-केवाईसी एवं मो0सं0 का ओटीपी बेस्ड सत्यापन किया जाएगा तथा लेखपाल द्वारा वेब पोर्टल पर प्रदर्शित किसान के भू-लेख विवरण (खसरा एवं गाटा सं0, क्षेत्रफल, अंश निर्धारण) का सत्यापन किया जाएगा।

जनपद के सभी गामों में 08 जुलाई से 31 जुलाई के मध्य राजस्व ग्राम की आबादी एवं कार्मिकों की उपलब्धता के अनुसार 01-03 दिवसीय कैम्प आयोजित किये जाएगें। यह कैम्प ग्राम के सार्वजनिक स्थल यथा सम्भव पंचायत भवनों में आयोजित किये जाएगे। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण का कार्य जिलाधिकारी महोदय, बाँदा की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय समिति एवं उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित तहसील स्तरीय क्रियान्वयन / अनुश्रवण समिति द्वारा किया जाएगा।

कैम्पों के आयोजन के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी अपने सचिवों के माध्यम से ग्राम में मुनादी कराकर कृषकों को अवगत कराएगें कि ग्राम में आयोजित कैम्प में किसान भाई अपना मोबाइल फोन, आधार कार्ड एवं खतौनी लेकर उपस्थित हों। अभियान के अन्तर्गत जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं तैयार होगी, उन्हे व्यक्तिगंत रूप से जनसुविधा केन्द्र से स्वंय बनवाना पड़ेगा। पीएम किसान की अग्रिम किस्त बिना फार्मर रजिस्ट्री के नही मिलेगी।

# स्कूल चलो अभियान, स्वच्छता अभियान एवं विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली को डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

अवधनामा ब्यूरो



**बच्चों को रोजाना स्कूल भेजने, स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने व संचारी रोग नियंत्रण हेतु नगरवासियों को किया जाये प्रेरितः जिलाधिकारी**

**सोनभद्र।** स्कूल चलो अभियान, स्वच्छता अभियान एवं विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का जनपद स्तरीय शुभारंभ विकास खंड रॉबर्ट्सगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर से किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आयोजित कार्यक्रम में अभियान रैली को हरी दिखाकर रवाना किये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुरूप आज 1 जुलाई से स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ आदरणीय जिलाधिकारी महोदय द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय रावटसगंज के नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत से किया। विशेष संचारी रोग अभियान एवं स्कूल चलो रैली का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, इस मौके पर जिलाधिकारी ने स्कूल परिसर का निरीक्षण करते हुए विद्यालय में संचालित स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों को शिक्षित किए जाने वाली प्रविधियां की जानकारी ली साथ ही वृक्षारोपण का कार्य भी संपन्न किया। इस आयोजन में सभा को संबोधित करते हुए शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाव हेतु लोगो को जागरूक किया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के साथ स्कूल में बनें हलुआ का भी स्वाद को चखा, जिलाधिकारी को अपने बीच देख बच्चे भी काफी प्रसन्न भाव में दिखें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा संचारी रोगों से बचाव संबंधित विधियों से लोगो को परिचित करते हुए पूरे जुलाई माह में इस अभियान को संचालित करने से संबंधित अपने विचार प्रकट किये। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा नगर में नालियों की साफ-सफाई, एन्टीलार्वा का छिड़काव, झाड़ियों की सफाई, फागिंग कराने के साथ ही स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम किया गया।

# नगर पालिका नगर पंचायत 26 समस्याओं का निस्तारण

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में सोमवार को जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 5, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 3, नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबरा में 3, नगर पंचायत रेनुकूट में 2, नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 3. समस्त निकायों को मिलाकर कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी/नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है।इस दौरान जेई मनीष कुमार, सन्त कुमार, बिमलेश, आकाश,अजित कुमार, सुजीत कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अवधनामा के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

### ओम सांई ब्रिक फील्ड

बारात फारिक सिराथू कौशांबी



ISI मार्का

**राजकुमार जायसवाल**

प्रोपराइटर

## अवधनामा के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

### सिग्मा डायग्नोस्टिक सेंटर

निकट एचपी पेट्रोल पंप संगम हीरो एजेंसी के पास ओसा रोड मंझनपुर कौशांबी



**डा. इकरार अहमद**

एम.बी.बी.एस.एम.डी.

प्रबंधक

## अवधनामा के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

### लवकुश हॉस्पिटल एंड अल्ट्रासाउंड सेंटर

जिला अस्पताल के बगल ओसा रोड मंझनपुर कौशांबी



**लवकुश मौर्य**

प्रबंधक

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सिराथू।

## अवधनामा के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

### मां शान्ति ब्रिक फील्ड

मलकिया दुवरा सिराथू कौशांबी



CLC मार्का

**मुकेश कुमार चौरसिया**

प्रोपराइटर

## अवधनामा के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

### VIP चाइनीज रेस्टोरेंट

MV स्कूल के सामने करारी रोड ओसा चौराहा मंझनपुर कौशांबी



होम डिलेवरी 5 किलोमीटर फ्री

**दीपू तिवारी**

प्रोपराइटर

## अवधनामा के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

### माता प्रसाद इण्टर कॉलेज

टिकरा मवई सरसवां कौशांबी





**अजय श्रीवास्तव**

संस्थापक